संस्करण
दिल्ली से प्रकाशित
Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 229
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
बुधवार
02 मार्च 2022
मूल्य : 1.50/-

मुख्य अपडेट
पेज 2 यूक्रेन से नौ हजार से ज्यादा भारतीय नागरिकों को सकुशल निकाला गया, भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता
पेज 3 केजरीवाल सरकार ने दी मंजूरी , किसान आंदोलन के दौरान दिल्ली में दर्ज हुए 17 केस होंगे वापस
पेज 5 शासन की योजनाओं में डकैती डालती थी सपा-बसपा सरकारें,पिछली सरकारें गरीबों का राशन तक हड़प जाती थी

# यूक्रेन में भारतीय छात्र की मौत

## खार्किव में राशन लेने गए भारतीय छात्र की बमबारी से मौत; दोस्तों ने कहा- रूसी सेना ने गोली मारी

एजेंसी

कीव। यूक्रेन पर रूस के हमले के छठवें दिन खार्किव शहर में एक भारतीय छात्र नवीन कुमार की मौत हो गई है। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने सोशल मीडिया पर कहा– हमें यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि खार्किव में बमबारी की वजह से एक भारतीय छात्र की जान चली गई है। हम उसके परिवार के संपर्क में हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्र के पिता से बात कर दुख जताया है।

जानकारी के मुताबिक, मृतक छात्र नवीन कर्नाटक का रहने वाला था। उसकी उम्र 21 साल थी और वह खाना लेने के लिए बाहर निकला था। वह



खार्किव नेशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी में फोर्थ ईयर का छात्र था। छात्र की जिंदगी छीनने वाली इस घटना के बारे में तफसील से जानने से पहले आप भारतीय नागरिकों की हिफाजत पर अपनी राय यहां दे सकते हैं..

नवीन के साथ होस्टल में रहने वाले श्रीधरन गोपालकृष्णन ने बताया– यूक्रेन के समय के मुताबिक, सुबह 10.30 बजे नवीन राशन की दुकान के सामने लाइन में लगा था। उसी समय रूसी सेना ने लोगों पर फायरिंग शुरू कर दी। हमारे पास उसकी बॉडी के बारे में कोई जानकारी नहीं है। हम में से किसी को अस्पताल जाने की इजाजत भी नहीं दी गई है, ताकि हम पता लगा सकें कि उसकी बॉडी कहां रखी गई है।

### भारतीय छात्रों को बाहर निकालने के प्रयास जारी

बागची ने कहा– यूक्रेन में भारतीय नागरिकों को बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला रूस और यूक्रेन के एम्बेसेडर्स के संपर्क में हैं। नागरिकों की तत्काल और सुरक्षित वापसी हमारी प्राथमिकता है। यही कार्रवाई रूस और यूक्रेन में हमारे राजदूत कर रहे हैं।

### यूक्रेन में रूसी सेना के हमले तेज

इधर, रूस ने कीव, खार्किव और चेर्निहाइव में आर्टिलरी (तोपों) से हमले तेज कर दिए हैं। यूक्रेन में मौजूद इंडियन एम्बेसी ने सभी भारतीय नागरिकों को फौरन कीव छोड़ने को कहा है। एम्बेसी की तरफ से जारी इमरजेंसी एडवाइजरी में कहा गया– भारतीय जिस हाल में हैं, उसी स्थिति में तुरंत शहर से बाहर निकल जाएं।

नवीन की मौत की पुष्टि कर्नाटक के मुख्यमंत्री कार्यालय ने भी कर दी है। राज्य के सीएम एसआर बोम्मई ने नवीन के पिता से खुद बातचीत की है। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा है कि नवीन का पार्थिव शरीर लाने के लिए सरकार हर संभव प्रयास करेगी। सीएम ने कहा कि इस मामले में विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से बातचीत की जा रही है।

### राहुल गांधी ने जताया दुख

**भारतीय छात्र की मौत पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दुख जताया है। उन्होंने मृत छात्र के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही भारत सरकार से छात्रों को जल्द और सुरक्षित लाने की अपील की है।**



## भारतीय छात्र नवीन की मृत्यु के लिए सरकार जिम्मेदार : कांग्रेस



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने यूक्रेन में भारतीय छात्र नवीन की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसके लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उसने समय पर देश के नागरिकों को निकालने में कोताही बरती है।

कांग्रेस प्रवक्ता डॉ रागिनी नायक ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नवीन की मृत्यु के लिए भारत सरकार जिम्मेदार है। उसने समय पर कदम उठाया होता तो देश को एक होनहार छात्र को खोना नहीं पड़ता। उन्होंने कुछ छात्राओं को अगवा किए जाने की खबरों पर भी गहरी चिंता व्यक्त की है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी नवीन की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार को यूक्रेन से भारतीय छात्रों को लाने के लिए ठोस रणनीति बनानी चाहिए और इस योजना की जानकारी छात्रों तथा उनके परिजनों के साथ साझा भी करनी चाहिए। गांधी ने ट्वीट कर कहा एक भारतीय छात्र नवीन की यूक्रेन में मृत्यु की दुखद खबर मिली। मेरी उनके परिवार के सदस्यों और दोस्तों के प्रति हार्दिक संवेदना।

मैं फिर कहता हूं कि भारत सरकार को फंसे छात्रों की सुरक्षित आपसी के लिए रणनीतिक योजना के तहत काम करने की आवश्यकता है।

इस काम के लिए हर मिनट कीमती है। वाड्रा ने कहा यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्र नवीन की मृत्यु की खबर बहुत ही दुखदाई है।

उनके परिजनों के प्रति मेरी गहरी शोक संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस दुख की घड़ी में साहस दें।

## यूरोपीय संसद ने यूक्रेन को यूरोपीय संघ ज्वॉइन करने की मंजूरी दी

ब्रसेल्स। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की द्वारा यूरोपीय संघ में शामिल होने का अनुरोध करने के बाद यूरोपीय संसद ने आवेदन को मंजूरी दे दी है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को यूक्रेन को यूरीपीय संघ में शामिल करने के लिए आवेदन किया था।

अब यूक्रेन को यूरोपीय संघ में शामिल करने के लिए यूरोपीय संसद में एक विशेष प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई है। यूक्रेन को यूरोपीय संघ में शामिल



करने के प्रस्ताव पर संसद में वोटिंग होगी। इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को यूरोपीय संसद को संबोधित करते हुए कहा कि यूक्रेन यूरोप का समान सदस्य बनने के लिए भी लड़ रहा है। उन्होंने यूरोपीय संघ की संसद को संबोधित करते हुए कहा, हम यूरोप का समान सदस्य बनने के लिए भी लड़ रहे हैं।

जेलेंस्की ने कहा, 'मेरा मानना है कि आज हम हर किसी को दिखा रहे हैं कि हम क्या हैं... हमने साबित कर दिया है कि कम से कम, हम आपके जैसे ही हैं। उन्होंने सोमवार को कहा था कि कीव ढील देने के लिए तैयार नहीं है जब एक पक्ष दूसरे को रॉकेट तथा हथियारों से निशाना बना रहा हो।

गौरतलब है कि यूक्रेन पर रूस ने 24 फरवरी को हमला कर दिया और इस पूर्वी यूरोपीय देश में भारी तबाही मची है।

### खुले में मीट बेचने पर लगाई जाए रोक, त्रिपुरा हाई कोर्ट ने दिए निर्देश

अगरतला। त्रिपुरा हाई कोर्ट ने अगरतला म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन से कहा है कि सार्वजनिक स्थानों और गलियों में मीट की ओपल सेल पर रोक लगाई जाए। कोर्ट ने कहा है कि स्लॉटर हाउस को लेकर राज्य एक विस्तृत योजना तैयार करें। चीफ जस्टिस इंद्रजीत महंती की अध्यक्षता वाली हाई कोर्ट की डिविजन बेंच ने एएमसी को निर्देश देते हुए कहा कि छह महीने के अंदर इसका पालन किया जाए।

### उद्घाटन



राष्ट्रपति, श्री राम नाथ कोविंद नई दिल्ली में, प्रधानमंत्री की उपस्थिति में, राष्ट्रपति संपदा में 'आरोग्य वनम' का उद्घाटन करते हुए।

### नवाब मलिक पर ईडी का शिकंजा

## मुंबई में ढूंढ निकाला 200 करोड़ का प्लॉट

मुंबई। महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक पर ईडी ने तेजी से शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अब एजेंसी को यह भी पता चला है कि बांद्रा-कुरला में उनके परिवार का एक प्लॉट भी है जिसकी कीमत लगभग 200 करोड़ रुपये है। सूत्रों के मुताबिक मलिक के बेटे फराज की टचवुड रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिडेट में 25 फीसदी की हिस्सेदारी है और यह प्लाट उसी से संबंधित है।

ईडी ने पता लगाया है कि यह प्लॉट साल 2006 में खरीदा गया था और तीन बार में इसका भुगतान किया गया था। एजेंसी अब ट्रांजैक्शन से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है। इसके अलावा टचवुड रियल एस्टेट कंपनी की बैलेंस शीट की स्क्रुटनी से यह भी पता चला है कि उसने असोसिएट ग्रुप ऑफ कंपनीज के साथ 12.7 करोड़ रुपये का लेनदेन किया। एजेंसी असोसिएट ग्रुप की भी जांच कर रही है।

महाराष्ट्र के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री को सोमवार को ईडी ने हिरासत में लिया था। उनपर 1993 मुंबई ब्लास्ट के मास्टरमाइंड दाऊद इब्राहिम के साथ लेनदेन करने का आरोप है। इसके अलावा आरोप है कि उनका डी कंपनी से संबंध है। एजेंसी द्वारा पता लगाई गई मलिक परिवार की यह दूसरी हाई लेवल प्रॉपर्टी है। पिछले सप्ताह मलिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### युवा कांग्रेस का विदेश मंत्री के आवास के बाहर प्रदर्शन

नई दिल्ली। युवा कांग्रेस ने यूक्रेन में फंसे भारतीयों को लाने की मांग को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर के आवास के बाहर मंगलवार को प्रदर्शन किया और कहा कि युद्ध क्षेत्र में फंसे लोगों को उनके हाल पर नहीं छोड़ा जा सकता है इसलिए सरकार को सुनियोजित प्रयास कर सभी को वापस लाना चाहिए। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता जैसे ही विदेश मंत्री के तुगलक मार्ग स्थित आवास के नजदीक पहुंचे तो पुलिस ने भारी बैरिकेड लगाकर उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस बीच कुछ कार्यकर्ताओं ने बेरिकेट पार करने के लिए जबरदस्ती की तो पुलिस उन्हें अपने साथ गाड़ी पर बिठा कर थाने ले गई लेकिन बाद में सभी सभी कार्यकर्ताओं को छोड़ दिया। श्रीनिवास बीवी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पांच दिनों से मोदी सरकार यूक्रेन में फंसे हज़ारों बच्चों को यहाँ से वहाँ भगा रही है और फंसे छात्रों पर ज्यादती की जा रही है।

## चुनाव में खलल डालने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

### 30 कंपनी पैरामिलिट्री के हवाले रहेंगे बूथ, 40 हजार पुलिसकर्मी चुनाव में तैनात,30000 संदिग्धों को रेडकार्ड तो 50 हजार पाबंद

एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर में विधानसभा चुनाव 2022 को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने मंगलवार को पूरी तैयारी कर ली। डीएम विजय किरण आनंद व एसएसपी विपिन टांडा ने मंगलवार को सभी तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए दोनों अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है। अधिकारियों ने कहा कि मतदान केंद्रों पर पैरामिलिट्री फोर्स रहेगी और चुनाव में खलल डालने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखी जा रही है।



### 30 हजार को रेड कार्ड, 50 हजार पाबंद

एसएसपी ने बताया कि चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए एक महीने में 30 हजार संदिग्ध व्यक्तियों को रेड कार्ड जारी किया गया है। जबकि 50,000 से अधिक संदिग्धों को 107, 116 के अंतर्गत पाबंद कर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

अधिकारियों ने कर्मचारियों से कहा कि चुनाव ड्यूटी एक अतिमहत्वपूर्ण ड्यूटी है। इसमे किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी पुलिसकर्मी गरिमा बनाए रखते हुए पूर्ण सतर्कता बरतते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

साथ ही संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि मंगलवार की शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार बन्द हो जाएगा। सभी थाना प्रभारियों को बताया गया कि 6 बजे के बाद बाहर से प्रचार के लिए आए व्यक्तियों को भी जनपद से जाना होगा। इसको देखते हुए आचार संहिता के उल्लंघन से सम्बन्धित किसी भी अनैतिक कार्य जैसे-बिना अनुमति चुनावी जनसभा, रोड शो/रैली, किसी प्रत्याशी/व्यक्ति द्वारा पैसों/अवैध शराब आदि का वितरण करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करें।

### 130 कंपनी पैरामिलिट्री के हवाले रहेंगे बूथ

एसएसपी ने बताया कि जनपद के 4126 बूथों पर 130 कंपनी पैरामिलिट्री बीएसएफ आईबीटीटी व पीएसी के जवान तैनात रहेंगे। वहीं करीब 40 हजार पुलिसकर्मी भी चुनाव की जिम्मेदारी में लगाए गए हैं। बताया कि 1 महीने के अंदर 7000 लीटर कच्ची शराब, 30000 कुंटल लहन जिसकी कीमत 20 लाख से अधिक है नष्ट किया गया है। दो शराब तस्करों के पर गैंगेस्टर की कार्रवाई कर सवा करोड़ की संपत्ति जब्त की गई है। अवैध शराब के धंधे में लिप्त कारोबारी का हिस्ट्रीशीट खोलकर गुंडा एक्ट की कार्रवाई भी की गई है।

## यूक्रेन में नहीं थमी जंग तो पानीपत के इस उद्योग पर पड़ेगा असर, 4500 करोड़ का कारोबार फंसा

एजेंसी

करनाल। रूस और यूक्रेन के बीच जंग का असर भारत पर भी पड़ सकता है। भारत में कई सौ करोड़ के कारोबार पर युद्ध का सीधा असर पड़ सकता है। इनमें में सबसे ज्यादा मार देश के हथकरघा और कपड़ा उद्योग हब पानीपत को भारी नुकसान होगा। क्योंकि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध ने यूरोपीय देशों में आयात और निर्यात को प्रभावित किया है। उद्योगपतियों का कहना है कि पिछले हफ्ते युद्ध शुरू होने के तुरंत बात भारत और विदेशों में हथकरघा की मांग में अचानक गिरावट आई है।

पानीपत में उद्योगों के मालिक ने दावा किया है कि उनके पास कई यूरोपीय देशों और रूस से लगभग 4500 करोड़ रुपए के ऑर्डर हैं, अगर अगले कुछ दिनों तक लड़ाई जारी तो उसका सीधा असर उनके व्यापार पर पड़ेगा। पानीपत के डाईज एंड केमिकल ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव



मनचंदा ने कहा युद्ध का असर आयात पर पहले से ही देखा जा सकता है क्योंकि जर्मनी और तुर्की से आयात होने वाले कच्चे माल (डाई केमिकल्स) की कीमतों में पहले ही 10 से 35 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा चुकी है।

उन्होंने आगे कहा कि युद्ध के लंबे समय तक चलने के असर पड़ेंगे और कीमतें और बढ़ सकती है। उन्होंने सरकार से शिपमेंट शुल्क और आयात शुल्क में कुछ राहत देने की मांग की है। वहीं, पानीपत इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रीतम सिंह सचदेवा ने कहा, हम युद्धे के साइकोलॉजिकल प्रभाव को देख सकते हैं। चूंकि यूरोप भारतीय हथकरघा का सबसे बड़ा बाजार है, खासकर पानीपत में बने घरेलू सामानों की वहां अच्छी मांग है। उन्होंने कहा कि अधिकांश यूरोपीय देश प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूस से इस लड़ाई से जुड़े हुए हैं। इससे निश्चित रूप से पानीपत में हमारे उद्योग प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रोडक्शन पहले से ही प्रभावित था लेकिन उद्योगपतियों को कुछ दिन और इंतजार करना होगा और अगर एक महीने तक यही स्थिति बनी रही तो उत्पादन बंद कर दिया जाएगा।

ड्रीम कलेक्शंस पानीपत के मनीष गर्ग ने कहा हां, औद्योगिक गतिविधियां कुछ हद तक पहले ही प्रभावित हो चुकी है। कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि निश्चित रूप से व्यापार को प्रभावित करेगी क्योंकि उद्योगपतियों के लिए पुरानी कीमत पर लंबित ऑर्डर देना मुश्किल होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस युद्ध का सबसे ज्यादा असर कच्चे तेल पर पड़ेगा और इससे व्यापार और परिवहन प्रभावित होगा।

### यूक्रेन की स्थिति पर पीएम मोदी ने की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन की स्थिति को लेकर मंगलवार को नयी दिल्ली में फिर उच्च स्तरीय बैठक की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि बैठक में यूक्रेन में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए चलाए जा रहे अभियान की विशेष रूप से समीक्षा की गयी। प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन पर रूस की सैन्य कार्रवाई के बाद से वहां फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने के अभियान की खुद निरंतर निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री सर्वश्री हरदीप पुरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, किरन रिजिजू और जनरल वीके सिंह को यूक्रेन के पड़ोसी देशों के अलग-अलग जाकर भारतीयों नागरिकों को यूक्रेन से निकालने के अभियान का समन्वय करने और विद्यार्थियों की मदद करने को कहा है। प्रधानमंत्री मोदी पिछले कई दिन से इस तरह की उच्च स्तरीय बैठकों का आयोजन कर रहे हैं, मंगलवार की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर और विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंघला भी उपस्थित थे।

### रिपोर्ट

### जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के पैनल की रिपोर्ट

## ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन घटने के बजाय 14 फीसदी और बढ़ गया

एजेंसी

नई दिल्ली। जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के वर्किंग ग्रुप की चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। इससे पता चला है कि जलवायु परिवर्तन के मानकों को हासिल करना तो दूर रहा, वातावरण को तबाह करने वाली गैसों के उत्सर्जन में 14त्न बढ़ोतरी होने जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदूषण के लिए सबसे बड़े जिम्मेदार माने जाने वाले देश भी खुद को तबाह करने पर तुले हैं और कम से कम आधी मानवता खतरे की जद में आ चुकी है। रिपोर्ट 67 देशों के 270 वैज्ञानिकों ने तैयार की है और 195 देशों की सरकारों ने इसे मंजूरी दी है। रिपोर्ट सोमवार को जारी की गई।

जलवायु परिवर्तन के खतरों के बारे में इसे अब तक की सबसे भयावह तस्वीर पेश करने वाली रिपोर्ट बताया गया है। इसमें निष्कर्ष निकाला गया है कि जलवायु परिवर्तन के नुकसान इंसानों, जानवरों, प्लांट्स और पूरी पारिस्थितिकी को इस कदर प्रभावित कर रहे हैं कि उन्हें वापस बहाल करना संभव नहीं रह गया है। ऐसे में ग्रीन हाउस गैसों को कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने के लिए सभी देशों, विशेषकर प्रदूषण के प्रमुख पावर हाउस माने जाने वालों को ठोस कदम उठाने होंगे।



### 7 साल में एक बार आकलन रिपोर्ट

जलवायु परिवर्तन की समीक्षा करते हुए संयुक्त राष्ट्र का वर्किंग ग्रुप हर 7 साल बाद अपनी आकलन रिपोर्ट पेश करता है। फरवरी 2015 के 41वें सत्र में यह तय किया गया था कि जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते के प्रभावों को शामिल करते हुए नई आकलन रिपोर्ट 2022 में पेश की जाएगी। दुनिया को 2030 तक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में 45 प्रतिशत कटौती करनी थी। जीरो एमिशन 2050 तक हासिल करने का लक्ष्य है।

### दो बातों पर जोर

कोयला और अन्य जैव ईंधनों वाली परियोजनाओं की फंडिंग रोक चुके जी-20 देशों को अब घरेलू कोयला प्रोजेक्ट्स को रोकना होगा।

कोयला आधारित तमाम परियोजनाओं की प्राइवेट सेक्टर से हो रही फंडिंग पर भी अंकुश लगाया जाए। इससे प्रदूषण की रफ्तार कम होगी।

## शार्ट न्यूज

### मणिपुर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 84.45 फीसदी मतदान हुआ

**इम्फाल।** मणिपुर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में सोमवार को 85.45 फीसदी मतदान हुआ। राज्य चुनाव अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि पश्चिमी इम्फाल में सबसे अधिक 90.13 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इसके बाद विष्णुपुर में 88.70 फीसदी, पूर्वी इम्फाल में 84.25 फीसदी, कंगकोपकी में 83.38 और चुराचांदपुर में 77.38 फीसदी मतदान हुआ। राज्य में प्रथम चरण के लिए 38 सीटों पर मतदान प्रक्रिया खत्म होने के साथ ही अब 05 मार्च को दूसरे चरण का मतदान होगा। चुनाव अधिकारियों ने कहा है कि ईवीएम मशीनें स्ट्रॉन्ग रूम में रखी गई हैं और त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था कर मशानों पर निगरानी रखी जा रही है। मतदान कर्मियों और सेक्टर अधिकारियों के मोबाइल फोन में एम्बेडेड ई-ट्रैकर ऐप की मदद से ईवीएम पर नजर रखी गई है। इसके अलावा, मतदान कर्मियों द्वारा ई-एटलस ऐप का भी इस्तेमाल किया गया है, जिससे किसी मतदान केंद्र में हुई घटना या ईवीएम में कोई खराबी होने के बारे में उन्हें सूचित करता है। उल्लेखनीय है कि अधिकांश मतदान केंद्रों पर नियंत्रण कक्ष में वेबकास्टिंग के माध्यम से मतदान केन्द्रों पर निगरानी की गई।मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश अग्रवाल ने कहा है कि कुछ मतदान केंद्रों में चुनाव संबंधी छिटपुट घटनाएं हुई हैं, जिन पर उचित कार्रवाई की गई है। इन सभी के अलावा, पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव आयोग ने विशेष पर्यवेक्षकों सहित नियुक्त कुल 32 पर्यवेक्षकों ने सैकड़ों मतदान केंद्रों पर पूरे दिन जारी मतदान की बारीकि से निगरानी की।

### अहमदाबाद-पटना क्लोन स्पेशल ट्रेन दो दिन निरस्त

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद-पटना क्लोन स्पेशल ट्रेन दो और नौ मार्च को निरस्त रहेगी मंडल की ओर से यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग, नैनी-प्रयागराज छिवकी के बीच तीसरी लाइन के निर्माण हेतु नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण अहमदाबाद-पटना साप्ताहिक क्लोन स्पेशल ट्रेन निरस्त रहेगी। जिसका विवरण इस प्रकार है। दिनांक दो एवं नौ मार्च की ट्रेन संख्या 09447 अहमदाबाद-पटना क्लोन स्पेशल ट्रेन निरस्त रहेगी। इसी तरह दिनांक चार और 11 मार्च की ट्रेन संख्या 09448 पटना-अहमदाबाद क्लोन स्पेशल ट्रेन निरस्त रहेगी।

### सड़क हादसे में लगी भीषण आग, दो की मौत

सूरत। गुजरात में सूरत जिले के पलसाणा क्षेत्र में एक सड़क हादसे में दो वाहनों में भीषण आग लग गयी जिसमें झुलस जाने से दो लोगों की मंगलवार को मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर बलेश्वर गांव के निकट आज तड़के एक ट्रक और कार में तड़के भिड़ंत हो जाने से दोनों वाहनों में आग लग गयी। हादसे में कार सवार दो लोगों की आग में झुलस जाने से मौके पर ही मौत हो गयी जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मृतकों की पहचान चलथाण निवासी सोनुकुमार सरोज (24) और उसका मित्र सतीशभाई उर्फ सतीयो बा. नायक (22) के रूप में की गयी है। अग्निशमन विभाग के कर्मी ने बताया कि सड़क हादसे में वाहनों में लगी आग की सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियों के साथ दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस दौरान कार सवार दो लोगों की आग में झुलस जाने से मौत हो गयी। पुलिस ने मामला दर्ज करके आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नैनीताल : अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**नैनीताल।** उत्तराखंड में हल्द्वानी के बरहैनी के जंगल से नैनीताल पुलिस ने अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर दो लोगों को गिरफ्तार किया और एक आरोपी फरार हो गया है। हल्द्वानी के पुलिस अधीक्षक (अपराध) जगदीश चंद्र की ओर से मंगलवार को इस मामले का खुलासा करते बताया गया कि कालाढूंगी पुलिस की ओर से वन विभाग की टीम के साथ बरहैनी के जंगल में अवैध कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान टीम को घने जंगलों के बीच धुआं उठता दिखायी दिया। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी तो मौक पर पाया कि कुछ लोग अवैध हथियार बनाने का काम कर रहे थे। पुलिस ने उनमें से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में गुरमीत सिंह पुत्र दर्शन सिंह और अमरजीत सिंह पुत्र सतपाल निवासी खुशालपुर सकनिया, थाना गदरपुर, उधमसिंह नगर शामिल हैं। तीसरा आरोपी राजेन्द्र उर्फ राजू पुत्र दर्शन सिंह निवासी खुशालपुर, सकनिया, थाना गदरपुर फरार बताया जा रहा है। आरोपियों ने बताया कि वह लंबे समय से अवैध हथियार बनाने का काम कर रहे हैं और इस अवैध धंधे से ही अपना पेट पाल रहे हैं। आज भी वह हथियारों को बेचने के लिये आसपास के क्षेत्र में जा रहे थे। पुलिस ने मौके से अवैध हथियार बनाने के काम आने वाले कई हथियार और अर्द्ध निर्मित तमंचा भी बरामद किये हैं। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लायी जा रही है।

### नैनीताल : सास और पत्नी का गला रेतने वाले हत्यारोपी का शव मिला रेलवे ट्रैक से

**नैनीताल।** उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जनपद के जसपुर में पत्नी और सास की गला रेत कर हत्या करने वाले आरोपी का मंगलवार को रेलवे ट्रैक से शव बरामद हुआ है। पुलिस का मानना है कि आरोपी ने आत्महत्या की है। काशीपुर के पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि 27 फरवरी को जसपुर के नत्था सिंह मोहल्ला में एक घर में दो महिलाओं जयंती देवी और निशु के शव बरामद हुए थे। दोनों की गला रेत कर हत्या की गयी थी। हत्या का आरोप निशु के पति सोनू पर लगा था। सोनू मौके से फरार हो गया था। हत्या अवैध संबंध के कारण हुए विवाद के चलते की गयी थी। बताया जाता है कि सोनू के अवैध संबंध थे और उसकी पत्नी इसका विरोध करती थी। इसीलिये घर में विवाद रहता था। पुलिस ने दोनों के शव कब्जे में लेने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। सिंह ने बताया कि गाजियाबाद की कविनगर पुलिस की ओर से आज जसपुर पुलिस से सम्पर्क किया गया और आरोपी की तस्दीक की गयी। बताया गया कि आरोपी का शव गाजियाबाद के कविनगर से रेलवे ट्रैक से बरामद हुआ है।

### भागलपुर में दुकानदार की हत्या, कुत्ता खरीदने के विवाद में सीने में मार दी गोली

भागलपुर। भागलपुर जिले के नवगछिया के गोपालपुर थाना अन्तर्गत हरनाथचक में बदमाशों ने गोली मारकर दुकानदार मनोरंजन कुमार की हत्या कर दी। घटना मंगलवार दोपहर की है। कुत्ता खरीदने के विवाद में हत्या करने की बात कही जा रही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मृतक के पिता सियाराम मंडल ने बताया कि मंगलवार की सुबह भवानीपुर निवासी विकास कुमार कुत्ता खरीदने दुकान पर आया था। दुकान में कुत्ता नहीं था। मनोरंजन ने कहा कि बाद में आकर कुत्ता ले जाना। इस पर परिणाम भुगतने की धमकी देते हुए विकास चला गया। कुछ देर बाद आकर उसने मनोरंजन के सीने में गोली मार दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

### जम्मू-कश्मीर-अस्पताल में विस्फोट, 10 घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के एक अस्पताल में मंगलवार को गैस लीक होने की वजह से हुए विस्फोट में कम से कम 10 लोग घायल हो गए, जिनमें से दो बच्चे हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अनंतनाग जिले में स्थित मैटर्निटी एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल में यह विस्फोट हुआ। एक अधिकारी ने कहा विस्फोट गैस लीक होने की वजह से हुआ है। घायलों में अस्पताल के कर्मचारी, परिचारक और बच्चे शामिल हैं। ये सभी जलने से जख्मी हुए हैं और इनका इलाज अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है।

# यूक्रेन से नौ हजार से ज्यादा भारतीय नागरिकों को सकुशल निकाला गया

## भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने युद्धग्रस्त यूक्रेन से अब तक नौ हजार से अधिक भारतीयों को देश के बाहर निकाल लिया है जबकि पूर्वी यूक्रेन में खारकीव एवं अन्य शहरों में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए यूक्रेन की सीमा के समीप रूसी शहर बेल्गोरोद में अपने राजनयिकों की एक टीम को तैनात कर दिया है।



सूत्रों के अनुसार खारकीव में आज सुबह गोलीबारी में एक छात्र की मौत के बाद सरकार ने रूस एवं यूक्रेन के राजदूतों से पुनः आग्रह किया है कि वे पूर्वी यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों की सुरक्षित निकासी के लिए सहायता करें।

सूत्रों ने कहा कि खारकीव में बिगड़ती स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

हमने रूस एवं यूक्रेन के दूतावासों पर इस बात का दबाव डाला गया है कि कि वे खारकीव एवं युद्धग्रस्त क्षेत्र के अन्य शहरों में फंसे भारतीय नागरिकों एवं छात्रों को सुरक्षित निकलने दिया जाये। सूत्रों के अनुसार 24 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से रूस एवं यूक्रेन से बार बार यह मांग की है। ये मांग नयी दिल्ली में दोनों देशों के राजदूतों से और उन देशों की राजधानियों में तैनात भारतीय राजदूतों के माध्यम से वहां की सरकार से की गयी है।

सूत्रों ने बताया कि भारत की ओर से छात्रों की सुरक्षित निकासी की तैयारियां पहले से ही हैं। अब एक भारतीय टीम को यूक्रेन की सीमा से लगे रूसी शहर बेल्गोरोद में तैनात किया गया है। हालांकि खारकीव एवं आसपास के शहरों में युद्ध के हालात एक बड़ी बाधा है। इसलिए रूस एवं यूक्रेन के लिए हमारी जरूरत के अनुसार सुरक्षित मार्ग देना बहुत आवश्यक है।

सूत्रों के अनुसार जहां युद्ध की स्थिति नहीं है, वहां से हम अपने नागरिकों को निकाल पाये हैं।

नौ हजार से अधिक लागों को यूक्रेन से बाहर निकाला जा चुका है जबकि बड़ी संख्या में लोग अब सुरक्षित इलाकों में पहुंच गये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अपने नागरिको को यूक्रेन से सुरक्षित निकालने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

## एक साल के दौरान दिल में छेद वाले राज्य के 266 बच्चों को मिली नयी जिंदगी : मंगल

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बाल हृदय योजना से एक साल के दौरान दिल में छेद वाले राज्य के 266 बच्चों को सर्जरी के बाद नई जिंदगी मिली है।



पांडेय ने सोमवार को कहा कि स्वास्थ्य विभाग मासूमों का जीवन स्वस्थ और खुशहाल बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है। विभाग द्वारा चलायी जा रही बाल हृदय योजना से एक साल के दौरान दिल में छेद वाले राज्य के 266 मासूमों को सर्जरी के बाद नई जिंदगी मिली है। विभाग की यह महात्वाकांक्षी योजना न सिर्फ गरीब और मध्यम वर्ग के लिए काफी लाभकारी साबित हो रही है बल्कि उनका घर भी रोशन हो रहा है। पिछले एक साल से चलायी जा रही यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है।

मंत्री ने कहा इस वर्ष दो बैच नौ और 22 फरवरी को ईलाज के लिए अहमदाबाद रवाना किए गये थे। 04 मार्च को अगला बैच पुनः रवाना किया जाएगा। सफल सर्जरी के बाद दिल में छेद वाले राज्य के बच्चे अब खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं। इस योजना के माध्यम से बच्चों का न सिर्फ बेहतर उपचार हो रहा है बल्कि इन मासूमों को विभाग अभिभावकों के साथ सरकारी खर्च पर हवाई और रेल मार्ग से सत्य सांई हृदय अस्पताल, अहमदाबाद भेजकर ऑपरेशन भी कराया जा रहा है।

पांडेय ने कहा कि इस योजना के तहत बच्चों की स्क्रीनिंग के लिए इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान, पटना को चिह्नित किया गया है, जिसमें सत्य सांई हृदय अस्पताल के चिकित्सक भी अपना सहयोग प्रदान करते हैं।

## प्रेम प्रसंग के चलते तीन बच्चों की मां ने देवर के साथ की आत्महत्या

**बाडमेर।** राजस्थान के बाड़मेर जिले में चौहटन थाना क्षेत्र के आलमसर गांव में देवर-भाभी ने कुएं में कूद कर आत्महत्या कर ली है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग था। दोनों ने देर रात करीब 10 बजे कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि आलमसर निवासी सविता (26) के घर शाम चार बजे देवर प्रकाश नेनाराम खुडाणी गांव से आलमसर गांव आया। रात को करीब 10 बजे भाभी सविता और चचेरे देवर प्रकाश के साथ घर से कुछ दूरी पर कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। कुएं में



कूदने के बाद दोनों चिल्लाने लगे तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। जब तक लोग मौके पर पहुंचे, तब तक कुएं से आवाज भी आनी बंद हो गई। कुएं के पास शॉल एवं जूते देखकर लोगों ने पुलिस का सूचना दी। चौहटन थानाधिकारी भुटाराम के मुताबिक महिला के पीहर पक्ष को सूचना दे दी है। उनके आने के बाद दोनों के शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### लॉकडाउन में गरीबों को मकान किराया का केजरीवाल का वादा कानूनी दांव-पेंच में

नयी दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान जरूरतमंदों को दिल्ली सरकार की ओर से मकान किराया देने का वादा कानूनी दांव-पेंच से सोमवार को भी नहीं निकल पाया। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय की दो सदस्यीय पीठ के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि गरीबों को किराया देने के मुख्यमंत्री के वादे को लेकर उनकी सरकार की ओर से इसे लागू करने के संबंध में अधिसूचना जारी की जानी चाहिए थी।

## युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे सभी छात्रों को बाहर निकालेगी सरकार: जयराम

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने यूक्रेन के विभिन्न शहरों में फंसे भारतीय छात्रों के परिजनों को भरोसा दिलाते हुए कहा है कि सरकार हर हाल में युद्धग्रस्त क्षेत्रों से सभी छात्रों को बाहर निकालेगी।



सोमवार को यहाँ श्री ठाकुर ने आभासी माध्यम से उन परिजनों और अभिभावकों से बात की, जिनके बच्चे अभी भी यूक्रेन में हैं और भारत आना चाहते हैं।

स्वदेश लौट चुके कुछ छात्र भी इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जुड़े, जिन्होंने मुख्यमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए और कुछ सुझाव दिए। उन्होंने स्वदेश लौट चुके भारतीय नागरिकों को शुभकामनाएं दी और कहा कि जो बच्चे अभी भी मुश्किल हालात में फंसे हैं, वे सुरक्षित जगहों पर बने रहें, भारत सरकार उन्हें निकालने की व्यवस्था कर रही है। ठाकुर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं पूरी हलचल पर नजर रखे हुए हैं और भारत सरकार के चार मंत्री यूक्रेन के पड़ोसी देशों में पहुंचे हुए हैं, ताकि वहां आ रहे भारतीयों को स्वदेश लाया जा सके।

उन्होंने यूक्रेन में फंसे छात्रों की हिम्मत बढ़ाते हुए कहा कि सभी छात्र भारतीय दूतावासों से संपर्क में रहें और वहां से निर्देश मिलने पर ही कहीं जाएं। बिना मदद के किसी तरह का पलायन करना खतरनाक हो सकता है।

## पिछड़े एवं विकासशील राज्यों के लिए आर्थिक समानता की मांग बदल सकती है भारत का भविष्य : जदयू

**पटना।** बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से विकास की मुख्यधारा में पिछड़ रहे राज्यों की अगुवाई करने की अपील करते हुए आज कहा कि पिछड़े एवं विकासशील प्रदेशों के लिए आर्थिक समानता की मांग भारत का भविष्य बदल सकती है।

जदयू के राष्ट्रीय सचिव राजीव रंजन प्रसाद ने सोमवार को मुख्यमंत्री श्री कुमार से बिहार समेत देश के उन सभी राज्यों, जो विकास की मुख्यधारा में पिछड़ रहे हैं की अगुवाई करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी श्री कुमार ने अनेक विकासशील राज्यों के लिए विशेष दर्जा की वकालत की है।

श्री प्रसाद ने कहा कि भारत तबतक एक बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में नहीं उभर सकता, जबतक पिछड़ रहे राज्य देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आबादी के अनुरूप अपना योगदान नहीं करेंगे। यह तभी संभव है जब संसाधनों के असमान वितरण से उपजे असंतुलन को समाप्त करने के लिए एक सुव्यवस्थित रणनीति का एलान स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करें।

जदयू सचिव ने कहा कि योजनाओं, केंद्रीय सहायता, असंतुलित साख-जमा अनुपात एवं राज्यो की केंद्र प्रायोजित योजना में न्यूनतम अंशदान, औद्योगिक विस्तार के लिए टैक्स हॉलीडेज, अनुपयोगी योजनाओं को समाप्त करके उस राशि को राज्य निधि में हस्तांतरित करने में विकासशील एवं पिछड़े राज्यों के लिए प्राथमिकता जैसे उपाय क्षेत्रीय विषमता को समाप्त करने में सहायक सिध्द हो सकते हैं। ये सभी लाभ विशेष राज्य दर्जा की मांग स्वीकार करने से पहुंचाए जा सकते हैं।

### देश में कोरोना के 6,915 नये मामले दर्ज

**नयी दिल्ली।** भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 6,915 नये मामले सामने आये हैं और इसी के साथ कुल मामलों की संख्या अब चार करोड़ 29 लाख 31 हजार 045 हो गई है। इस दौरान संक्रमण से 180 मरीजों ने दम तोड़ा है, जो कल दर्ज हुई संख्या 119 के मुकाबले अधिक है। नई मौतों के साथ ही देश में कोरोना की चपेट में आकर अब तक दम तोड़ने वालों की संख्या 5,14,023 तक पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में अब तक कोरोना को मात दे चुके मरीजों की संख्या चार करोड़ 23 लाख 24 हजार 550 तक पहुंच गयी है। इनमें से 16,864 पिछले 24 घंटे में ठीक हुए हैं। देश में कोरोना के मामलों की गिरती संख्या के बीच सक्रिय मामले अब 92,472 ही रह गये हैं। भारत में पिछले 24 घंटों में 18,22,513 कोविड टीके लगाये गये हैं। इसके साथ ही आज सुबह सात बजे तक 177 करोड़ 70 लाख 25 हजार 914 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। देश में अभी सक्रिय मामलों की दर 0.22 फीसदी है जबकि स्वस्थ होने की दर 98.59 प्रतिशत है। वहीं मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत पर बरकरार है।

## जनता की तकलीफ से सरकार को मतलब नहीं : राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है की पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के अंतिम दौर से पहले ही सरकार ने रसोई गैस के सिलेंडर और दूध के दामों में बढ़ोतरी कर आम जनता के प्रति असंवेदनशीलता का परिचय दिया है लेकिन पार्टी इसके खिलाफ आंदोलन कर जनता को महंगाई से बचाएगी।

गांधी ने मंगलवार को ट्वीट किया, एलपीजी के दाम एक बार फिर बढ़ाकर मोदी सरकार ने साफ़ कर दिया है कि आम जनता की तकलीफ़ों से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। आज एलपीजी, कल पेट्रोल-डीज़ल।

इस बीच कांग्रेस प्रवक्ता अलका लांबा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि भाजपा का मकसद सिर्फ चुनाव जीतना रहता है और लोगों की दिक्कतों की उसे परवाह नहीं होती है। चुनाव शुरू होने से पहले उसने पेट्रोलियम पदार्थों की दर घटाई लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म होने की स्थिति में है एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए। उन्होंने कहा कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 105 से 108 रुपए प्रति सिलेंडर तक बढ़ा दी है। दिल्ली में अब कमर्शियल सिलेंडर 105 रुपए बढ़कर 2012 रुपए और कोलकाता में 2015 प्रति सिलेंडर हो गई है। प्रवक्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ ही पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव के बाद सरकार अब घरेलू रसोई गैस के सिलेंडर के दाम बढ़ाने की योजना है। उनका कहना था कि भाजपा सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव हार रहे हैं इसलिए वह अंतिम चरण का चुनाव का इंतजार किए बिना किमतें बढ़ाने के लग गई है।

## महाशिवरात्रि पर शिवराज ने बड़वाले महादेव मंदिर में की पूजा

एजेसी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज महाशिवरात्रि पर भोपाल भवानी चौक सोमवारा के पास बड़वाले महादेव मंदिर में आदिदेव भगवान बाबा बटेश्वर की पूजा-अर्चना कर जगत के कल्याण की कामना की।

चौहान ने पत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान के साथ शिवअभिषेक भी किया। मुख्यमंत्री मंदिर परिसर में भक्तगण से मिले और उन्हें महाशिवरात्रि पर्व की बधायी दी।

मुख्यमंत्री साफा धारण कर बाबा बटेश्वर की बारात में रथ खींचकर शामिल हुए। पुलिस बैंड द्वारा जनरल सेल्यूट दिया गया। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, पूर्व महापौर आलोक शर्मा, पूर्व मंत्री पी सी शर्मा, राहुल कोठारी, सुमित पचौरी सहित



अनेक जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

चौहान ने मीडिया कर्मियों के माध्यम से प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भगवान शिव कल्याणकारी हैं, वे सबका कल्याण करें। आज हम सब पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भोले भण्डारी भगवान शंकर की पूजा कर रहें हैं। पूरे प्रदेश में उत्साह है, उनकी कृपा बनी रहे, प्रदेश फले-फूले, जनता सुखी रहे, सबका मंगल हो, सबका कल्याण हो, भगवान भोले भंडारी सबकी कामना पूरे करें। सर्व धर्म संभाव हमारा भाव है, भगवान से प्रार्थना है सब सुखी रहें। राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने भी नागरिकों को इस अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### शिवराज ने महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर लगाया बेलपत्र और शमी का पौधा

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने प्रतिदिन पौधा लगाने के संकल्प के बीच आज महाशिवरात्रि के पर्व के मौके पर यहां बेलपत्र और शमी का पौधा लगाया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री चौहान ने आदिदेव महादेव के मंगल पर्व महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर भोपाल के स्मार्ट पार्क में हेल्प एज इंडिया की श्रीमती संस्कृति, वेणु पिल्लई, भादेश चौधरी, अभिषेक सहस्य के साथ बेलपत्र और शमी का पौधा लगाया। हेल्प एज इंडिया गत 40 वर्षों से देश में वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार और देखभाल के लिए कार्य कर रहा है। इसके साथ ही संस्था ने पर्यावरण संरक्षण के लिए भोपाल के स्कूल, कॉलेज एवं सड़क के किनारे और विभिन्न ग्रामों में 5500 से अधिक पौधे लगाये हैं। हेल्प एज इंडिया संस्था मोतियाबिंद सर्जरी, हेल्पलाइन, सीनियर सिटीजन होम केयर, डे केयर, फिजियोथेरपी आदि जैसे कार्य प्रमुख रूप से कर रही है। उन्होंने कहा कि वे संस्था को उनके समाज के कल्याणकारी कार्यों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

### कोविड टीकाकरण में 177.70 करोड़ टीके लगे

**नयी दिल्ली।** देश भर में पिछले 24 घंटे में 18 लाख से अधिक कोविड टीके लगाये गये हैं। इसके साथ ही कुल टीकाकरण 177.77 करोड़ से अधिक हो गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि पिछले 24 घंटे में देश में 18 लाख 22 हजार 513 कोविड टीके लगाये गये हैं। इसके साथ ही आज सुबह सात बजे तक 177 करोड़ 70 लाख 25 हजार 914 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के छह हजार 915 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 92 हजार 472 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.22 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.77 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 16 हजार 864 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने आरओ वाटर प्यूरीफायर के संबंध में एनजीटी के एक आदेश पर लगाई रोक

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को उन सभी आरओ निर्माताओं को वाटर प्यूरीफायर पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया था, जहां पानी में टीडीएस का स्तर 500 मिलीग्राम प्रति लीटर से कम है।

जस्टिस एस.ए. नजीर और जस्टिस कृष्ण मुरारी की बेंच ने जल संसाधन मंत्रालय, पर्यावरण और वन मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और अन्य को नोटिस जारी किया। बेंच ने कहा कि नोटिस पर तीन महीने के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। अगले आदेश तक संबंधित आदेश के पैरा छह में निहित निर्देश पर रोक लगाई जाती है।



सुप्रीम कोर्ट एनजीटी के एक दिसंबर 2021 के आदेश को चुनौती देने वाली वाटर क्वालिटी इंडिया एसोसिएशन द्वारा दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी। एनजीटी ने सीपीसीबी को उन सभी आरओ निर्माताओं को वाटर प्यूरीफायर पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश जारी करने का आदेश दिया था, जहां पानी में कुल घुलनशील अपशिष्ट (टीडीएस) का स्तर 500 मिलीग्राम प्रति लीटर से कम है। एनजीटी ने सीपीसीबी को कार्टिज सहित आरओ रिजेक्ट (अशोधित पानी) के प्रबंधन पर निर्देश जारी करने के लिए भी कहा था।

एनजीटी ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के साथ इस ट्रिब्यूनल के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए हम सीपीसीबी को पर्यावरण संरक्षण कानून, 1986 की धारा पांच के तहत सभी निर्माताओं को उचित आदेश जारी करने का निर्देश देते हैं जो आगामी एक महीने के भीतर लागू होने चाहिए। एनजीटी ने कहा था कि पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा जल शोधन प्रणाली के उपयोग पर विनियमन के संबंध में जारी गजट अधिसूचना को उसके आदेश के अनुपालन के अनुरूप नहीं कहा जा सकता है।

एनजीटी ने कहा था कि इस ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार, जहां टीडीएस 500 मिलीग्राम प्रति लीटर से कम है, वहां आरओ सिस्टम को विनियमित और प्रतिबंधित करने का कोई प्रावधान नहीं है। आरओ रिजेक्ट का, आपूर्ति श्रंखला प्रबंधन भी नहीं है। इसी तरह पानी की बर्बादी की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

आरओ प्यूरीफायर के उपयोग को विनियमित करने के लिए एनजीटी ने सरकार को उन पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था, जहां टीडीएस प्रति लीटर 500 मिलीग्राम से कम है और जनता को डिमिनरलाइज्ड पानी के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए कहा था।

रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) जल शोधन की एक प्रक्रिया है जिसमें पानी से अति सूक्ष्म दूषित पदार्थों को हटा दिया जाता है। एनजीटी ने एक गैर सरकारी संगठन फ्रेंड्स द्वारा दायर एक याचिका पर निर्देश दिया था, जिसमें आरओ सिस्टम के अनावश्यक उपयोग के कारण पानी की होने वाली बर्बादी को रोककर पीने योग्य पानी के संरक्षण का अनुरोध किया गया था।

## शार्ट न्यूज

### यूक्रेन में फंसे भारतीयों को जल्द स्वदेश लाए सरकार: केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यूक्रेन में फंसे सभी भारतीयों को हर संभव मदद देते हुए जल्द से जल्द स्वदेश लाने के लिए केंद्र सरकार से आग्रह किया है। केजरीवाल ने ट्वीट कर मंगलवार को कहा, यूक्रेन में बिगड़े हालातों के बीच भारतीय छात्रों समेत अन्य भारतीय भी मुश्किल परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। भारत सरकार से आग्रह है कि यूक्रेन में फंसे सभी भारतीयों को हर संभव मदद देते हुए जल्द से जल्द भारत लाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार हर तरह के सहयोग के लिए केंद्र सरकार के साथ खड़ी है। गौरतलब है कि यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को वापस लाने के काम में तेजी के लिए केंद्र सरकार ने ऑपरेशन गंगा में वायु सेना के परिवहन विमानों को शामिल करने का निर्देश दिया है। सरकार ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय में अपने चार मंत्रियों को यूक्रेन से लगते पड़ोसी देशों में भेजने का निर्णय लिया था। इसका उद्देश्य सड़क मार्ग से यूक्रेन से पड़ोसी देशों में पहुंचने वाले छात्रों को आसान और सुरक्षित तरीके से स्वदेश लाना है।

### चालक ने रची ऑटो लूट की साजिश

**ग्रेटर नोएडा।** ऑटो चालक ने रविवार की रात पुलिस को ऑटो लूट की सूचना दी थी। सेक्टर बीटा-2 पुलिस ने चालक से पूछताछ की तो लूट की सूचना झूठी निकली। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि चालक ने ऑटो के इंश्योरेंस का पैसा लेने के लिए लूट की साजिश रची थी। पुलिस ने ऑटो को बरामद कर लिया है। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि रविवार की रात ऑटो चालक विनोद कुमार ने पुलिस को कॉल कर लूट की सूचना दी थी। चालक ने पुलिस को बताया कि तीन बदमाश परी चौक से सवारी बनकर ऑटो में बैठे थे और रास्ते में उसके साथ मारपीट कर उसकी जेब में रखे 11 हजार रुपये और उसका ऑटो लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने मामले की गहनता से छानबीन की तो लूट की घटना का फर्जी निकली। चालक ने पुलिस को बताया कि वह कोरोना काल में मंदी की वजह से परेशानी से जूझ रहा था। ऑटो की किस्त भी जमा नहीं कर पा रहा था। जिसके चलते उसने ऑटो के इंश्योरेंस का पैसा पाने के लिए लूट की कहानी रची। वह ऑटो को अपनी बहन के घर एटा में खड़ा करके आया था। पुलिस ने ऑटो बरामद कर घटना का खुलासा किया है। पुलिस का कहना है कि लूट की झूठी सूचना देने पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी का सामान बेचने जा रहे बदमाश दबोचे

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर बीटा-2 पुलिस ने पांच चोरों को गिरफ्तार किया है। वे ट्रैक्टर ट्रॉली में चोरी का सामान भरकर बेचने जा रहे थे। आरोपियों ने पांच दिन पहले दिल्ली पुलिस सोसाइटी के समीप जिओ रिलायंस कंपनी के लोहे के चेंबर चोरी किए थे। यह वारदात कंपनी ने सुपरवाइजर ने करवाई थी। वह अभी फरार है। कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि आरोपियों की पहचान मनीष निवासी दनकौर, पूरन निवासी मोहब्बतपुर मैनपुरी, कालीचरण उर्फ राजू निवासी पहासू बुलंदशहर, सफी अहमद निवासी आसाम और खालिद निवासी कुलेसरा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि जिओ रिलायंस कंपनी में काम करने वाले सुपरवाइजर विपिन निवासी बिरोंडा ने 23 फरवरी को दिल्ली पुलिस सोसाइटी के समीप स्थित कंपनी की साइट से लोहे के चेंबर चोरी करवाए थे। पकड़े गए आरोपी सोमवार को चोरी किए गए सामान को ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर बेचने जा रहे थे। आरोपियों ने चोरी की घटना के समय जेसीबी मशीन का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के सामान के साथ जेसीबी मशीन भी बरामद की है। पुलिस फरार सुपरवाइजर विपिन की तलाश में जुटी है।

### कुकर्म का भेद खुलने के डर से मासूम को मार डाला

गाजियाबाद । गाजियाबाद के कविनगर के लालकुआं इलाके में पड़ोसी के साढ़े पांच साल के इकलौते बेटे की हत्या से पहले युवक ने उसके साथ गलत हरकत की थी। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह घर के बाहर खेल रहे मासूम को चीज दिलाने के बहाने से सुनसान इलाके में ले गया था और उसके साथ कुकर्म किया था। भेद खुलने के डर से उसने बच्चे की हत्या कर दी थी। कविनगर एसएचओ आनंद प्रकाश मिश्र का कहना है कि थाना सरधना, मेरठ के गांव कपसाड़ निवासी व्यक्ति लालकुआं इलाके में किराये पर रहकर एक कंपनी में नौकरी करता है। करीब तीन माह पहले उसने गांव के ही एक युवक को भी नौकरी लगवाने के लिए अपने पास बुलाया था। कंपनी में नौकरी लगने के बाद आरोपी भी पास में ही किराये पर रहने लगा था। रविवार शाम करीब सवा छह बजे मासूम घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान आरोपी राहुल कश्यप शराब पीकर पहुंचा और बच्चे को दस रुपये थमाकर चीज दिलाने के बहाने बम्बैटा और शौर्यपुरम के जंगल में ले गया। वहां राहुल ने बच्चे के साथ गलत हरकत की और फिर भेद खुलने के डर से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद राहुल बच्चे का शव झाड़ियों में फेंककर फरार हो गया था।

### टैक्सी चालक की गला रेतकर हत्या, धारूहेड़ा से गायब पंचगांव के आदित्य का शव भिवाड़ी में मिला

रेवाड़ी। हरियाणा के रेवाड़ी स्थित धारूहेड़ा कस्बा से गायब हुए एक टैक्सी चालक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। उसका शव साथ लगते राजस्थान के भिवाड़ी कस्बे की कहरानी की ढाणी में मिला। जबकि उसकी कार गुरुग्राम में बरामद हुई है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम के गांव पंचगांव निवासी आदित्य गुरुग्राम-धारूहेड़ा के बीच टैक्सी चलाता था। 27 फरवरी की दोपहर वह गुरुग्राम से टैक्सी लेकर धारूहेड़ा पहुंचा था। शाम को उसके भाई ललित ने फोन किया तो आदित्य ने बताया कि वह बुकिंग लेकर राजस्थान के टपूकड़ा जा रहा है। रात में फिर फोन किया तो उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिला। परिजनों ने इसकी शिकायत धारूहेड़ा थाना में दर्ज कराई। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु की तो सोमवार दोपहर बाद भिवाड़ी के कहरानी की ढाणी में आदित्य का शव पड़ा हुआ मिला। सूचना के बाद धारूहेड़ा थाना पुलिस भी पहुंची। इस बीच दूसरी सूचना गुरुग्राम के खोरी गांव से पहुंची। यहां आदित्य की टैक्सी लावारिस हालत में मिली। पुलिस ने इसकी सूचना तुरंत गाड़ी मालिक दयाराम को दी। उसके बाद पुलिस को पता चला कि आदित्य की हत्या हो गई है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। इसके साथ ही धारूहेड़ा थाना में अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आदित्य की हत्या गला रेतकर की गई है। धारूहेड़ा थाना में तैनात एसआई पवन कुमार ने बताया कि आदित्य की हत्या का राज खोलने के लिए आसपास के टैक्सी चालकों से पूछताछ की जा रही है कि आखिर टपूकड़ा के लिए किसने उसकी गाड़ी बुक की थी। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे से लेकर अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही हत्या की इस वारदात से पर्दा उठाया जाएगा।

### पलवल पुलिस के हाथ आया कुख्यात बदमाश

**पलवल।** देश के पांच राज्यों मे 30 से अधिक वारदातों में नामजद इनामी बदमाश इकराम को हरियाणा की पलवल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से देसी पिस्तौल बरामद किया गया है। पुलिस ने आर्म्स एकट के तहत केस दर्ज कर उससे पूछताछ की तो पता चला कि वह अनेक केसों में नामजद है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पलवल पुलिस की एवीटी (वाहन चोरी निरोधक दस्ता) के इंचार्ज सत्यवान ने बताया कि उन्हें सूचना मिली की एक व्यक्ति जो हरियाणा सहित पांच राज्यों में गैंगस्टर एक्ट, लूट व डकैती जैसी 30 से अधिक संगीन वारदातों में फरार है, वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। उन्होंने तुरंत हवलदार साबिर हुसैन के नेतृत्व में टीम गठित कर मौके पर भेज दी। पुलिस टीम ने आरोपी को मौके पर दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पता सिंगार गांव निवासी इकराम बताया। उसके कब्जे से पुलिस ने एक अवैध लोड देशी कट्टा बरामद किया।

केजरीवाल सरकार ने दी मंजूरी

# किसान आंदोलन के दौरान दिल्ली में दर्ज हुए 17 केस होंगे वापस

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने पिछले साल केंद्र के तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज किए गए 17 मामलों को वापस लेने की मंजूरी दे दी है। इनमें गणतंत्र दिवस पर हुई हिंसा से संबंधित एक मामला भी शामिल है।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उपराज्यपाल अनिल बैजल के कार्यालय द्वारा गृह मंत्री सत्येंद्र जैन को 31 जनवरी को भेजी गई मामलों से संबंधित फाइल को सोमवार को कानून विभाग की राय लेने के बाद मंजूरी दे दी गई।

दिल्ली पुलिस ने नवंबर 2020 से दिसंबर 2021 के दौरान दर्ज किए गए 54 मामलों में से 17 को वापस लेने का फैसला किया था। इसमें लगभग



200-300 प्रदर्शनकारियों और 25 ट्रैक्टरों के लाहौरी गेट के जरिये लाल किले पहुंचने का मामला भी शामिल है, जिसके चलते टिकट काउंटरों और सुरक्षा जांच उपकरणों को नुकसान हुआ था।

इसके अलावा 150-175 ट्रैक्टरों पर सवार होकर उत्तर प्रदेश के लोनी से दिल्ली में प्रवेश करने वाले किसानों के खिलाफ उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर पुलिस थाने में एक मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि उन किसानों ने पुलिस कर्मियों की ड्यूटी में बाधा डाली और उन पर हमला किया। अधिकतर मामले दिल्ली के सिंघु, टीकरी और गाजीपुर बॉर्डर पर कृषि कानूनों के खिलाफ एक साल तक चले किसान आंदोलन के दौरान कोविड-19 नियमों और दिशानिर्देशों के उल्लंघन से संबंधित हैं।

आंदोलनकारी किसानों ने संसद द्वारा पारित कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग करते हुए नवंबर 2020 में दिल्ली की सीमाओं पर डेरा डाल दिया था। मोदी सरकार द्वारा कृषि कानूनों को वापस लिए जाने के बाद किसानों ने दिसंबर 2021 में आंदोलन खत्म कर दिया।

केंद्र ने नवंबर 2020 से दिसंबर 2021 के बीच प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की संयुक्त किसान मोर्चा की मांग पर भी सहमति जताई थी। आंदोलनकारी किसान पिछले साल गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर रैली के दौरान दिल्ली में घुस गए थे, जिसके बाद हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई थीं।

## पत्नी और सास की हत्याकर भागे युवक ने ट्रेन के आग कूदकर दी जान



गाजियाबाद। उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर में पत्नी और सास की हत्या कर फरार हुए युवक ने सुसाइड कर लिया है। मृतक 40 वर्षीय निखिल उर्फ सोनू ने गाजियाबाद के कविनगर में ट्रेन के आग कूदकर जान दे दी। उसके पास से सुसाइड नोट बरामद हुआ है। इससे पहले सोनू ने बीते रविवार को अपनी पत्नी और सास की हत्या कर दी थी। उसने ही वारदात की खबर अपनी बहन को दी और फरार हो गया था।

जानकारी के अनुसार, ऊधम सिंह नगर में रविवार सुबह करीब नौ बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक ने अपनी पत्नी और सास की हत्या कर दी है।

शव कमरे में बंद कर हत्यारोपी फरार हो गया है। कोतवाल जेएस देउपा पुलिस टीम के साथ मोहल्ला नत्था सिंह पंडो वाला कुआं के पास पहुंचे। घर के भीतर कमरे में सोनू की पत्नी निशा (35) और दूसरे कमरे में निशा की मां जयंती देवी (55) पत्नी वीर सिंह निवासी टांडा अफजल ठाकुरद्वारा के खून से सने शव पड़े थे।

### सास को सोते हुए उतारा मौत के घाट

कोतवाल ने बताया कि सास जयंती देवी का शव बिस्तर पर पड़ा था। जहां उसका शव मिला वहां दीवारों पर खून के छींटें मिले हैं। इससे आशंका है कि जयंती देवी को सोते हुए ही मौत के घाट उतारा गया है। जबकि निशा के कमरे में फर्श पर काफी खून मिला है। इससे लग रहा है कि निशा को मारने के बाद बिस्तर पर लिटा दिया गया।

### हादसे के वक्त बच्चे कमरे में बंद किए

पुलिस ने मुताबिक वारदात के वक्त आरोपी ने अपने तीनों बच्चे एक कमरे में बंद कर दिए थे। सुबह वारदात के बाद आरोपी नौ वर्षीय बेटी स्तुति, बेटा ओम और स्पर्श को अमरोहा निवासी अपनी बहन सोनिया के घर छोड़ गया।

## ग्रेटर नोएडा : विधवा महिला संग संबंध बढ़ने पर हुई थी उसके प्रेमी ने की थी स्कूल वैन चालक की हत्या



संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** कोतवाली इकोटेक फर्स्ट के मुर्शदपुर गांव से एक सप्ताह पूर्व लापता हुए स्कूल वैन चालक धर्मपाल की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि पकड़े गए मुख्य आरोपी की प्रेमिका से धर्मपाल की नजदीकियां थीं जिसके चलते उसने हत्या की वारदात को अंजाम दिया।

मुर्शदपुर गांव का रहने वाला 32 वर्षीय धर्मपाल परिवार के साथ रहता था। वह स्कूल की वैन चलाता था। परिजनों ने बताया कि 17 फरवरी को धर्मपाल संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों ने उसे इधर-उधर काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इस पर 21 फरवरी को धर्मपाल के भाई ओमप्रकाश ने सेक्टर इकोटेक वन थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। इसके बाद भी धर्मपाल का सुराग नहीं लगा।

सिरसा गांव के जंगल में गुरुवार की शाम धर्मपाल का शव सड़ी गली हालत में पड़ा मिला था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। परिजनों व ग्रामीणों ने एक महिला और एक युवक पर शक जाहिर किया था। उन्होंने रविवार को पुलिस से आरोपियों पर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। पुलिस ने हत्या का खुलासा किया है। ग्रेटर नोएडा के डीसीपी अमित कुमार ने बताया कि इस मामले में आरोपी रंजीत और उसके साथी प्रशांत को गिरफ्तार किया गया है। रंजीत मूलरूप से बुलंदशहर का रहने वाला है।

डीसीपी ने बताया कि धर्मपाल की रंजीत के घर में किराये पर रहने वाली विधवा महिला से निकटता थी। रंजीत के भी उस महिला से संबंध थे। रंजीत ने धर्मपाल को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या की साजिश रची थी। साजिश के मुताबिक, रंजीत ने 17 फरवरी को धर्मपाल को फोन कर अपने पास बुलाया था। जिसके बाद दोनों ने कासना में एक साथ बैठकर शराब पी। इसके बाद आरोपी रंजीत ने अपने साथी प्रशांत के साथ मिलकर धर्मपाल की गला दबाकर हत्या कर दी थी।

# गुरुग्राम में मिले हैंड ग्रेनेड-बम

सेक्टर-31 की बंद कोठी के टॉयलेट में रखे थे, पार्क में गड्ढा खोद किए डिफ्यूज





**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरुग्राम में सेक्टर-31 की एक बंद कोठी में 10 से ज्यादा हैंड ग्रेनेड और बम मिले हैं। सभी हथियार कोठी के टॉयलेट में छिपाकर रखे गए थे। पुलिस टीम ने इन्हें बरामद कर पार्क में गड्ढा खोदकर डिफ्यूज कर दिया। गौरतलब है कि पैरोल मिलने के बाद से डेरा प्रमुख राम रहीम एक दिन पहले तक शहर में ही था। उस पर आतंकी हमले का अंदेशा जताते हुए सरकार ने जेड प्लस सुरक्षा भी प्रदान की थी।

हैंड ग्रेनेड और बम मिलने के सूचना पर पुलिस ने आसपास के इलाके की सड़कों को खाली करवा दिया। साथ ही घर के मालिक की भी तलाश की जा रही है, बताया जा रहा है कि वह दिल्ली में रहता है। पुलिस के आला अधिकारी और बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार, गुरुग्राम सेक्टर-31 में कोठी नंबर-पी-12 काफी दिन से बंद पड़ी है। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि कोठी में हैंड ग्रेनेड और बम रखे हैं। साथ ही काफी मात्रा में हथियार भी छिपाए गए हैं। सूचना के बाद डीसीपी से लेकर अन्य पुलिस अधिकारियों ने कोठी की तलाशी शुरू की। कोठी खाली थी और वहां कोई नहीं मिला। तलाशी के दौरान कई हैंड ग्रेनेड और बम मिले।

बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वाड सहित गुरुग्राम पुलिस के आला अधिकारियों ने मौके पर जांच की। हैंड ग्रेनेड मिलने की सूचना एनएसजी को दी गई। हैंड ग्रेनेड के साथ ही गोलियों के खाली खोल भी बरामद हुए हैं।

### खुफिया जानकारी मिलने के बाद की रेड

मंगलवार को पुलिस को मुखबिर से रिपोर्ट मिली थी कि सेक्टर-31 स्थित कोठी में बम और अन्य खतरनाक हथियार रखे हैं। कोठी के अंदर हथियार होने की जानकारी मिली तो पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। इसके बाद मौके पर पुलिस अधिकारी और बम निरोधक दस्ता पहुंचा। पुलिस के आला अधिकारी पूरे मामले की जांच कर रही है। कोठी में मिले हैंड ग्रेनेड सभी टॉयलेट में छिपाकर रखे गए थे। पुलिस ने कोठी को चारों ओर से घेरे रखा है। अन्य हथियारों की भी तलाश की जा रही है।

### काफी दिन से बंद पड़ी है कोठी

पुलिस सूत्रों के मुताबिक जिस कोठी में बम और हैंड ग्रेनेड बरामद हुए हैं, वह काफी दिनों से बंद है। अभी तक यह भी पता नहीं चल पाया है कि कोठी किसकी है। इतनी जानकारी मिल रही है कि इस कोठी का मालिक दिल्ली में रहता है। पुलिस जानकारी जुटा रही है कि आखिर यह कोठी किसकी है और यहां पर इतने अधिक मात्रा में हथियार किसने और क्यों रखे।

### एक दिन पहले गुरुग्राम में ही था राम रहीम

बता दें कि दुष्कर्म और हत्या के मामले में सजायाफ्ता बाबा राम रहीम एक दिन पहले ही गुरुग्राम से रोहतक की सुनारिया जेल लौटा है। 21 दिन की फरलो मिलने के बाद वह डेरे के गुरुग्राम स्थित नामचर्चा घर में ही ठहरा था।

फरलो के दौरान ही राम रहीम पर आतंकी खतरे को देखते हुए उसें प्लस सुरक्षा मुहैया कराई गई थी। हालांकि राम रहीम गुरुग्राम के सेक्टर-50 स्थित नाम चर्चा घर में ठहरा था, जबकि जहां हैंड ग्रेनेड मिले हैं, वो कोठी सेक्टर-31 है। दोनों के बीच काफी दूरी है।

## दिल्ली : प्रेमी संग होटल में रुकी प्रेमिका को आया दूसरे लड़के का फोन तो ले ली जान, आरोपी यूपी से गिरफ्तार

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के वसंत कुंज साउथ थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में युवती की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निवासी शिवम चौहान (28) के रूप पर की गई है। आरोपी ने ही होटल का कमरा अपने नाम से बुक किया था और घटना के बाद से फरार चल रहा था।

जानकारी के अनुसार, आरोपी शिवम चौहान 25 फरवरी को होटल में प्रेमिका के साथ पहुंचा था। उसकी प्रेमिका के मोबाइल फोन पर कोई उत्कर्ष नाम का युवक लगातार फोन कर रहा था, जिसको लेकर शिवम को गुस्सा आ गया और उसने युवती के सिर को फर्श में पटक दिया, जिसके बाद युवती बेसुध हो गई। घटना के बाद आरोपी मौका देख फरार हो गया था। युवती की मौत होने की जानकारी



बीते 27 फरवरी को पुलिस को मिली थी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी प्रेमी की तलाश शुरू कर दी थी। संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर पुलिस ने आरोपी शिवम चौहान को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

दक्षिणी-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त गौरव शर्मा ने बताया कि युवती किशनगढ़, वसंत कुंज की रहने वाली थी। वह गाजियाबाद के रहने वाले शिवम चौहान से बीते चार साल से प्यार करती थी। वह शिवम के साथ 25 फरवरी को वसंत कुंज साउथ थाना क्षेत्र में स्थित एक होटल में पहुंची थी। इसी बीच 27 फरवरी को पुलिस को जानकारी मिली कि एक युवती कमरे में बेसुध पड़ी है। उसकी सांसें थम चुकी हैं। मौके पर पहुंची पुलिस टीम युवती को पास के अस्पताल में लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन में जुट गई थी। पुलिस को शुरुआती छानबीन में पता चला कि उसके शरीर पर कोई गंभीर चोट के निशान नहीं हैं। हालांकि, पुलिस के शक की सुई उसके प्रेमी पर ही टिकी हुई थी। वह घटना के बाद से फरार चल रहा था और उसका मोबाइल फोन भी बंद था।

पुलिस की टीम ने आरोपी के बारे में जब जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह गाजियाबाद स्थित अपने घर नहीं पहुंचा है। टेक्निकल सर्विलांस और अन्य माध्यमों से पता चला कि आरोपी इस वक्त मितरौली, उत्तर प्रदेश में किसी जानकार के घर में छुपा हुआ है। पुलिस ने उस संभावित ठिकाने पर छापेमारी की और आरोपी को दबोच लिया।

पूछताछ में आरोपी शिवम चौहान ने बताया कि जब वह युवती के साथ होटल के कमरे में था तो उसे उत्कर्ष नाम के युवक का लगातार फोन आ रहा था। जब उसने उत्कर्ष के बारे में पूछा तो युवती ने बताया कि वह उसकी बहन का दोस्त है, लेकिन जब सख्ती से पूछताछ की तो पता चला कि वह उसकी बहन का दोस्त नहीं है, जिसके बाद वह गुस्से में आ गया और उसने युवती का शव फर्श पर पटक दिया। उसके बाद जब उसे लगा कि वह मर गई है तो वह होटल से मौका देखकर फरार हो गया।

### दो महीने बंद रहने के बाद दिल्ली चिड़ियाघर फिर खुला, रातों-रात बिक गए सारे टिकट

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस के संक्रमण मामलों में वृद्धि को देखते हुए लगभग दो महीने तक बंद रहने के बाद दिल्ली चिड़ियाघर मंगलवार को विजिटर्स के लिए फिर से खुल गया। अधिकारियों ने बताया कि चिड़ियाघर को




चार जनवरी को आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया था और उसकी वेबसाइट पर ऑनलाइन टिकटों की बिक्री भी रोक दी गई थी। एक अधिकारी ने कहा कि टिकट लिंक को सोमवार रात फिर से एक्टिव कर दिया गया और जब चिड़ियाघर फिर से खुला तो सभी 4,000 टिकट सुबह साढ़े आठ बजे तक बिक चुके थे। उन्होंने कहा कि चिड़ियाघर के बाहर टिकट काउंटर पहले ही बंद कर दिए गए हैं, इसलिए लोगों से अनुरोध है कि किसी भी असुविधा से बचने के लिए दो से तीन दिन पहले ही केवल ऑनलाइन टिकट बुक करें। चिड़ियाघर में एक दिन में केवल 4,000 विजिटर्स को दो स्लॉट – सुबह साढ़े 8 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक और दोपहर साढ़े 12 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक ही जाने की अनुमति है। चिड़ियाघर के फिर से खुलने पर प्रशासन ने सभी सेक्शन सुपरवाइजर्स को कोविड अनुकूल व्यवहार का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इससे पहले, महामारी की दूसरी लहर के दौरान कोविड के मामलों की संख्या में वृद्धि के कारण बंद होने के दो महीने से अधिक समय बाद चिड़ियाघर को एक अगस्त को विजिटर्स के लिए फिर से खोल दिया गया था। मार्च 2020 में विजिटर्स के लिए चिड़ियाघर बंद कर दिया गया था, जब कोविड-19 महामारी ने देश में पांव पसारना शुरू कर दिया था। इसके बाद, पिछले साल जनवरी में बर्ड फ्लू के खतरे के मद्देनजर इसे फिर से बंद किया गया था।

# गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया और एक सिपाही की हत्या की साजिश नाकाम

दिल्ली में गोल्डी बराड़ और काला जठेड़ी गैंग के 2 शार्पशूटर गिरफ्तार

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के एएटीएस स्टाफ ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए काला जठेड़ी और गोल्डी बराड़ गैंग के दो ऐसे शार्पशूटरों को गिरफ्तार किया है जो कथित तौर पर एक बड़ी साजिश को अंजाम देने के लिए दिल्ली आए थे। दिल्ली पुलिस ने बताया कि आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट की एक टीम ने मंगलवार को एक मुठभेड़ के बाद कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और काला जठेड़ी गैंग से जुड़े दो शार्पशूटरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इस मुठभेड़ के दौरान दोनों ओर से 22 राउंड गोलियां चलीं। ये दोनों गैंगस्टर सुनील उर्फ टिल्लू ताजपुरिया और एक पुलिस कॉन्स्टेबल की हत्या करना चाहते थे।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों की पहचान परमिंदर उर्फ काला (31 वर्ष) निवासी ग्राम लावा माजरा, हरियाणा और टोनी (22 वर्ष) निवासी ग्राम कलिंगा, भिवानी, हरियाणा के रूप में हुई है। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ के दौरान अपराधियों की एक गोली हेड कॉन्स्टेबल सतेंद्र के कान के पास से निकली और 2 गोलियां महिला सब इंस्पेक्टर रश्मि की बुलेट प्रूफ जैकेट में जा लगीं। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी लगातार चेतावनी देकर फायरिंग की और मुस्तैदी दिखाते हुए दोनों आरोपियों को काबू कर उनके हथियार छीन लिए। पुलिस को इनके पास से दो पिस्टल, चार जिंदा राउंड व आठ खाली राउंड कारतूस व एक चोरी की बाइक बरामद हुई है।

पुलिस ने कहा कि पूछताछ करने पर पता चला कि यह दोनों आरोपी बदमाश काला जठेड़ी और गोल्डी बराड़ के शार्पशूटर हैं और उन्हीं के कहने पर दिल्ली आए थे जहां उन्हें सुनील उर्फ टिल्लू ताजपुरिया और दिल्ली पुलिस में तैनात एक सिपाही की हत्या को अंजाम देना था।

पूछताछ में यह भी पता चला कि परमिंदर उर्फ काला बेंगलुरु में एक हत्या के साथ ही दिल्ली के लाहौरी गेट पर करीब 24.7 लाख रुपये, हरियाणा के बेरी झज्जर में 35 लाख रुपये और झज्जर के सदर में सात लाख रुपये की लूट के मामलों में वॉन्टेड है। वह अंबाला में एक कबूतरबाजी में सात लाख के मामले में भी वॉन्टेड है। यह भी सामने आया कि आरोपी परमिंदर काला जठेड़ी गैंग के सक्रिय सदस्य मिथुन के साथ रहता था, लेकिन मिथुन की गिरफ्तारी के बाद वह नेपाल भाग गया था। आज वह अपने साथी टोनी के साथ अपराध की योजना बनाकर उसे अंजाम देने के लिए दिल्ली के अलीपुर की ओर जा रहा था, जहां रास्ते में पुलिस ने आरोपी परमिंदर और टोनी दोनों को बड़ा अपराध करने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। फिलहाल पुलिस दोनों बदमाशों से पूछताछ कर इनके गिरोह के अन्य लोगों का पता लगाने के साथ ही इनके अपराध का कच्चा चिट्ठा खंगालने में जुटी है।

## संपादकीय

# सामरिक क्षेत्र में मोदी प्रशासन की तैयारियों से सबक लें संघर्षरत देश

वैश्विक महाशक्तियों में से एक रूस द्वारा अपने पड़ोसी देश यूक्रेन पर किये गए अप्रत्याशित आक्रमण और यूक्रेन को रूस के खिलाफ भड़का रहे अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो देशों के तथाकथित सहयोगियों द्वारा यूक्रेन को युद्धजन्य परिस्थितियों में उसके हाल पर अकेले छोड़ दिये जाने और आत्मरक्षार्थ उसे त्वरित सैन्य सहयोग प्रदान नहीं किये जाने वाला अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम विश्व कूटनीति की एक ऐसी मार्मिक पहेली बन चुकी है कि जिसका इजहार खुद यूक्रेन के राष्ट्रपति ने यह कहकर किया कि हमें हमारे हाल पर अकेला छोड़ दिया गया और रूस के खिलाफ किसी ने हमारा खुलकर साथ नहीं दिया। यही वजह है कि अब भविष्य में कोई भी जरूरतमंद देश किसी अंतरराष्ट्रीय समूह या गठबंधन के झांसे में आने से पहले सौ बार सोचेगा।

ऐसे में स्वाभाविक सवाल उठ रहा है कि किसी भी राष्ट्र की बागडोर कैसे राजनेता के हाथ में सौंपी जाए, वह अपनी रक्षा जरूरतों को कितनी अहम प्राथमिकता दे और अपने से मजबूत दुश्मन देशों को ललकारने से पहले अपनी युद्ध तैयारियों को कैसे पूरे करे, इस बात पर विचार करना उस देश के नेतृत्व व वहां के प्रशासन के साथ साथ वहां के बुद्धिजीवियों और जनता का भी पहला कर्तव्य होना चाहिए। इस नजरिए से यूक्रेन वासियों और वहां के नेतृत्व ने जो गलतफहमियां पाली और उसके जो भयावह दुष्परिणाम सामने आए, वह अब हरेक विवादग्रस्त देशों के लिए एक नजीर बन चुकी है। बता दें कि यूक्रेन परमाणु शक्ति संपन्न देश बन सकता था, लेकिन पड़ोसी देशों व तथाकथित मित्र देशों के झांसे में आकर उसने ऐसा नहीं किया। यदि आज वह परमाणु हथियार संपन्न देश होता तो रूस इस कदर दुस्साहस नहीं प्रदर्शित करता।

आपको पता है कि पाकिस्तान भी भारत को उसी तरह से आंख दिखाता आया है, जैसे कि यूक्रेन अपने सशक्त पड़ोसी देश रूस के साथ करते रहने को आदि हो चुका था। बता दें कि जिस तरह से यूक्रेन को अमेरिका का शह प्राप्त है, उसी तरह से पाकिस्तान को पहले अमेरिका और अब चीन का शह प्राप्त है। सिर्फ पाकिस्तान ही क्यों, नेपाल, बंगलादेश, श्रीलंका, म्यांमार, मालदीव, अफगानिस्तान, भूटान आदि देशों को भारत के खिलाफ चीन जिस तरह से रह रह कर भड़काने का आदि हो चुका है, उसके परिप्रेक्ष्य में यह सवाल उठना लाजिमी है कि यदि भारत भी अपने मित्र देश रूस की तरह अपना हौसला दिखाए और पाकिस्तान की ठुकाई करने लगे तो फिर शेष दुनिया उसे वैसे ही अकेला छोड़ देगी, जैसे कि आज सभी देश यूक्रेन को अकेला छोड़ दिये हैं। कहना न होगा कि चीन-पाकिस्तान की संयुक्त खलनीति के मुकाबले भारत की मजबूत रणनीति बनाने में पीएम डॉ मनमोहन सिंह की सरकार ने चाहे जितनी भी काहिली बरती हो, लेकिन परवर्ती पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार ने शक्ति संचय जैसे अहम मसले पर काफी दूरदर्शिता दिखाई है। इसका सकारात्मक परिणाम यह हुआ है कि भारत की वैश्विक पूछ अब निरन्तर बढ़ रही है। क्योंकि मोदी सरकार के युगान्तकारी फैसलों से भारत की आर्थिक और सैन्य ताकत में पिछले 7-8 वर्षों में काफी इजाफा हुआ है, साथ अन्य मोर्चे पर भी भारत में संतुलित विकास और प्रगतिशील निर्णय नजर आ रहा है। सिर्फ रक्षा क्षेत्र की ही बात करें तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने बीतते लगभग पौने आठ साल के कार्यकाल में रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की जो पहल की है, वह बदलते वक्त की मांग तो है ही और समसामयिक उग्र वैश्विक परिस्थितियों में एक अहम राष्ट्रीय जरूरत भी समझी जाने लगी है। कहना न होगा कि हाल के वर्षों में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूती देने का उनके द्वारा जो प्रयास किया जा रहा है, वह इस वर्ष के आम बजट में भी स्पष्ट रूप से देखा जा चुका है।

# युवा लेखिका प्रियंका 'सौरभ' की तीन पुस्तकों का एक साथ प्रकाशन

**('दीमक लगे गुलाब' और 'निर्भयाएं' हिंदी में और 'द फीयरलेस' अंग्रेजी में लिखी पुस्तकें अमेज़न, फ्लिपकार्ट व अन्य प्लेटफार्म पर है उपलब्ध)**

हिसार के आर्यनगर की बेटी एवं भिवानी के खंड सिवानी के गाँव बड़वा निवासी युवा लेखिका प्रियंका सौरभ की तीन पुस्तकें एक साथ प्रकाशित हुई है. जिनमें सामाजिक एवं राजनैतिक जीवन के कटु यथार्थ को व्यंजित करती दीमक लगे गुलाब, आधुनिक नारी की समस्याओं से रूबरू करवाती निर्भयाएं एक निबंध संग्रह शामिल है. इन दोनों पुस्तकों के अलावा नारी के हर क्षेत्र में बढ़ते क़दमों पर आधारित अंग्रेजी की पुस्तक द फीयरलेस शामिल है.

युवा लेखिका प्रियंका सौरभ नारी समस्याओं पर लगातार लिखती रही है। प्रकाशित पुस्तकों में प्रियंका सौरभ ने आधुनिक नारी की वर्तमान समस्याओं को रखा है, जो वर्तमान में उसके जीवन को कहीं न कहीं प्रभावित कर रही हैं। प्रियंका सौरभ का जन्म आर्यनगर, हिसार, हरियाणा में हुआ. इनके पिता सुमेर सिंह उब्बा एक कानूनगो है वही माता रौशनी देवी गृहणी है. बचपन से इन्हे लेखन एवं पढ़ने का शौक रहा है.

इन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गाँव आर्यनगर से प्राप्त की. इसके बाद इन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर एवं एमफील की शिक्षा प्राप्त की. साहित्य में इनकी रुचि बचपन से ही रही है. शिक्षा के साथ इन्होंने अपनी साहित्यिक रुचि को नही छोड़ा. और अपना लेखन कार्य जारी रखा. इन्हें कविता लेखन के साथ सम्पादकीय लेखन का शौक भी है. आये रोज इनके सम्पदकीय लेख देश भर के अखबारों में विभिन्न भाषाओँ में छपते है. इनका विवाह भिवानी के गाँव बड़वा के युवा कवि सत्यवान %सौरभ% से हुआ है जो खुद अपनी साहित्यिक जगत में एक विशेष पहचान रखते हैं. प्रियंका सौरभ ने पिछले 10 सालों से सामाजिक कार्यों और जागरूकता से जुडी कई संस्थाओं और संगठनों में अलग-अलग पदों पर सेवा की है और 2021 में इन्हे आईपीएस मनुमुक्त 'मानव' राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से नवाजा गया.

अपनी तीनों पुस्तकों के प्रकाशन का आधार प्रियंका ने कोरोना काल के समय का सद्पयोग बताया. इस दौरान इनको अपने रचनात्मक स्तर को उठाने का मौका मिला. परिणामस्वरूप इनकी तीन पुस्तकें एक साथ साहित्य जगत में आई है. प्रियंका की इस विशेष उपलब्धि पर पूर्व चेयरमैन रमेश वर्मा, राजेश केडिया, मास्टर मोहन लाल, मोनिका अनूप सिंह, रेनू सिरोया, डॉ रामनिवास मानव, सत्यपाल शर्मा, बिदामो देवी आकाशवाणी उद्धघोषिका, डॉ मोनिका जयसिंह गैदर, राजबाला सुनील कुमार, रामस्वरूप घोड़ेला, मास्टर राजबीर सिंह बेनीवाल, भाजपा के मंडल अध्यक्ष, प्रिंसिपल सूबे सिंह उब्बा, लालसिंह लालू, डॉ नोकराम बसवाला, डॉ प्रताप सिंह, दलबीर सिंह, उद्यभान गोदारा, महेन्दर सिंह लखेरा, कुलदीप सिंह, सुरेश कुमार, संतोष घोड़ेला, कवयित्री राजबाला, डॉ पूनम, राजेंदर जांगड़ा, सुनील अधिवक्ता आदि ने बधाई दी है.



प्रियंका 'सौरभ'

# आर्थिक न्यूक्लियर हथियार है स्विफ्ट सिस्टम? रूसी बैंकों को बाहर करने पर क्या होगा असर

अभिनय आकाश

**स्विफ्ट का पूरा नाम द सोसायटी फॉर वर्ल्ड वाइड इंटरबैंक फाइनैंशल टेलिकम्युनिकेशन है। ये दुनिया के बैंकों को जोड़ने वाला फाइनैंशल मेसेजिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर है। इसे बेल्जियम से ऑपरेट किया जाता। है। इसे स्विफ्ट से जुड़े बैंक चलाते हैं।**

अंग्रेजी का एक शब्द है स्विफ्ट, लेकिन आखिर ये है क्या? आम लोगों से पूछेंगे तो कहेंगे कि मारूति कंपनी की गाड़ी है। तो कोई कहेंगा जैसे कृष में ऋतिक रोशन सड़कों पर तेज रफ्तार से भागता है उसी तीव्र गति को स्विफ्ट कहते हैं। लेकिन बीते दिनों एक खबर आई कि रूस के कई सारे बैंकों को दुनियाभर के स्विफ्ट सिस्टम से बाहर कर दिया गया है। अब क्या है ये स्विफ्ट जो न तो मारूति की कोई गाड़ी है और न ही तेजी से सरपट दौड़ लगाने वाला कोई प्राणी। दरअसल, ये एक तरह का पेमेंट सिस्टम है। लेकिन सबसे गूढ़ बात कि इसमें पेमेंट ट्रांसफर नहीं होता है बल्कि एक मैसेज जेनरेट होता है और भरोसे पर काम होता है। 200 से ज्यादा देशों में इस्तेमाल किया जाता है और 11 हजार से ज्यादा फाइनेशसियल इंस्टिट्यूशन इसके ऊपर रजिस्टर्ड हैं। आज के इस विश्लेषण में आपको बताते हैं कि स्विफ्ट क्या है, रूस को इससे बाहर करने का क्या मतलब है और सबसे अहम सवाल इससे भारत पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

सबसे पहले बताते हैं कि हुआ क्या है? दरअसल, यूक्रेन पर रूसी हमले के मद्देनजर अमेरिका और उसके सहयोगी देशों एवं साझेदारों ने वैश्विक वित्तीय तंत्र 'स्विफ्ट' वित्तीय प्रणाली से प्रतिबंधित रूसी बैंकों को अलग करने और रूस के केंद्रीय बैंक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कदम लागू करने का फैसला किया है। अमेरिका, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, इटली, ब्रिटेन और कनाडा के नेताओं द्वारा शनिवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, प्रतिबंधित रूसी कंपनियों और कुलीन वर्गों की संपत्तियों का पता लगाने तथा उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक संयुक्त कार्य बल गठित किया गया है। अमेरिका और उसके सहयोगियों ने एक बयान में कहा, "हम रूसी आक्रमण का मुकाबला करने के साहसी प्रयासों में यूक्रेन सरकार और उसके लोगों के साथ खड़े हैं।

### स्विफ्ट क्या है?




स्विफ्ट का पूरा नाम द सोसायटी फॉर वर्ल्ड वाइड इंटरबैंक फाइनैंशल टेलिकम्युनिकेशन है। ये दुनिया के बैंकों को जोड़ने वाला फाइनैंशल मेसेजिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर है। इसे बेल्जियम से ऑपरेट किया जाता। है। इसे स्विफ्ट से जुड़े बैंक चलाते हैं। इस प्रणाली की स्थापना 1973 में सीमा पार धन हस्तांतरण को और अधिक कुशल बनाने के लिए की गई थी और यह वैश्विक वित्तीय बुनियादी ढांचे के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। इसने टेलेक्स तकनीक को बदल दिया, जिसका इस्तेमाल ज्यादातर बैंक 1970 के दशक की शुरुआत से पहले करते थे। इसके जरिये 200 देशों और 11 हजार फाइनैंशल इंस्टिट्यूशंस को वित्तीय लेन-देन से जुड़े निर्देश पहुंचाए जाते हैं। अमेरिका, ईरान और उत्तर कोरिया को खराब देश मानता है, इसलिए उसने स्विफ्ट से उन्हें बाहर किया हुआ है।

### इतना अहम क्यों है

किसी भी इकॉनमी के लिए सीमा- पार अंतरराष्ट्रीय लेन-देन बहुत जरूरी होता है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार हो या विदेशी निवेश, प्रवासियों की ओर से देश में भेजे जाने वाली रकम हो या इकॉनमी का रिजर्व बैंक जैसे केंद्रीय बैंकों का मैनेजमेंट। ये सारे काम स्विफ्ट के जरिए होते हैं। इसलिए अलग किसी देश को इसे बाहर किया जाता है तो एक तरह से उसकी पूरी अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है।

### क्या रूस और चीन स्विफ्ट पर निर्भर हैं?

रूसी नेशनल स्विफ्ट एसोसिएशन के अनुसार लगभग 300 रूसी वित्तीय संस्थान स्विफ्ट का उपयोग करते हैं। वे देश की 80 प्रतिशत से अधिक अंतरराष्ट्रीय भुगतान को संभालते हैं। 1983 में बैंक ऑफ चाइना के स्विफ्ट में शामिल होने के बाद लगभग 600 वित्तीय संस्थानों ने इस प्रणाली का उपयोग किया। 2012 में 25-सदस्यीय निदेशक मंडल में चीन के एक प्रतिनिधि को जोड़ा गया था, जबकि 2019 में बीजिंग में एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी को पंजीकृत किया गया था। जनवरी 2021 में चीनी केंद्रीय बैंक के कुछ सहयोगियों के साथ एक संयुक्त उद्यम स्थापित किया गया था। अमेरिकी डॉलर अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली मुद्रा है, जनवरी में 39.92 प्रतिशत भुगतान इसी से हुआ। स्विफ्ट के आंकड़ों के अनुसार इसके बाद यूरो के लिए 36.56 प्रतिशत, ब्रिटिश पाउंड के लिए 6.3 प्रतिशत, चीनी के लिए 3.2 प्रतिशत जबकि युआन और जापानी येन के लिए 2.79 प्रतिशत है। रूसी रूबल का वैश्विक भुगतान में केवल 0.26 प्रतिशत का योगदान था।

### रूस पर प्रतिबंध लगाने के कदम से क्या हासिल होगा?

रूस को वित्तीय संदेश प्रणाली से प्रतिबंधित करने का मतलब है कि रूसी बैंक अब इसका उपयोग व्यापार लेनदेन के लिए विदेशी वित्तीय संस्थानों के साथ भुगतान करने या प्राप्त करने के लिए नहीं कर सकते हैं। ये रूसी व्यापार के लिए एक भारी झटका हो सकता है, जिसकी कीमत पिछले साल 797.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी, या इसके सकल घरेलू उत्पाद का 46.6 प्रतिशत था। इसका एक ज्वलंत उदाहरण ईरान है, जिसे 2012-16 के बीच देश के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण स्विफ्ट नेटवर्क से बाहर किया गया था। ईरान को अपनी खुद की भुगतान प्रणाली शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जो धीमी और महंगी है, जो उसके कच्चे तेल के निर्यात को तबाह कर रही है। पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन के आंकड़ों के अनुसार, 2013 में, प्रतिबंधों के पहले वर्ष में, इसके कच्चे तेल के निर्यात का मूल्य 40 प्रतिशत कम हो गया। रूस पर प्रभाव बहुत बड़ा होगा क्योंकि ऊर्जा निर्यात देश के कुल निर्यात के आधे से अधिक के लिए जिम्मेदार है।

### कुछ खिलाफ क्यों ?

हालांकि कुछ का तर्क ये भी है कि अगर रूस के बाहर होने से दूसरे देशों को भी नुकसान होगा। यह नुकसान सिर्फ यूरोपीय देशों को नहीं, बाकी दुनिया को भी होगा। दरअसल, यूरोप रूस का बड़ा व्यापारिक साझेदार है। ये देश गैस के लिए काफी हद तक रूस पर आश्रित हैं। कुछ पूर्व अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि स्विफ्ट को तगड़ा झटका लगेगा, लेकिन इससे पश्चिमी देशों की बड़ी तेल कंपनियां भी प्रभावित होंगी। रूस दुनिया के बड़े तेल निर्यातकों में शामिल है। स्विफ्ट से बाहर किए जाने पर रूस से तेल निर्यात कम होगा। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल और गैस की कीमतें और बढ़ सकती है।

# भारत की अग्नि परीक्षा, यूक्रेन या रूस किसे दे समर्थन?



संजीव ठाकुर
चिंतक लेखक
रायपुर छत्तीसगढ़

**(रूस यूक्रेन युद्ध)**

रूस यूक्रेन युद्ध में भारत की स्थिति अत्यंत असमंजस वाली बन चुकी है। वह बड़ी अग्निपरीक्षा से गुजर रहा है।

अमेरिका पोषित राज्य यूक्रेन को अमेरिका रूस के विरुद्ध लगातार उसे उकसाता रहा है। रूसी यूक्रेन युद्ध का कोई तात्कालिक कारण नहीं है रूस के मन में युद्ध की खिचड़ी बहुत सालों से पक रही थी, यूक्रेन पूरी तरह अमेरिकी नियंत्रण में संचालित हो रहा है और यूक्रेन पूरी तरह चाहता है कि वह नेटो देश का सदस्य बन जाए और अब तो उसने यूरोपियन यूनियन की सदस्यता के लिए भी बड़ी मजबूत अपील की है। यूक्रेन पूर्व में यूनियन ऑफ सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक का हिस्सा रहा है 1991 के विघटन के बाद उसका लगातार झुकाव अमेरिका, यूरोपियन यूनियन तथा नैटो देशों के तरफ ही ज्यादा रहा है और यूक्रेन कि अमेरिका से नज़दीकियां रूस को हमेशा खटकती रही, यूक्रेन ने अपने सब परमाणु हथियार अमेरिका तथा सहयोगी देशों के कहने पर नष्ट कर दिए कि वक्त आने पर यही देश उसकी दूसरे देशों से सुरक्षा करेंगे पर अमेरिका सहित नैटो और यूरोपीय देशों ने रूस के विरुद्ध यूक्रेन युद्ध के समय हाथ खड़े कर दिए हैं, केवल धन तथा सामरिक अस्त्र शस्त्र देने पर राजी हुए हैं, रूस के आक्रमण के सामने धन तथा हथियार किसी काम के नहीं रह गए हैं, हथियार तो है लेकिन उन्हें कोई चलाने वाले सैनिक ही नहीं है। रूस, यूक्रेन युद्ध में भारत की महावैचारिक दुविधा यह है कि इस युद्ध में रूस का साथ दें या अमेरिका समर्थित यूक्रेन का। भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रस्तावित रूस को प्रतिबंधित करने के प्रस्ताव की वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। रूस ने इसे अपना समर्थन मानकर भारत की तारीफ भी की थी। भारत ने इस युद्ध में रूस के यूक्रेन पर हमले की आक्रामक निंदा से अपने को बचा कर रखा है और यूक्रेन के राजदूत की अपील पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से लगभग 40 मिनट विस्तृत चर्चा की जिसमें यूक्रेन में फंसे 20हज़ारभारतीय छात्रों की देश वापसी एवं युद्ध का शांतिपूर्वक कूटनीतिक बीच का रास्ता निकालने की अपील भी शामिल थी। भारत के संबंध पिछले एक दशक से अमेरिका से बड़े अच्छे तथा व्यवसायिक हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा सरकार के साथ-साथ अब तक डोनाल्ड ट्रंप तथा वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संबंध बड़े दोस्ताना एवं विदेश नीति अत्यंत व्यवसायिक हो गई है। अमेरिका का पुराना ट्रैक रिकॉर्ड भारत के विरुद्ध कभी भी सकारात्मक नहीं रहा है वह पाकिस्तान को सदैव भारत के विरुद्ध भड़काता रहा है और पाकिस्तान को परमाणु शक्ति संपन्न हुई बना दिया है जिसके दम पर पाकिस्तान भारत को समय समय पर आकर दिखाने से नहीं चूकता । दूसरी तरफ हमारे परंपरागत मित्र रूस ने स्वतंत्रता के बाद से ही भारत में भारी निवेश के साथ युद्ध में भी खुलकर समर्थन दिया है। चाहे वह पाकिस्तान के साथ लड़ाई हो या चीन के साथ। रूस ने सामरिक महत्व के अस्त्र-शस्त्र लेने के साथ-साथ भारत का सदैव एक सच्चे मित्र की तरह मनोबल ऊंचा रखा है। ऐसे में भारत किन्हीं भी परिस्थितियों में रूस का साथ छोड़ने की स्थिति में नहीं होगा ।अमेरिका वर्तमान में भी यूक्रेन को हमेशा रूस के विरुद्ध युद्ध करने के लिए भड़काता रहा और एन वक्त में उसने अपने हाथ खड़े करके यूक्रेन को अकेला युद्ध में लड़ने के लिए छोड़ दिया है। इसके पूर्व अफगानिस्तान के साथ भी अमेरिका ने कुछ ऐसा ही व्यवहार किया था और तालिबानियों तथा पाकिस्तान की युति के साथ अमेरिकी सैनिक मुंह की खा कर लौटे थे।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के कल्याण महाराष्ट्र सेंटर में महाशिवरात्रि का भव्य आयोजन



कल्याण। शिव का आध्यात्मिक संदेश जन जन तक पहुंचाने के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कल्याण सेंटर में महाशिवरात्रि का उत्सव मनाया गया।

इस उपलक्ष्य में प्रो डॉ दिनेश गुप्ता को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। अपने तीन शब्द वाह बाबा वाह से उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की। सेंटर में अलका दीदी, कुसमा दीदी, भावना दीदी, चांदनी दीदी, कल्पना दीदी तथा पूर्व आमदार श्री नरेन्द्र पवार एवं सभी बीके भाई बहन खुशियों के साथ उपस्थित थे।

मुरली के उपदेश के साथ, बाबा का संदेश सभी को सुनाया गया।

संस्था का ध्वज का ध्वजारोहण प्रो डॉ दिनेश गुप्ता द्वारा किया गया।

# रूस ने दुनिया को दिखाई अपनी ताकत, कम हुई अमेरिका की बादशाहत !

अंकित सिंह

रूस और भारत की जिस तरह से मित्रता है उस पर एक बार फिर से मोहर लगी है। इसके साथ ही रूस को यह समझ रहा है कि कौन उसका संकट का साथी है। अमेरिका को भी पता है कि भारत-अमेरिका और भारत-रूस संबंध दोनों अलग-अलग चीज है और इसका सम्मान अमेरिका भी कर रहा है।

भारत में 5 राज्यों में चुनावी शोर है। बावजूद इसके इस सप्ताह रूस और यूक्रेन युद्ध मुद्दा काफी सुर्खियों में रहा। प्रभासाक्षी के कार्यक्रम चाय पर समीक्षा में भी हमने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर ही चर्चा की। और साथ ही साथ प्रभासाक्षी की टीम से पूर्वांचल की जमीनी हकीकत को भी समझने की कोशिश की। हमेशा की तरह इस कार्यक्रम में मौजूद रहे प्रभासाक्षी के संपादक नीरज कुमार दुबे। रूस-यूक्रेन विवदा पर नीरज दुबे ने कहा कि यह पूरी दुनिया के लिए एक संदेश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार कहते हैं कि हमें आत्मनिर्भर बनना है और आज इस बात का एहसास हो रहा है कि आत्मनिर्भरता आज के जमाने में कितनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों के शह पर यूक्रेन ने जो बार-बार रूस को उकसाने की कोशिश की थी उसकी सजा आज यूक्रेन को भुगतनी पड़ रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि व्लादिमीर पुतिन एक मजबूत नेता के तौर पर इसमें उभरे हैं।

व्लादिमीर पुतिन के बारे में बात करते हुए नीरज दुबे ने कहा कि पश्चिमी देशों और यूरोपियन यूनियन के तमाम दबाव के बावजूद भी उन्होंने यूक्रेन के खिलाफ सैनिक कार्रवाई शुरू की। साथ ही साथ यह भी कह दिया कि अगर इस बीच में कोई आता है तो वह भी अंजाम बुरा भुगतेगा। उन्होंने कहा कि रूस ने ऐसा नहीं है कि यूक्रेन पर अचानक हमला कर दिया। यूक्रेन को पूरा मौका दिया गया था कि आप बात से मामले का हल निकालिए। लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। नीरज दुबे ने कहा कि जिस तरीके से अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी हुई और वहां के हालात बिगड़े, उसके बाद से पूरी दुनिया में अमेरिका की छवि धूमिल हुई है। यूक्रेन-रूस विवाद में भी जो बाइडन सिर्फ प्रतिबंधों का एलान करते रह गए और रूस ने आक्रमण कर दिया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को जिस तरह की उम्मीद थी कि उसके साथ पश्चिमी देश खड़े रहेंगे, वह प्रत्यक्ष रूप से होता दिखाई नहीं दे रहा है। हालांकि अब कुछ देशों ने यूक्रेन को सैन्य सहायता देने का भरोसा दिया है।

इसके साथ ही नीरज दुबे ने कहा कि यूक्रेन भारत से गुहार लगा रहा है। यह वही यूक्रेन है जो भारत विरोधी देश के रूप में जाना जाता है। एक बार नहीं, कई दफा उसने भारत के विरोध जाकर कई काम किए हैं। इसके साथ ही इस्लामिक देशों के एजेंडे को भारत के खिलाफ आगे बढ़ाने का काम किया। यूक्रेन को इस बात की उम्मीद है कि जिस तरीके से भारत और रूस के बीच संबंध हैं, उसकी वजह से फिलहाल कोई हल निकल सकता है। भारत और रूस के संबंध के बारे में बताते हुए नीरज दुबे ने कहा कि जिस तरीके से भारत और रूस के बीच का संबंध है, वही देखने को मिला कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस के खिलाफ प्रस्ताव पर भारत ने वोट नहीं दिया। इसके साथ ही नीरज दुबे ने कहा कि भारत का हमेशा से मानना रहा है कि किसी भी मसले का हल बातचीत और शांति से निकाला जाए। इसके साथ ही रूस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव से दूर रहकर भारत ने अच्छा काम किया है और साथ ही साथ अमेरिका से भी संबंध को बरकरार रखा है।

नीरज दुबे ने कहा कि रूस और भारत की जिस तरह से मित्रता है उस पर एक बार फिर से मोहर लगी है। इसके साथ ही रूस को यह समझ रहा है कि कौन उसका संकट का साथी है। अमेरिका को भी पता है कि भारत-अमेरिका और भारत-रूस संबंध दोनों अलग-अलग चीज है और इसका सम्मान अमेरिका भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का कद लगातार बढ़ता जा रहा है। भारत के प्रधानमंत्री से जिस तरीके से वैश्विक मसलों पर राय ली जाती है वह अपने आप में भारत के कद को दिखाता है। हालांकि नीरज दुबे ने कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से इस तरीके से यूक्रेन में फंसे लोगों के वीडियोस डाले जा रहे हैं, वह वाकई हैरान करने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि यह संकट का समय है, हमें धैर्य रखना चाहिए और हमें पैनिक नहीं फैलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार यूक्रेन में फंसे हर भारतीयों को निकालने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखा रही है। मुश्किल हालात है लेकिन ऑपरेशन गंगा के तहत नागरिकों को वहां से निकाला जा रहा है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, चार मंत्री यूक्रेन के पड़ोसी देशों में जाएंगे

केंद्र सरकार ने यूक्रेन में फंसे छात्रों समेत भारतीयों को बाहर निकालने की प्रक्रिया में समन्वय के लिए चार केंद्रीय मंत्रियों को युद्धग्रस्त देश के पड़ोसी देशों मे भेजने का फैसला किया। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में संपन्न एक उच्च स्तरीय बैठक में किया गया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, किरेन रिजिजू और वी के सिंह भारत के "विशेष दूत" के तौर पर यूक्रेन के पड़ोसी देशों में जाएंगे। उन्होंने बताया कि सिंधिया भारतीयों को यूक्रेन के निकालने के अभियान के लिए समन्वय का काम रोमानिया और मोल्दोवा से संभालेंगे, जबकि रिजिजू स्लोवाकिया जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि पुरी हंगरी जाएंगे और सिंह भारतीयों को निकालने का प्रबंध करने के लिए पोलैंड जाएंगे। इन मंत्रियों को यूक्रेन के पड़ोसी देशों में भेजने का फैसला करने से एक दिन पहले ही मोदी ने कहा था कि युद्धग्रस्त देश में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उन्हें बाहर निकालना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है।

### पुतिन ने प्रतिबंधों का हवाला देते हुए रूस के परमाणु बल को 'अलर्ट' पर रखने का आदेश दिया

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूसी परमाणु बलों को 'हाई अलर्ट' पर रखने का आदेश दिया जिससे यूक्रेन पर रूस द्वारा किये गए हमले पर पूर्वी और पश्चिमी देशों के बीच तनाव और बढ़ने का अंदेशा है। पुतिन ने कहा कि नाटो के प्रमुख सदस्य देशों द्वारा आक्रामक बयानबाजी की प्रतिक्रिया में उन्होंने यह निर्णय लिया। इस आदेश का अर्थ है कि पुतिन रूस के नाभिकीय हथियारों को दागने के वास्ते तैयार रखना चाहते हैं। उनके इस निर्णय से दुनिया में परमाणु युद्ध के बादल मंडराने लगे हैं।

मास्को की सेनाओं के कीव के और निकट आने के बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से कहा गया कि उनका एक प्रतिनिधिमंडल रूसी अधिकारियों के साथ बैठक करेगा। पुतिन ने परमाणु अस्त्रों को 'अलर्ट' पर रखने के लिए न केवल नाटो के सदस्य देशों के बयानों का हवाला दिया बल्कि रूस और अपने (पुतिन) विरुद्ध पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का भी उल्लेख किया। शीर्ष अधिकारियों संग की गई एक बैठक में पुतिन ने रूस के रक्षा मंत्री और 'मिलिट्री जनरल स्टाफ' के प्रमुख को आदेश दिया कि परमाणु रोधी बलों को "युद्ध संबंधी दायित्व के लिए तैयार रखा जाए।"

## बुरी खबर है आई !



युद्ध से

अचानक ।
बुरी खबर है आई ।।
छात्र ने हमारे ।
अपनी जान गंवाई ।।
है ग़म का माहौल ।
घड़ी है ऐसी आन ।।
सदमे में परिवार ।
चली गई जान ।।
आ रहा है गुस्सा ।
हो गए मजबूर ।।
कष्ट में हमारे ।
अपने जो सुदूर ।।
हो रही है वापसी ।
अटके भी मझधार ।।
पर बड़ा सवाल ।
थे कितने तैयार ?

**कृष्णेन्द्र राय**

## शार्ट न्यूज

### बहराइच में बाघ ने बनाया युवक को निवाला

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच ज़िले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में सोमवार शाम कतर्निया रेंज एक बाघ ने एक युवक को अपना निवाला बना लिया है। सूत्रों के अनुसार सोमवार रात करीब आठ बजे कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के कतर्निया रेंज अंर्तगत अम्बा गांव निवासी मुराली का पुत्र राकेश कुमार (27) अपनी खेत की रखवाली करने गया था, उसी दौरान जंगल से निकले टाइगर उसपर हमला करके अपना निवाला बना डाला। राकेश जब देर रात तक घर नही पहुंचा तो घर वाले और ग्रामीण इकट्ठा हो कर राकेश को खोजने निकल पडे। पूरी रात खोजबीन करने के बाद आज सुबह राकेश का क्षत-विक्षत अवस्था में खेत के किनारे झाड़ियों में मिला। ग्राम प्रधान इकरार अंसारी ने बताया कि टाइगर ने राकेश को निवाला बना लिया है। वन क्षेत्राधिकारी रामकुमार ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर वह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। क्षत विक्षत शव देखने के बाद लगा कि किसी जंगली जानवर के हमले से ही राकेश की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा।

### आजमगढ़: जहरीली शराब कांड का एक और इनामी आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** आजमगढ़ पुलिस ने आज सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस- वे पर 50 हजार के इनामी आरोपी नईम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें लगी हुई थी। बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी है। जिले के अहिरौला थाना क्षेत्र में हुई जहरीली शराब की घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। जिले के स्क्क अनुराग आर्य ने फरार आरोपी नईम पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था, जिसे बाद में ष्ठढ्ढत्र अखिलेश कुमार ने बढ़ाकर 50 हजार कर दिया था। इस मामले में छह आरोपियों पर इनाम घोषित किया गया था, जिनमें से चार को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है। मामले के मुख्य आरोपी नदीम को पहले ही पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। नदीम की ही माहुल के रूपाईपुर स्थित फैक्ट्री से बनी शराब पीने से 13 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। जहरीली शराब कांड में अब तक 13 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आठ अभियुक्तों को पुलिस तलाश कर रही है, जिनमें दो पर इनाम रखा गया है। जिले के एसपी अनुराग आर्य का कहना है कि फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### रेलवे स्टेशनों पर करोड़ों का टैक्स बकाया

**कानपुर।** कानपुर नगर निगम ने पांच रेलवे स्टेशन को बकाया टैक्स जमा करने के लिए नोटिस जारी कर दिए हैं। शहर की सीमा में लगने वाले इन रेलवे स्टेशनों का बकाया कर 14 करोड़ रुपए से ज्यादा है। बताया जा रहा है कि इतनी बड़ी यह रकम पिछले कई वर्षों की है। चर्चा है कि विभाग इतनी बड़ी रकम को लगभग भूला बैठा था। एक आरटीआई एक्टिविस्ट के द्वारा जानकारी मांगे जाने के बाद नगर निगम इस मामले में सक्रिय हुआ। आनन-फानन में नगर निगम सीमा में आने वाले सभी रेलवे स्टेशनों में बकाया सर्विस टैक्स की रकम को निकालकर नोटिस भेजने का काम किया गया है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे कानपुर नगर निगम का कई करोड़ रुपए का बकाया है। इसमें सबसे ज्यादा सर्विस टैक्स का बकाया चकेरी रेलवे स्टेशन का है, जिससे नगर निगम को आठ करोड़ 11 लाख 73 हजार रुपए से अधिक की रकम वसूलनी है। इसके बाद नंबर दो पर ट्रांसपोर्ट नगर रेलवे कार्यालय आता है, जिससे दो करोड़ 33 लाख 52 हजार से अधिक की वसूली नगर निगम द्वारा की जानी है। इसी तरह रूमा रेलवे स्टेशन पर दो करोड़ 22 लाख 18 हजार से अधिक की रकम बकाया है। चंदौली रेलवे स्टेशन पर भी 98 लाख 80 हजार के करीब देनदारी बाकी है। वहीं, रावतपुर रेलवे स्टेशन से 62 लाख से ज्यादा की रकम बताई जा रही है। शहर के आठ रेलवे कार्यालयों से 14 करोड़ 65 लाख से अधिक की वसूली नगर निगम को करनी है।

### 10 मार्च के बाद जारी हो सकता है 9534 एसआई भर्ती परीक्षा का रिजल्ट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीबीपीबी) की 9534 पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का रिजल्ट 10 मार्च 2022 के बाद जारी हो सकता है। अब तक रिजल्ट रुके होने के पीछे एक कारण है। यह कारण है विधाानसभा चुनाव। एसआई परीक्षा रिजल्ट की तरह ही यूपीटीईटी का रिजल्ट भी रुका हुआ है। टीईटी रिजल्ट को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार में सचिव अनामिका सिंह ने सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी अनिल भूषण चतुर्वेदी को भेजे पत्र में लिखा था कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 15 फरवरी को आयोजित स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में टीईटी के परिणाम को स्थगित करने की संस्तुति की है। ऐसे में अनुमान लगाया जा सकता है कि यूपी पुलिस एसआई भर्ती परीक्षा का रिजल्ट भी इसी कारण से होल्ड पर हो सकता है। उम्मीद है कि अब 10 मार्च के बाद आदर्श आचार संहिता हटने के बाद किसी भी दिन एसआई परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया जा सकता है। यूपी पुलिस एसआई भर्ती परीक्षा का आयोजन 12 नवंबर 2021 से 02 दिसंबर 2021 तक किया गया था। भर्ती परीक्षा की आंसर-की पहले ही जारी की चुकी है। इस पर आपत्तियां भी लीं जा चुकी हैं। लेकिन बोर्ड की ओर से रिजल्ट जारी करने की डेट या कोई अन्य अपडेट अभी तक जारी नहीं किया गया। एसआई परीक्षा रिजल्ट के साथ ही परीक्षा में पास होने वाले अभ्यर्थियों का पीईटी शेड्यूल भी यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड की वेबसाइट uppbpb.gov.in पर जारी किया जाएगा। लेकिन इससे पहले अभ्यर्थियों को यह ध्यान रखना होगा कि परीक्षा में क्वालीफाई करने वालों को अगले चरण की परीक्षा यानी शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होना होगा। इसमें अभ्यर्थियों को 28 मिनट में 4.8 किमी की दौड़ पूरी करनी होगी।

# शिवरात्रि के अवसर पर आस्था के समंदर में डूबा उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** आदि देव शिव और शक्ति की देवी गौरी के विवाह के प्रतीक पर्व महाशिवरात्रि के मौके पर उत्तर प्रदेश में चहुंओर आस्था का समंदर हिलोरें मारता दिखा। शिव की नगरी काशी और संगम नगरी प्रयागराज समेत राज्य के अधिसंख्य इलाकों में कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच तड़के से ही शिवालयों में जलाभिषेक और दर्शन पूजन करने के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।





देश के 12 ज्योर्तिलिंगों में एक बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में देर रात से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। 'हर हर बम बम' के गगनभेदी उदघोष के साथ श्रद्धालु गंगा नदी में स्नान कर अपने आराध्य के दर्शन के लिये कतारबद्ध होने लगे थे। दूर दराज के क्षेत्रों से पवित्र नदियों और सरोवरों का जल लेकर आये कांवड़ियों के समूह उत्साह और बेसब्री के जलाभिषेक के लिये अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे।

वाराणसी से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार काशी विश्वनाथ धाम में भगवान विश्वेषर के दर्शन पूजन के लिये हजारों शिवभक्तों ने हर हर महादेव के उदघोष के साथ विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक किया। पिछले वर्ष दिसम्बर में काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण के बाद पहली शिवरात्रि के मौके पर नगर और आसपास के सैकड़ों भक्तों ने कल रात से ही मणिकर्णिका घाट स्थित धर्म स्थलों पर पूजा दर्शन और गंगा स्नान करने के बाद पंचकोसी यात्रा आरंभ कर दी थी तथा यात्रा पूरी करने के बाद वह गंगाजल लेकर काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे।

मंदिर की ओर भक्तों की लंबी कतार लगी थी। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और बेलपत्र एपं धतूरा चढाया । इस अवसर पर पूरे परिसर में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किये गये थे। काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण के साथ मंदिर गंगा तट से सीधा जुड़ गया है। पूरे मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है।

प्रयागराज में माघ मेला के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के मौके पर हजारों की संख्या में शिवभक्तों ने पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगायी और शिवालयों में जलाभिषेक कर भगवान शिव को प्रिय बेलपत्र, धतूरा, पुष्प, गंध और चंदन अर्पित किया। करीब एक माह तक चलने वाला माघ मेला का आज पूरी तरह समापन हो गया है। मेला क्षेत्र में प्रवास कर रहे संत व श्रद्धालु स्नान करके मेला क्षेत्र से लौटने लगे हैं।

बाराबंकी से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पौराणिक लोधेश्वर महादेव मंदिर में लाखों कावड़ियों ने लोधेश्वर महादेव को पवित्र गंगाजल अर्पित किया।कोई अप्रिय घटना ना घटे इसलिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद व्यवस्था की है।

तहसील रामनगर में स्थित महाभारत कालीन प्राचीन पौराणिक लोधेश्वर महादेव शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों का हुजूम मंदिर पहुंच रहा है।

लखनऊ में बुद्धेश्वर, मनकामेश्वर, हनुमान सेतु स्थित शिवालयों में भोर से शिवभक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। कतार में लगे श्रद्धालु अपनी बारी के इंतजार के साथ हर हर महादेव का उदघोष कर रहे थे।

मंदिरों में सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये हैं। कानपुर में परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर के कपाट भोर तीन बजे से ही दर्शन के लिये खोल दिये गये थे। रात 12 बजे से ही यहां शिवभक्तों की लंबी कतारें लग गयी थी। इसके अलावा वनखंडेश्वर, सिद्धेश्वर, नागेश्वर समेत छोटे बड़ें शिवालयों में तिल रखने की जगह नहीं थी।

जौनपुर में प्रमुख शिव मंदिरों त्रिलोचल महादेव जलालपुर, दियावांनाथ, गौरीशंकर धाम सुजानगंज, साईनाथ, करशूल नाथ, पाताल नाथ, गोमतेश्वर नाथ केराकत, पांचों शिवाला, सर्वेश्वरनाथ, सहित अन्य शिवालयों पर सवेरे से ही श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते देखे गये।

हर हर महादेव के जयघोष करते हुए अपनी बारी आने का इन्तजार करते रहे और जलाभिषेक किया। ऐतिहासिक शिव मंदिर त्रिलोचन महादेव में आज गुरुवार को सुबह से से भगवान शिव की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक व रुद्राभिषेक कर रहे हैं। मान्यता है कि राक्षस भष्मासुर को मारने के लिए अपना तीसरा नेत्र खोला था था, इसी से इनका नाम त्रिलोचन महादेव पड़ा है। धर्मापुर बाजार में हर वर्ष की भांति शिव मंदिर केशवपुर हनुमान मंदिर स्थित शिवालय मे सुबह से ही महिलाएं और बच्चों की भीड़ जलाभिषेक के लिए उमड़ी रही हैं।

देवरिया में महाशिवरात्रि के अवसर पर विभिन्न शिवालयों में भक्त ब्रह्म बेला से ही हर हर महादेव का जप करते हुए भगवान शिव की आराधना करते हुए पूजन अर्चन एवं जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक कर रहे हैं। सोमनाथ मंदिर, पुलिस लाइन, कचहरी चौराहा, भटवलिया विद्युत उपकेंद्र व न्यू कालोनी के शिवालयों में युवतियों, महिला व पुरुष भक्तों ने व्रत रहकर और भगवान को प्रिय प्रसाद सामग्री चढ़ाकर विधि विधान से स्तुति कर रहे हैं। कई मंदिरों पर रुद्राभिषेक का भी कार्यक्रम भी चल रहा है। बिहार सीमा पर बाणासुर की तपस्थली सोहगरा धाम स्थित शिवालय में श्रद्धालुओं ने जल, बेलपत्र, भांग, धतूरा आदि चढ़ाकर शिव की पूजन-अर्चन कर रहे हैं।

# शासन की योजनाओं में डकैती डालती थी सपा-बसपा सरकारें

## पिछली सरकारें गरीबों का राशन तक हड़प जाती थी : योगी

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हर नागरिक को सुरक्षा, विकास और शासन की योजनाओं से जोड़ने वाली पार्टी है, तो दूसरी तरफ वह लोग हैं जो नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ और विकास की योजनाओं में डकैती डालते थे।

पिपराइच विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी एवं विधायक महेंद्र पाल सिंह के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुये योगी ने कहा कि पिछली सरकारें गरीबों का राशन तक हड़प जाती थी। बिजली की भी जाति और मजहब हुआ करती थी । चेहरा देखकर बिजली आती थी। हमारी सरकार बिना किसी भेदभाव के सबको पर्याप्त और निर्बाध बिजली दे रही है। हमारा बुलडोजर सड़क भी बना रहा है तो पेशेवर अपराधियों और माफिया की अवैध कमाई के पैसे से सरकार का खजाना भी भर रहा है ।

उन्होने कहा कि यह चुनाव विकास और शासन की कल्याणकारी योजनाओं पर हो रहा है। हम हर गरीब को मकान, शौचालय, वृद्धजनों, दिव्यागजनों को पेंशन और उपचार की सभी सुविधा दे रहे हैं। हमे खुशी है कि हम लोगों के रहते अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मन्दिर का निर्माण होने से हमारी पूरी पीढ़ी का उद्धार हो गया जो पिछले पांच सौ सालों से लटका था।

योगी ने कहा कि सपा, बसपा या कांग्रेस मंदिर का निर्माण कभी नही कराती । हमने जो कहा वह करके दिखाया। पिछले पांच साल में पांच लाख सरकारी नौकरी दी और दो करोड़ युवाओं को रोजगार के साथ जोड़ा। सुरक्षा की गारंटी दी । आज पर्व और त्योहार शांति से मनाये जा रहे हैं। कोरोना कालखंड में डबल इंजन की सरकार माह में दो बार राशन के साथ दाल, तेल और नमक भी दे रही है। क्या इसके पहले मिलता था।

उन्होंने कहा कि 2017 से पहले गरीबों का राशन सपा- बसपा के नेता हड़प लेते थे। उन्होंने कहा कि हमने यह तय किया है कि चुनाव परिणाम आने के बाद हर उज्जवला योजना के लाभार्थी को होली और दिवाली पर एक- एक फ्री सिलेंडर, 60 साल के ऊपर की महिलाओं को रोडवेज की बस में फ्री यात्रा की सुविधा देंगे। बेटी के विवाह के लिए दी जाने वाली 51 हजार की कन्यादान राशि को बढ़ाकर एक लाख रुपये देंगे।

### योगी ने की विश्व कल्याण की कामना



गोरखपुर। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां शिवावतारी बाबा गोरखनाथ मंदिर में विधि विधान से देवाधिदेव महादेव का स्द्राभिषेक कर विश्व-कल्याण की कामना की। अपने चुनावी दौरे के तीसरे दिन मंगलवार को योगी ने गोरखनाथ मंदिर में विधि.विधान से रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ की अराधना की। महाशिवरात्रि के दिन होने वाले अनुष्ठान का संकल्प विधानसभा चुनाव में भाजपा की विजय और विश्व शांति के लिए रहा। मंदिर स्थित अपने आवास के शक्तिपीठ में एक घंटे तक चले अनुष्ठान में मुख्यमंत्री ने पके हुए आम के रस, 11 लीटर दूध, जल, दही, घी, शक्कर, शहद, गंगा जल और गन्ने के रस से महादेव भगवान शिव का अभिषेक किया।

# बलिया बनाम छलिया का है विधानसभा चुनाव : अखिलेश

**बलिया।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर लोगों को धोखा देने का आरोप लगाते हुये कहा कि मौजूदा विधानसभा चुनाव 'बलिया बनाम छलिया' का है और यहां की जनता छलने वाली सरकार को उखाड़ फेकेंगी।



फेफना क्षेत्र के ग्राम कटरिया में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुये श्री यादव ने मंगलवार को कहा कि भाजपा ने जनता को धोखा दिया है। उसे समय समय पर छला है समय समय पर। ये चुनाव छलिया बनाम बलिया दिखायी दे रहा है। क्रांतिकारियों की भूमि बलिया के लोग अपने बल से इस सरकार को धूल चटाने का काम करेंगे।

उन्होने कहा कि सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भाषण लोगों ने सुना होगा। अब तो भाजपा के सहयोगी भी जान चुके है कि भाजपा के लोग झूठ बोलते हैं। छोटे नेता छोटा झूठ बोलता है, बड़ा नेता बड़ा झूठ बोलता है और सबसे बड़ा नेता सबसे बड़ा झूठ बोलता है। किसानो की आय दोगुनी करने का वादा झूठा निकला जबकि नौजवान को रोजगार नहीं मिला। किसानो को खाद डीएपी के लिये तरसना पड़ा। खरीद केन्द्र पर उसकी धान की फसल खरीदी नहीं गयी। किसानो की लूट हो गयी। खाद की बोरी से पांच किलो खाद चोरी हो गयी। पता नहीं भाजपा वाले चोरी कहां से सीख कर आये हैं।

यादव ने दावा किया कि मौजूदा चुनाव में गठबंधन सरकार 300 से ज्यादा सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी। सरकार आने पर किसानो, नौजवानो की समस्या का निदान प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।

### गोंडा : भाजपा विधायक प्रतीक भूषण और सपा प्रत्याशी सूरज सिंह पर मुकदमा

गोंडा। यूपी के गोंडा जिले में वोटिंग के दिन देहात कोतवाली क्षेत्र के निगवाबोध गांव में हुए मारपीट के मामले में विधायक व सांसद प्रतिनिधि समेत कई लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे मामले में सपा उम्मीदवार सहित कई लोगों पर केस दर्ज कराया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। रविवार को मतदान के दौरान देहात कोतवाली क्षेत्र के निगवाबोध गांव में दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। पीड़ित हेमंत सिंह पुत्र सत्यपाल निवासी बल्लीपुर का आरोप है कि वह निर्दलीय प्रत्याशी संजय सिंह के साथ क्षेत्र भ्रमण पर था। निगवाबोध विद्यालय के पास भाजपा प्रत्याशी व विधायक प्रतीक भूषण सिंह, उनके भाई करन भूषण सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह दस गाड़ियों से पहुंचे और उसकी पिटाई करने लगे। उसका आरोप है कि राजीव कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह व अमित पुत्र दिलीप सिंह भी उसके साथ मारपीट करने लगे। इस मामले में पुलिस ने प्रतीक भूषण सिंह, करन भूषण सिंह, संजीव सिंह, राजीव कुमार सिंह, अमित सिंह समेत पचास अज्ञात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी ओर भाजपा से जुड़े रामतीरथ वर्मा का आरोप है कि सपा उम्मीदवार सूरज सिंह उसके दुकान पर पहुंचे और हमला कर दिया।

# यूपी के बदमाशों ने कोलकाता में व्यापारी का किया मर्डर

## एटीएस ने 5 किलो सोना लूटकर फरार हुए बदमाशों को किया अरेस्ट, गहने भी बरामद



**लखनऊ।** कोलकाता के बड़ाबाजार में 27 फरवरी को सोना कारोबारी की हत्या यूपी के बदमाशों ने की थी। हत्या के बाद 5 किलो 100 ग्राम सोना लूटकर फरार हुए तीन बदमाशों को एटीएस ने मंगलवार को आगरा से गिरफ्तार किया। इनके पास से लूटा गया सोना भी बरामद कर लिया गया है। कोलकाता में चल रहे नगर निकाय चुनाव के बीच 27 फरवरी को सनसनीखेज वारदात हुई। बेखौफ बदमाशों ने सबसे भीड़भाड़ वाले इलाके बड़ाबाजार की एक गद्दी में घुसकर सोना कारोबारी की हत्या कर दी।

इसके बाद एक-एक किलो के पांच गोल्ड बार और सौ ग्राम सोने का बिस्किट लूटकर भाग निकले। कोलकाता पुलिस को वारदात में यूपी के बदमाशों का हाथ होने का सुराग मिला। इस पर पुलिस ने यूपी एटीएस से मदद मांगी। एटीएस ने बदमाशों को ट्रेस किया तो उनकी लोकेशन आगरा में मिली। मंगलवार को एटीएस की टीम ने दो बदमाशों को आगरा के फतेहाबाद बस स्टैंड से गिरफ्तार किया।

### लूट का सोना अपने गढ़ में बेचने की फिराक में थे बदमाश

एटीएस अफसरों के मुताबिक पकड़े गए करन वर्मा विजयनगर गाजियाबाद, रुप किशोर सिंह खैर अलीगढ़ और सुशील कुमार सरधना जनपद मेरठ के रहने वाले हैं। 27 फरवरी को कोलकाता में घटना को अंजाम देने के बाद ही दोनों यूपी आ गए थे। यहां आगरा की सोना, चांदी मंडी में लूट का सोना बेचने की फिराक में थे। फिलहाल दोनों आरोपियों को कोलकाता पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। वो सोना बेचने के लिए किस कारोबारी के सम्पर्क में थे इसका पता लगाया जा रहा है।

# यूपी विस के छठे चरण के लिये थम गया प्रचार, तीन को होगा मतदान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार मंगलवार शाम छह बजे थम गया। इस चरण में 10 जिलों की 57 विधानसभा सीटों के लिये तीन मार्च को मतदान होगा।




मतदान के छठे चरण में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके छह मंत्रियों के अलावा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने सोमवार को बताया कि छठवें चरण के मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कोविड सुरक्षित तरीके से सम्पन्न कराने के लिये जरूरी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। छठवें चरण में प्रदेश के 10 जिलों की 57 विधान सभा सीटों के लिए तीन मार्च को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। इनमें अम्बेडकरनगर, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीर नगर, महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया एवं बलिया के विधान सभा क्षेत्र शामिल हैं।

गोरखपुर शहर विधानसभा से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुकाबले में समाजवादी पार्टी (सपा) की शुभावती शुक्ला के अलावा आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद मैदान पर डटे हैं वहीं बलिया की बांसडीह क्षेत्र से नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी सपा के टिकट पर मैदान मे है। भाजपा छोड़ कर सपा में शामिल हुये स्वामी प्रसाद मौर्य कुशीनगर में अपनी परंपरागत पडरौना सीट की बजाय फाजिलनगर से किस्मत आजमा रहे है जबकि कुशीनगर की तमकुही राज सीट पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की प्रतिष्ठा दांव पर है।

सिद्धार्थनगर के इटवा से बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी का मुकाबला समाजवादी पार्टी की तरफ से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय से है वहीं देवरिया की पथरदेवा से सूर्य प्रताप शाही और देवरिया सदर से सीएम के मीडिया सलाहकार शलभ मणि त्रिपाठी चुनाव मैदान में हैं। बलिया की फेफना सीट से खेल मंत्री उपेन्द्र तिवारी जबकि अंबेडकरनगर के कटेहरी से बसपा विधानमंडल दल के नेता रहे लालजी वर्मा सपा के टिकट पर मैदान पर है। बलिया नगर में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह की टक्कर सपा सरकार में मंत्री रहे नारद राय से है। छठे चरण में कांग्रेस के अखिलेश प्रताप सिंह, बसपा से सपा में आए राम अचल राजभर, पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा, श्रीराम चौहान, राम स्वरूप शुक्ला, राज किशोर सिंह और विनय शंकर तिवारी जैसे दिग्गजों की किस्मत भी दांव पर है।

गौरतलब है कि वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में इन 61 सीटों में से अकेले भाजपा के खाते में 46 सीटें आयी थी जबकि उसकी सहयोगी अपना दल एस और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को एक एक सीट मिली थी। सुभासपा अब समाजवादी पार्टी गठबंधन का हिस्सा है। उस चुनाव में सपा को मात्र तीन सीटों से संतोष करना पडा था वहीं बसपा को चार और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। एक सीट निर्दलीय के खाते में गयी थी।

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार तीन मार्च को छठवें चरण की जिन 57 विधान सभा सीटों के लिये मतदान होना है, उसमें कटेहरी, टांडा, आलापुर (अजा), जलालपुर, अकबरपुर, तुलसीपुर, गैंसड़ी, उतरौला, बलरामपुर (अजा), शोहरतगढ़, कपिलवस्तु (अजा), बांसी, इटवा, डुमरियागंज, हरैया, कप्तानगंज, रूधौली, बस्ती सदर, महादेवा (अजा), मेंहदावल, खलीलाबाद, धनघटा (अजा), फरेंदा, नौतनवा, सिसवा, महराजगंज (अजा), पनियरा, कैम्पियरगंज, पिपराइच, गोरखपुर शहर, गोरखपुर ग्रामीण, सहज़नवा, खज़नी (अजा), चौरी-चौरा, बांसगांव (अजा), चिल्लूपार, खड्डा, पडरौना, तमकुही राज, फाज़िलनगर, कुशीनगर, हाटा, रामकोा (अजा), रूद्रपुर, देवरिया, पथरदेवा, रामपुर कारखाना, भाटपार रानी, सलेमपुर (अजा), बरहज, बेल्थरा रोड (अजा), रसड़ा, सिकन्दरपुर, फेफना, बलिया नगर, बांसडीह एवं बैरिया विधान सभा शामिल है।

# लखनऊ पीजीआई : गंभीर मरीजों को मिलेगी राहत

## 12 ऑपरेशन थियेटर फिर शुरू



**एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ पीजीआई में डेढ़ माह से ऑपरेशन की प्रतीक्षा करने वाले 100 से ज्यादा गंभीर मरीजों को राहत मिलेगी। संस्थान में जनवरी से बन्द पड़े 12 ऑपरेशन थियेटर क्रियाशील हो गए हैं। दिल, दिमाग, पेट, प्रोस्टेट समेत दूसरे विभागों के गम्भीर मरीजों के ऑपरेशन और गुर्दा प्रत्यारोपण वाले मरीजों के ऑपरेशन प्राथमिकता के आधार पर होंगे। ओपीडी एवं मरीजों को फोन कर ऑपरेशन के लिए बुलाया जा रहा है।

कोरोना की तीसरी लहर के चलते पीजीआई के राजधानी कोविड अस्पताल में मरीज बढ़ने पर जनवरी में मरीजों के ऑपरेशन टाल दिये गए थे। वजह यहाँ के राजधनी कोविड अस्पताल में संक्रमित मरीजों के इलाज में डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों की फ्यूटी लगा दी गई थी। भारी संख्या में डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी पॉजिटिव हो गए थे।

जनवरी के पहले हफ्ते में कोरोना मरीज और स्टाफ के संक्रमित होने पर संस्थान में 50 फिसदी बेड और 34 में से 12 ऑपरेशन थियेटर बन्द कर दिए गए थे। सामान्य दिनों में 60 से ज्यादा ऑपरेशन हो रहे थे। जबकि कोविड में यह ऑपरेशन की संख्या घटकर करीब 20 फिसदी कम हो गई थी।

### इन्हें मिलेगी राहत

संस्थान के गैस्ट्रो, न्यूरो, इंडोक्राइन सर्जरी समेत यूरोलॉजी, गुर्दा प्रत्यारोपण समेत दूसरे बीमारियों के गंभीर मरीजों को राहत मिलेगी। सामान्य दिनों की तरह ऑपरेशन शुरू हो गए हैं।

### 12 ऑपरेशन थियेटर शुरू

कोरोना के चलते संस्थान में 34 ऑपरेशन थियेटर में से 12 को बन्द कर दिया गया था। हालाँकि गंभीर मरीजों के ऑपरेशन प्राथमिकता के आधार पर हो रहे थे। फिर भी ऑपरेशन थियेटर बन्द होने से करीब 100 मरीजों के ऑपरेशन नहीं हो पाए थे।

## शार्ट न्यूज

### होंडा, एचपीसीएल बैटरी बदलने के स्टेशन लगाएंगी

**मुंबई।** वाहन विनिर्माता होंडा मोटर ने सरकारी क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल) के साथ मिलकर भारत में बिजली वाहनों के लिए बैट्री बदलने की सुविधाएं प्रदान करेगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार होंडा मोटर की अनुषंगी कंपनी होंडा पावर पैक इनर्जी इंडिया और एचपीसीएल के बीच इसके लिए सहमति का करार हुआ है। दोनों कंपनियां मिलकर एचपीसीएल के पेट्रोल पंपों पर विद्युत को वाहनों को बैट्री अदला-बदली केंद्र चलाएंगी। इस करार के तहत ऐसी पहली सुविधा बेंगलुरु में इस वर्ष की पहली छमाही में शुरू की जाएगी। दोनों कंपनियां यह सेवा बैट्री ऐज ए सर्विस (बीएएएस) के नाम से चलाएंगी। कंपनी के मुताबिक शुरुआत में यह सेवा तीपहिया वाहनों के लिए होगी जिसे बाद में दोपहिया वाहनों के लिए बढ़ाया जाएगा।

### सत्या नडेला के बेटे का 26 साल में निधन

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के बेटे का निधन हो गया है। नडेला के 26 साल के बेटे जेन को जन्म से ही सेरेब्रल पाल्सी की बीमारी थी। माइक्रोसॉफ्ट से मिली जानकारी के मतुाबिक, जेन का निधन सोमवार सुबह हुआ। सत्या की तीन बच्चों में जेन सबसे बड़े और अकेले बेटे थे। उनकी दो बेटियां तारा और दिव्या हैं। 1996 में 29 वर्षीय नडेला और उनकी 25 वर्षीय पत्नी अनुपमा अपने-अपने करियर पर फोकस कर रहे थे। नडेला इंजीनियर और अनुपमा आर्किटेक्ट में करियर बना रही थीं। दोनों अपने पहले बच्चे की उम्मीद भी कर रहे थे। तभी उन्होंने अपने पहले बच्चे की प्लानिंग भी की।

### भारतेपे के मालिक का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** भारतपे के बोर्ड के साथ लड़ रहे अशनीर ग्रोवर ने कंपनी के एमडी और डायरेक्ट के रूप में इस्तीफा दे दिया है। कुछ दिन पहले ही उनकी पत्नी माधुरी जैन को फंड का गलत इस्तेमाल करने के आरोप में हेड ऑफ कंट्रोल पद से टर्मिनेट कर दिया गया था। बोर्ड को भेजे अपने इस्तीफे में ग्रोवर ने कहा कि मैं बड़े दुख के साथ इसे लिख रहा हूं, क्योंकि मुझे उस कंपनी को अलविदा कहने के लिए मजबूर किया जा रहा है जिसका मैं फाउंडर हूं। आज यह कंपनी फिनटेक की दुनिया में एक लीडर के रूप में खड़ी है। 2022 की शुरुआत से ही बदकिस्मती से कुछ लोगों ने न सिर्फ मेरी प्रतिष्ठा को बल्कि कंपनी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए मुझे और मेरे परिवार को बिना किसी आधार के फंसाया है। वे स्पष्ट रूप से इसे ही बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

### आईचि ने एयर इंडिया की कमान संभालने से किया इन्कार

**नयी दिल्ली।** टर्किश एयरलाइंस के पूर्व चेयरमैन एलकेर आइचि ने एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) का पद संभालने के लिए टाटा समूह की ओर से की गयी पेशकश को अस्वीकार कर दिया है। टाटा समूह के एक प्रवक्ता ने यूनीवार्ता से इस घटनाक्रम की पुष्टि की है। टाटा संस ने 14 फरवरी को श्री आइचि को एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्त किए जाने की घोषणा करते हुए कहा था कि वह एक अप्रैल या उससे पहले कार्यभार संभाल सकते हैं। बताया गया है कि श्री आइचि ने टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के साथ मिलकर बताया कि वह एयर इंडिया के सीईओ एवं एमडी के पद की जिम्मेदारी संभालने को अनिच्छुक हैं। एयरलाइन उद्योग सूत्रों ने कहा कि श्री आइचि ने अपने नाम को लेकर उठे विवाद खिन्न थे। पिछले सप्ताह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच ने तुर्की के साथ भारत के संबंधों के मद्देनजर एयर इंडिया जैसी रणनीतिक महत्व की कंपनी की बागडोर तुर्की के नागरिक को सौंपे जाने को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाया था और सरकार को इस पर सावधानी से निर्णय करने का सुझाव दिया था। नियमों के अनुसार एयरलाइनों के शीर्ष पदों पर नियुक्ति के लिए नामों को गृह मंत्रालय राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से जांचता है और उसके बाद ही कंपनियों को नियुक्ति की अनुमति दी जाती है।

### सीआईएल का फरवरी का कोयला उत्पादन 3.9 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई। सरकार क्षेत्र की कोयला कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने मंगलवार को बताया कि फरवरी में उसका कोयला उत्पादन 6.43 करोड़ टन रहा। यह पिछले साल फरवरी चालू वित्त वर्ष के फरवरी माह में 3.9 प्रतिशत अधिक है। पिछले वर्ष फरवरी का उत्पादन 6.19 करोड़ टन था। कोयला मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि इस वर्ष फरवरी में सीआईएल के कोयले का उठाव लगभग 12 प्रतिशत बढ़कर 5.74 करोड़ टन रहा। पिछले वर्ष इसी माह उठाव 5.13 करोड़ टन था। चालू वित्त वर्ष में फरवरी तक के 11 माह का इसका कुल कोयला उत्पादन 5.3 प्रतिशत बढ़कर 54.24 करोड़ टन रहा। पिछले वर्ष की इस अवधि में उत्पादन 51.51 करोड़ टन था। कंपनी के कोयले का उठाव अप्रैल-फरवरी 2021-22 के 11 माह की अवधि में 59.99 करोड़ टन रहा जो एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में 16.6 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने साल-दर-साल 10.95 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वर्ष 2023-24 तक कोयले का वार्षिक उत्पादन एक अरब टन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

### मारुति वाहनों की बिक्री में दर्ज हुयी गिरावट

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने मंगलवार को बताया है कि उसने फरवरी 2022 में वाहनों की 1,33,948 ब्रिकी की। यह एक साल पहले की तुलना में 7.46 प्रतिशत कम है। कंपनी ने फरवरी 2021 में 1,44,761 वाहन बेचे थे। कंपनी ने एक बयान में कहा कि फरवरी 2022 में निर्यात को मिलाकर उसकी कुल ब्रिकी 1,64,056 रही। फरवरी 2021 में यह आंकड़ा 1,64,469 था। कंपनी ने बताया कुल बिक्री में घरेलू बाजार में बिके वाहनों की संख्या 1,37,607 और निर्यात 24,021 इकाई रहा। कंपनी ने 24,021 वाहन दूसरे मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) को बेचे। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने घरेलू बाजार में 147,483 वाहन बेचे थे और 11,486 वाहनों का निर्यात किया था। कंपनी के मुताबिक घरेलू वाहनों की ब्रिकी में गिरावट इलेक्ट्रिक उपकरण की कमी के कारण है। इसके कारण मांग पूरा नहीं कर पा रही हैं।

### अति धनढयों की संख्या में भारत एशिया प्रशांत क्षेत्र में रहा सबसे ऊपर : नाइट फ्रैंक

**नयी दिल्ली।** एशिया प्रशांत क्षेत्र में 2020-21 के दौरान अति धनाढ़्य व्यक्तियों की संख्या की वृद्धि-दर के मामले में भारत 11 प्रतिशत वृद्धि के साथ के साथ सबसे ऊपर रहा। सम्पत्ति बाजार पर अनुसंधान एवं परामर्श सेवाएं देने वाली फर्म नाइट फ्रैंक की मंगलवार को जारी वेल्थ रिपोर्ट 2022 में यह बात सामने आयी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत 2020-21 में भारत 145 अरबपतियों की आबादी के साथ विश्व में अरबपतियों की आबादी में तीसरे स्थान पर रहा। अमेरिका और चीन पहले और दूसरे स्थान पर हैं। आज जारी रपट के अनुसार भारत में अति उच्च आय वाले धनाढ़्य व्यक्तियों - (यूएचएनडब्ल्यूआई) की आबादी पांच वर्ष में 39 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। इस श्रेणी में उन लोगों को रखा जाता है जिनकी सम्पत्ति तीन करोड़ डालर या करीब 225 करोड़ रुपये है। इस रपट के अनुसार अपने भरोसे अमरीर बने 40 वर्ष से कम आयु वर्ग के लोगों की संख्या में वृद्धि के मामले में भारत छठे स्थान पर है। वर्ष 2020-21 में भारत में अरबपतियों की आबादी 24 प्रतिशत बढ़कर 145 रही और एक सर्वे में 69 प्रतिशत भारतीय यूएचएनडब्ल्यूआई ने 2022 में अपने धन में 10 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद जताई है। नाइट फ्रैंक के द वेल्थ रिपोर्ट 2022 के आज जारी नवीनतम संस्करण के अनुसार 21 यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या में वैश्विक स्तर पर 2021 में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विश्व में इस वर्ग के 51,000 से अधिक लोगों की सम्पत्ति में वृद्धि देखी गयी है। रपट में कहा गया है, भारत में, यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या वार्षिक आधार पर 2020-21 में 11 प्रतिशत बढ़ी है, जो एशिया प्रशान क्षेत्र में उच्चतम वृद्धि है।

# जीएसटी : पांचवीं बार 1.30 लाख करोड़ के पार

## फरवरी में जीएसटी कलेक्शन 1.33 लाख करोड़ रुपए रहा, एक साल पहले की तुलना में 18 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी

**मुंबई।** फरवरी महीने में गुड्स एंड सर्विस टैक्स कलेक्शन 1,33,026 करोड़ रुपए रहा। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। एक साल पहले के इसी महीने की तुलना में इस बार इसमें 18 प्रतिशत की बढ़त आई है।

हालांकि, रोजाना कलेक्शन का औसत निकालें तो जनवरी से ज्यादा कलेक्शन रहा है, क्योंकि फरवरी 28 दिन का रहा है जबकि जनवरी 31 दिन का था। जनवरी में हर दिन औसतन कलेक्शन 4,464.32 करोड़ रुपए था, जो फरवरी में बढ़कर 4,750.92 करोड़ रुपए रहा। फरवरी 2020 की तुलना में इस बार 26 प्रतिशत की बढ़त आई है। इसी के साथ त्तस्ञ्ज सेस कलेक्शन भी पहली बार 10 हजार करोड़ रुपए के पार चला गया है। 2017 जुलाई से यह लगातार पांचवीं बार है जब कलेक्शन 1.30 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रहा है। इसके पहले जनवरी महीने में यह 138,394 करोड़ रुपए था, यानी उसकी तुलना में इसमें 5 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की कमी आई है।

आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2021 में कुल कलेक्शन 1,29,780 करोड़ रुपए था, जबकि नवंबर में यह 1.31 लाख करोड़ रुपए था। फरवरी 2021 में 1,13,143 करोड़ रुपए की तुलना में इस बार 20 हजार करोड़ रुपए की बढ़त हुई है। आंकड़ों के अनुसार, आयातित सामानों से त्तस्ञ्ज रेवेन्यू घरेलू लेन-देन की तुलना में 38 प्रतिशत ज्यादा रहा है।

### कोरोना में लगे प्रतिबंधों के बावजूद रेवेन्यू बढ़ा

रेवेन्यू में यह बढ़त ऐसे समय में आई है, जब जनवरी में कुछ राज्यों में कोरोना की वजह से प्रतिबंध भी लगा था। इससे यह भी संकेत मिल रहा है कि कोविड की तीसरी लहर का बहुत ज्यादा असर नहीं दिखा है और चौथी तिमाही भी ठीक- ठाक रहने वाली है।

### त्तष्ठक्कग्रोथ पर दिखा असर

हालांकि सोमवार को आए अर्थव्यवस्था के आंकड़ों पर जरूर असर दिखा था। जीडीपी की ग्रोथ तीसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत रही, जो कि दूसरी तिमाही की तुलना में 3 प्रतिशत कम थी। हालांकि, जीडीपी पर चौथी तिमाही में भी असर दिखने की आशंका है।




# 117वें दिन भी स्थिर रहे पेट्रोल और डीजल के दाम




**देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहे**

| महानगर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| दिल्ली | 95.41 | 86.67 |
| कोलकाता | 104.67 | 89.79 |
| मुंबई | 109.98 | 94.14 |
| चेन्नई | 101.40 | 91.43 |

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रूस-यूक्रेन संकट के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों ने कुछ नरमी के बाद तेजी आयी है। देश में घरेलू स्तर पर मंगलवार को लगातार 117 वें दिन भी पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर रहे। केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमश: पांच और 10 रुपये घटाने की घोषणा के बाद पिछले साल 04 नवंबर को ईंधन की कीमतों में तेजी से कमी आई थी। इसके बाद राज्य सरकार के मूल्य वर्धित कर (वैट) कम करने के फैसले के बाद राजधानी दिल्ली में भी वैट कम करने का निर्णय लिया गया। राजधानी में गत वर्ष 02 दिसंबर को पेट्रोल लगभग आठ रुपये सस्ता हुआ था। डीजल की कीमतें हालांकि जस की तस बनी रहीं।

केंद्र द्वारा उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद अधिकांश राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों ने भी पेट्रोल और डीजल पर मूल्य वर्धित कर (वैट) कम कर दिया था, जिससे आम आदमी को काफी राहत मिली थी।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न्यूयार्क में ब्रेंट क्रूड की कीमत 99.97 डॉलर प्रति बैरल पर थी, जबकि अमेरिकी क्रूड 1.77 प्रतिशत बढ़कर 97.41 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था।

पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा होती है और उसके आधार पर प्रतिदिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

# रतन टाटा समर्थित स्टार्टअप का आईपीओ देगा मोटी कमाई का मौका

नई दिल्ली। रतन टाटा सपोर्टेड ब्लूस्टोन ज्वैलरी आईपीओ के माध्यम से फंड जुटाने की योजना बना रही है। ब्लूस्टोन ज्वैलरी भारत की अग्रणी ओमनीचैनल ज्वैलरी चेन में से एक है और वह प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गमके माध्यम से 1,500 करोड़ रुपए से अधिक जुटाने की योजना बना रही है। रतन टाटा समर्थित ज्वैलरी प्लेटफॉर्म ने पहले ही आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, आईआईएफएल सिक्योरिटीज, जेफरीज और जेएम फाइनेंशियल को आईपीओ के लिए निवेश बैंकर नियुक्त कर दिया है और उसे 12,000-15,000 करोड़ रुपए के मूल्यांकन की उम्मीद है।

ईटी के अनुसार, कंपनी अभी एक वैल्यूएशन स्तर की मांग कर रही है जिसकी अभी तक तय और पुष्टि नहीं हुई है। यह कुछ महीनों में डीआरएचपी (रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस) दाखिल कर सकता है। ब्लूस्टोन की दो ज्वैलरी निर्माण इकाइयां मुंबई में स्थित हैं, और कंपनी ने 2018 में दिल्ली में पैसिफिक मॉल में अपना पहला भौतिक स्टोर खोला, जिसमें चंडीगढ़, मुंबई और हैदराबाद में पांच और भौतिक स्थान आने वाले हैं।

भारत दुनिया में सबसे बड़ा आभूषण बाजार है और देश कटे हुए हीरे, सोने के आभूषण, चांदी के आभूषण और प्रयोगशाला में विकसित हीरे के शीर्ष निर्यातकों में से एक है। टेक्नोपैक के आंकड़ों के अनुसार, 2020 में देश में खुदरा आभूषण क्षेत्र 64 बिलियन डॉलर के साथ देश दुनिया में आभूषणों के लिए सबसे बड़े घरेलू बाजारों में से एक है।

# 10000 रुपये लगाने वाले भी बन गए करोड़पति, टाइटन ने चमका दी लोगों की किस्मत

**नई दिल्ली।** टाइटन ने बतौर ब्रांड न सिर्फ भरोसा जीता है, बल्कि लोगों को मालामाल भी किया है।

कंपनी के शेयरों ने ताबड़तोड़ रिटर्न दिया है। टाइटन के शेयरों में सिर्फ 10,000 रुपये लगाने वाले लोग करोड़पति बन गए हैं। कंपनी के शेयरों ने पिछले 20 साल से कम में निवेशकों को 1,00,000 पर्सेंट से ज्यादा का रिटर्न दिया है। टाइटन का मार्केट कैप करीब 2.26 लाख करोड़ रुपये है। टाइटन कंपनी, टाटा ग्रुप और तमिलनाडु इंडस्ट्रियल डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन का ज्वाइंट वेंचर है।

### 10,000 रुपये के बन गए 1 करोड़ रुपये से ज्यादा

टाइटन कंपनी के शेयर 8 मार्च 2002 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 2.35 रुपये के स्तर पर थे।



कंपनी के शेयर 28 फरवरी 2022 को एनएसई में 2,556 रुपये पर बंद हुए हैं। अगर किसी व्यक्ति ने 8 मार्च 2002 को टाइटन के शेयरों में सिर्फ 10,000 रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में यह पैसा 1.08 करोड़ रुपये होता। टाइटन के शेयरों ने पिछले 20 साल से कम में इनवेस्टर्स को करीब 108,765 पर्सेंट रिटर्न दिया है।

### 1 लाख रुपये लगाने पर होते 10 करोड़ रुपये से ज्यादा

अगर किसी व्यक्ति ने टाइटन के शेयरों में 8 मार्च 2002 को 1 लाख रुपये लगाए होते तो मौजूदा समय में यह पैसा 10.8 करोड़ रुपये होता। टाइटन के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 2,687.25 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो-लेवल 1,400.05 रुपये है।

टाइटन में टाटा ग्रुप की हिस्सेदारी 25.02 फीसदी है। टाइटन में तमिलनाडु सरकार की हिस्सेदारी 27.88 फीसदी है।

# महंगाई की मार : कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 105 रुपए महंगा हुआ



नई दिल्ली। महीने के पहले दिन यानी 1 मार्च को 19 किलो वाले कॉमर्शियल स्रूक्र सिलेंडर की कीमत में 105 रुपए की बढ़ोतरी हुई है।

दिल्ली में अब यह 2,012 रुपए का मिलेगा। नई कीमत आज से ही लागू हो गई है। 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पिछले महीने 1 फरवरी को 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 91.50 रुपए की कटौती की गई थी। दिल्ली में तब 1907 रुपए का सिलेंडर हो गया था।

दिल्ली में बिना सब्सिडी वाले 14.2 किग्रा सिलेंडर के दाम 899.50 रुपए हैं। कोलकाता में रसोई गैस सिलेंडर का भाव 926 रुपए, मुंबई में 899.50 रुपए हैं। चेन्नई में बिना सब्सिडी वाले सिलेंडर की कीमत अब 915.50 रुपए है।

**दिल्ली में 2 हजार रुपए के पार हुए दाम**

**19 किग्रा कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की नई कीमतें**

दिल्ली में 19 किग्रा कॉमर्शियल गैस की कीमत 105 रुपए बढ़कर 2,012 रुपए हो गई है। कोलकाता में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 108 रुपए बढ़कर 2,095 रुपए हो गई। पहले इसकी कीमत 1,987 रुपए थी। मुंबई में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1857 रुपए हो गई है। चेन्नई में 19 किलो के कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 2145.5 रुपए हो गई है।

# ईएसडीएम, एम्बेडेड डिजाइन और सेमीकंडक्टर नवाचार में नए अवसर पैदा हुए हैं : राजीव चंद्रशेखर

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि भारत आज प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल तथा प्रयोग के संदर्भ में एक जबरदस्त बाजार का प्रतिनिधित्व करता है। यह एक ऐसे देश का प्रतिनिधित्व करता है जहां नवाचार इको-सिस्टम और कार्यनिष्पादन वाले उद्यमियों के एक सशक्त इको-सिस्टम की जड़ें मजबूत हैं। सरकार की नीति और सरकारी पूंजी इन 2 तत्वों को उत्प्रेरित करने और एक स्थायी इको-सिस्टम बनाने जा रही है, जो आने वाले दशक में दुनिया की मांग और भारत की जरूरतों को पूरा करेगी।



श्री चंद्रशेखर ने उद्योगजगत के साझेदारों के सहयोग से वीएलएसआई सोसाइटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 35वें अंतर्राष्ट्रीय वीएलएसआई डिजाइन और एंबेडेड सिस्टम सम्मेलन 2022 में यह बात कही है। उन्होंने प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साझा करते हुए उन्होंने कहा 15 अगस्त, 2021 को प्रधानमंत्री ने हम सभी के लिए एक दृष्टिकोण रखा था, जो भारतीय प्रौद्योगिकी और नवाचार इको-सिस्टम को लेकर काफी उत्साहवर्धक है। उन्होंने अगले 10 वर्षों को भारत का %टेकेड%- प्रौद्योगिकी दशक बताया, जो एक शब्द के रूप में कई लोगों के लिए अनेक चीजों के साथ जुड़ा है। यह हमारी अर्थव्यवस्था की दिशा, प्रौद्योगिकी इको-सिस्टम की दिशा और सरकार के काम करने के तरीके को बदलने वाली प्रौद्योगिकी की शक्ति और अपने नागरिकों के जीवन को बदलने के बारे में है।

उन्होंने कहा, कोविड महामारी के दौरान भारत के कार्यनिष्पादन ने विश्व भर के पर्यवेक्षकों के बीच भारत को एक ऐसे देश के रूप में परिभाषित किया है, जिसने एक सुदृढ़ अर्थव्यवस्था, सशक्त सरकार और दृढ़प्रतिज्ञ नागरिकता के निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है। भारत ने अब तक का सबसे अधिक एफडीआई प्राप्त किया है, वर्ष 2021 के दौरान एक महीने में 3 से अधिक की दर से यूनिकॉर्न बनाए हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में अवसरों के बारे में श्री चंद्रशेखर ने कहा, आज यह स्पष्ट है कि हमारे पास ईएसडीएम (इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग) स्पेस में, एम्बेडेड डिज़ाइन स्पेस में और निश्चित रूप से सेमीकंडक्टर स्पेस में अपार अवसर हैं। विशेष रूप से सेमीकंडक्टर स्पेस के लिए हमारी महत्वाकांक्षाएं बहुत स्पष्ट हैं। इसमें फैब, जो भू-राजनीति को देखते हुए स्वाभाविक होने के साथ-साथ नवाचार, डिजाइन और प्रणालियों के आसपास के इकोसिस्टम में भी बड़े निवेश के रूप में शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत अनिवार्य रूप से डिजाइन और नवाचार इको-सिस्टम में उद्यमिता और स्टार्टअप को प्रोत्साहित करते हुए, अनुसंधान और डिजाइन इंजीनियरिंग से लेकर कारखाने, परीक्षण और पैकेजिंग कार्यबल तक कौशल प्रतिभा बनाने में सरकारी पूंजी का निवेश कर रहा है। सरकार रिड्यूस्ड इंस्ट्रक्शन सेट कंप्यूटर (आरआईएससी-5) आरआईएससी 5 और अन्य ओपन सोर्स इंस्ट्रक्शन सेट आर्किटेक्चर (आईएसए) सिस्टम के भविष्य के रोडमैप के आसपास अपने स्वयं के डिजाइन और विकासशील प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

# एसबीआईई : अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बाद रूसी संस्थाओं के साथ लेन-देन नहीं करेगा बैंक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एक रिपोर्ट के अनुसार, एसबीआई ने सैंक्शंड रूसी संस्थाओं के साथ लेन-देन करना बंद कर दिया है। रॉयटर्स के द्वारा देखे गए एक पत्र और मामले की जानकारी रखने वालों के अनुसार, यूक्रेन पर आक्रमण के बाद रूस पर लगाए गए अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के अधीन भारत का सबसे बड़ा बैंक रूसी संस्थाओं से जुड़े किसी भी लेनदेन को प्रॉसेस नहीं करेगा। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कुछ ग्राहकों को भेजे गए एक पत्र में कहा गया है कि यूएस, यूरोपीय संघ या संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध सूची में संस्थाओं, बैंकों, बंदरगाहों या जहाजों से जुड़े कोई भी लेनदेन लेनदेन की मुद्रा के बावजूद संसाधित नहीं किया जाएगा। एसबीआई ने इस मामले पर टिप्पणी मांगने वाले ईमेल या कॉल का तुरंत जवाब नहीं दिया।

एसबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारी महत्वपूर्ण उपस्थिति है और हमें यूएस और यूरोपीय संघ के नियमों का पालन करने की आवश्यकता है क्योंकि हम उन न्यायालयों में मौजूद हैं और हमें इन नियमों का पालन नहीं करने के रूप में नहीं देखा जा सकता है। रूस इस आक्रमण को विशेष अभियान कहता है लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यह किसी यूरोपीय देश पर सबसे बड़ा हमला है। इस हमले की व्यापक निंदा की जा रही है और प्रतिबंधों की चेन शुरू हो गई है। रूस के साथ गहरे व्यापार और रक्षा संबंध रखने वाले




भारत ने अब तक सार्वजनिक रूप से अपने लंबे समय से सहयोगी की निंदा नहीं की है, लेकिन हिंसा को समाप्त करने और संघर्ष को हल करने के लिए कूटनीति और बातचीत का आह्वान किया है।

### एसबीआई ने ग्राहकों को अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा

एसबीआई ने ग्राहकों को लिखे पत्र में स्वीकृत देशों से संबंधित किसी भी लेनदेन को संभालने के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतने का भी आग्रह किया।

कई प्रमुख भारतीय कॉरपोरेट घरानों के राज्य-नियंत्रित ऋणदाता के साथ गहरे संबंध हैं, जिनके पास विदेशी शाखाओं का एक बड़ा नेटवर्क है। ऊर्जा उद्योग के दो वरिष्ठ सूत्रों के अनुसार, एसबीआई ने भारतीय तेल कंपनियों से रूसी संपत्तियों में हिस्सेदारी, पिछले वर्ष रूस से प्राप्त धन और इन लेनदेन को रूट करने में शामिल ऋणदाताओं सहित रूस में उनके जोखिम के बारे में जानकारी मांगी है।

# रूस-यूक्रेन जंग से बढ़ी भारतीय गेहूं की डिमांड

नई दिल्ली। भारत के गेहूं एक्सपोर्ट में इस साल तेजी आ सकती है। इसकी वजह रूस-यूक्रेन जंग है। दरअसल, रूस और यूक्रेन दुनिया के बड़े गेहूं एक्सपोर्टर है। रूस दुनिया में गेहूं एक्सपोर्ट करने के मामले में पहले नंबर पर है तो वहीं यूक्रेन पांचवां बड़ा एक्सपोर्टर है। जंग की वजह से गेहूं का एक्सपोर्ट प्रभावित हो सकता है। इस वजह से भारत के पास बायर्स की इन्क्वायरी बढ़ गई है। यूक्रेन पिछले एक दशक में बड़ा ग्रेन एक्सपोर्टर बनकर उभरा है। इस साल इसके दुनिया में तीसरे नंबर पर रहने की संभावना थी, लेकिन यूक्रेन की सेना ने अपने पोर्ट पर कॉमर्शियल शिपिंग को सस्पेंड कर दिया है, जिससे ग्रेन और ऑयल सीड एक्सपोर्ट प्रभावित होना तय है। ऐसे में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया भी दुनिया में गेहूं का टॉप सप्लायर बन सकता है।

कजाकिस्तान, जॉर्जिया, तुर्की, इजिप्ट और पाकिस्तान टॉप 5 देश है जो रूस से गेंहूं इंपोर्ट करते हैं। वहीं यमन, लीबिया और लेबनान जैसे देश जो पहले से ही युद्ध से गुजर रहे हैं वो अपने गेहूं के लिए यूक्रेन पर निर्भर है। यमन अपनी खपत का 22 प्रतिशत यूक्रेन से इंपोर्ट करता है। लीबिया लगभग 43त्न और लेबनान अपनी खपत का लगभग आधा गेहूं यूक्रेन से इंपोर्ट करता है। इस टकराव से इन देशों में अस्थिरता और ज्यादा बढ़ सकती है। लगातार पांच रिकॉर्ड फसलों के बाद, भारत के पास गेहूं का बड़ा भंडार है। लेकिन, गेहूं के अनफवरेबल ग्लोबल रेट के कारण इसके शिपमेंट में परेशानी आई। ओलम एग्रो इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट नितिन गुप्ता ने रॉयटर्स को बताया कि ब्लैक सी बेल्ट दुनिया का सबसे बड़ा गेहूं सप्लायर है, लेकिन मौजूदा अनिश्चितता को देखते हुए, डिमांड भारत में शिफ्ट हो जाएगी। इसके अलावा, वर्ल्ड मार्केट में गेहूं की उपलब्धता वैसे भी अप्रैल-मई तक सीमित रहती है।

## शार्ट न्यूज

### न्यूजीलैंड को 198 रन से हराकर दक्षिण अफ्रीका ने 1-1 से ड्रा कराई सीरीज

क्राइस्टचर्च। कैगिसो रबादा ( 106 रन पर आठ विकेट), मार्को यान्सन ( 161 रन पर सात विकेट) और केशव महाराज ( 121 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें और आखिरी दिन मंगलवार को न्यूजीलैंड को 198 रन से हरा कर दो मैचों की सीरीज को 1-1 से ड्रॉ कर दिया। न्यूजीलैंड ने आज अपने कल के स्कोर चार विकेट पर 94 रन से आगे खेलना शुरू किया। डेवोन कॉनवे और टॉम ब्लंडेल ने टीम की मैच में वापसी या कम से कम मैच को ड्रॉ कराने के लिए पूरी कोशिश की। दोनों बल्लेबाज पांचवें विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी कर इस ओर आगे बढ़े भी, लेकिन युवा दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लूथो सिपमला ने 166 के स्कोर पर कॉनवे को पगबाधा आउट कर दिया। इसके बाद रबादा, यान्सन और महाराज की घातक गेंदबाजी के आगे न्यूजीलैंड के ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई और 93.5 ओवर में 227 रन पर ऑलआउट हो गई। कॉनवे 13 चौकों की मदद से 188 गेंदों पर सर्वाधिक 92, जबकि ब्लंडेल सात चौकों के सहारे 109 गेंदों पर 44 रन बना कर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका के लिए रबादा ने दोनों पारियों में कुल 106 रन पर आठ, यान्सन ने 161 रन पर सात और महाराज ने 121 रन पर चार विकेट लिए। वहीं बल्लेबाजी में पहली पारी में सारेल एरवी ने 108 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि दूसरी पारी में काइल वेरेने ने शतक जड़ा। उन्होंने 187 गेंदों पर नाबाद 136 रन बनाए। वहीं न्यूजीलैंड की तरफ से कॉलिन दी ग्रैंडहोम ने नाबाद 120 रन बनाए। रबादा को शानदार गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और न्यूजीलैंड के मैट हेनरी को पूरी सीरीज में 14 विकेट लेने और एक अर्धशतक बनाने के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' पुरस्कार मिला।

### रुशिल खोसला जूनियर डेविस कप 2022 क्वालीफाइंग इवेंट में देश का नेतृत्व करेंगे

मोहाली। चंडीगढ़ की राउंडग्लास टेनिस अकादमी में प्रशिक्षण लेने वाले रुशिल खोसला आगामी जूनियर डेविस कप 2022 क्वालीफाइंग इवेंट में भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे, जिसका आयोजन 4-9 अप्रैल के बीच मलेशिया में होगा। पंद्रह वर्षीय खोसला अंडर-16 आयु वर्ग में भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं जबकि अंडर-18 वर्ग में तीसरे स्थान पर काबिज़ हैं। वर्तमान में रुशिल अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) जूनियर रैंकिंग में 152वें स्थान पर हैं। खोसला ने कहा, जूनियर डेविस कप में भारत के लिए खेलना हमेशा से मेरा लक्ष्य रहा है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने को लेकर मैं ख़ुशी महसूस कर रहा हूँ। मैं अपने परिवार और कोच आदित्य सचदेवा सर का आभारी हूं, जिन्होंने मुझे लगातार सपोर्ट किया । मैं अपने प्रदर्शन से उन्हें गौरवान्वित करने की पूरी उम्मीद करता हूँ। राउंडग्लास टेनिस अकादमी के टेक्निकल डायरेक्टर (तकनिकी निदेशक) आदित्य सचदेवा ने कहा, हमारी अकादमी के लिए यह अद्भुत क्षण है। हमारा लक्ष्य व्होलिस्टिक वेल्बीइंग के माध्यम से विश्व स्तरीय एथलीटों का विकास करना एवं उन्हें खेलने के मौके प्रदान करना है। हमारी आकदमी का लक्ष्य भविष्य के लिए रोल मॉडल तैयार करना है एवं भारतीय टीम के लिए रुशिल का चयन निश्चित रूप से कई उभरते हुए खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा। हम उसे ढेर सारी शुभकामनाएं देते हैं। जूनियर डेविस कप की शुरुआत 1985 में आईटीएफ द्वारा, 'वर्ल्ड यूथ कप' के रूप में हुई थी, जो 16 वर्ष और उससे कम आयु वर्ग के लड़कों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय टीम प्रतियोगिता है। दुनिया भर के देश रीजनल क्वालीफाइंग स्पर्धाओं में प्रवेश करते हैं, जिसमें 16 राष्ट्र फाइनल में पहुंचते हैं। इन वर्षों में, दुनिया भर के कई प्रमुख टेनिस सितारों जैसे रोजर फेडरर, राफेल नडाल और एंडी रोडिक ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया है।


### ईस्ट बंगाल से ड्रा खेलकर नॉर्थईस्ट फिसड्डी होने से बची

वास्को। एससी ईस्ट बंगाल से 1-1 का ड्रा खेलकर नॉर्थईस्ट यूनाइटेड हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 में फिसड्डी होने बच गई। लेकिन वास्को डे गामा स्थित तिलक मैदान स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के इस परिणाम से रेड एंड गोल्ड का फिसड्डी रहना तय हो गया है। नॉर्थईस्ट के मिडफील्डर जो ज़ोहेर्लियाना को शानदार प्रदर्शन के लिए हीरो ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने पांचवें ड्रा से इस सीजन की समाप्ति दसवें स्थान पर रहकर की है। कोच खालिद जमील के हाईलैंडर्स 20 मैचों में मात्र तीन जीत और पांच ड्रा से 14 अंक बटोर सके। वहीं, स्पेनिश कोच मारियो रिवेरा की रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड को अभी एक मैच और खेलना है लेकिन उसका तालिका में सबसे निचले 11वें स्थान पर बने रहना तय है। ईस्ट बंगाल 19 मैचों में एक जीत और आठ ड्रा से 11 अंक जुटा चुकी है। मैच का पहला गोल तीन मिनट के स्टॉपेज टाइम 45+2वें मिनट में आया, जब मार्को साहनेक ने गतिरोध तोड़ते हुए नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को 1-0 से आगे कर दिया। 55वें मिनट में क्रोएशियाई फॉरवर्ड एटोनिओ पेरोसेविच ने पेनल्टी किक को गोल में तब्दील करके ईस्ट बंगाल को 1-1 की बराबरी दिला दी। इस परिणाम के बाद इस सीजन में दोनों टीमों के बीच मुकाबलों में पलड़ा नॉर्थईस्ट के पक्ष में रहा। क्योंकि पिछली बार जब सीजन के पहले चरण में ये दोनों टीमें भिड़ी थीं, तो नॉर्थईस्ट यूनाइटेड 2-0 से जीती थी।

### स्वितोलिना ने रूसी खिलाड़ी के खिलाफ खेलने से किया इनकार

कीव। यूक्रेन की टेनिस स्टार एलिना स्वितोलिना ने मॉन्टेरी ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। वह मंगलवार को पहले दौर में रूस की अनास्तासिया पोटापोवा के खिलाफ खेलने वाली थी। दुनिया की 15वीं रैंक की खिलाड़ी स्वितोलिना ने एसोसियेशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल्स (एटीपी), महिला टेनिस एसोसियेशन (डब्ल्यूटीए) और अंतरराष्ट्रीय टेनिस संघ (आईटीएफ) से रूसी या बेलारूसी नागरिकों को बिना किसी राष्ट्रीय प्रतीक, झंडे या गान के केवल एथलीटों के रूप में स्वीकार करने के लिए आईओसी की सिफारिशों का पालन करने का अनुरोध किया है। यूक्रेनी खिलाड़ी ने कहा कि वह कल मॉन्टेरी में नहीं खेलेंगी और न ही रूसी या बेलारूसी टेनिस खिलाड़ियों के खिलाफ कोई अन्य मैच खेलेंगी। उन्होंने कहा, मैं किसी भी रूसी एथलीट को दोष नहीं देती। वे हमारी मातृभूमि पर हमला के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। इसके अलावा मैं सभी खिलाड़ियों को विशेष रूप से रूसी और बेलारूसियों को धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने युद्ध के खिलाफ बहादुरी से आवाज उठाई। उनका समर्थन जरूरी है।

### यूक्रेनी खिलाड़ियों ने डब्ल्यूटीए से रूस की निंदा करने की मांग की



**कीव।** यूक्रेनी टेनिस खिलाड़ी मार्ता कोस्त्युक और लेसिया त्सुरेंको ने अपने देश में रूसी सैन्य कार्रवाई की निंदा नहीं करने के लिए महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) की आलोचना की। कोस्त्युक और त्सुरेंको दोनों ने ट्वीट किया,हमारी मातृभूमि की स्थिति पर प्रतिक्रिया की कमी पर काफी आश्चर्य और असंतोष हैं। उन्होंने कहा,हम डब्ल्यूटीए से मांग करते हैं कि डब्ल्यूटीए तुरंत रूसी सरकार की निंदा करें, सभी खेलों को रूस से बाहर आयोजित करें और ऐसा करने के लिए आईटीएफ से संपर्क करें। यूक्रेनी खिलाड़ियों डब्ल्यूटीए से आईओसी के मार्गदर्शन का पालन करने का आग्रह किया, जिसने रूस पर खेल प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है। उन्होंने ट्वीट किया,युद्ध बंद करो। रूसी आक्रमण बंद करो। हमारे घरों में शांति लाओ। मानव बनो।

# मंधाना के अर्धशतक से भारत ने दूसरे अभ्यास मैच में वेस्टइंडीज़ को हराया





रंगोरा। भारत ने विश्व कप से पहले अपने दूसरे अभ्यास मैच में वेस्टइंडीज़ को मंगलवार को 81 रनों से हरा दिया।

इससे पहले भारत ने रविवार को दक्षिण अफ़्रीका पर एक अन्य अभ्यास मैच में जीत दर्ज की थी। भारत ने अपने दोनों अभ्यास मैचों को जीतने के साथ मुख्य टूर्नामेंट में प्रवेश किया। स्मृति मंधाना (66) और दीप्ति शर्मा (51) के अर्धशतकों से भारत ने 258 रन का स्कोर बनाया और फिर गेंद से संयुक्त योगदान के साथ गेंदबाज़ों ने वेस्टइंडीज़ को नौ विकेट पर 177 रन पर रोक दिया। दूसरी ही गेंद पर शेफ़ाली वर्मा के आउट होने के बाद मंधाना और दीप्ति ने दूसरे विकेट के लिए 117 रनों की साझेदारी की। शेफ़ाली का ख़राब फ़ॉर्म जारी रहा। न्यूज़ीलैंड के खिलाफ चौथे और पांचवें वनडे में भी वह 0 और 9 का स्कोर ही बना पाई थी, लेकिन भारत को मंधाना की फ़ॉर्म से राहत मिलेगी जिन्होंने बुधवार को पाकिस्तान के ख़िलाफ़ होने वाले पहले वनडे से पहले 67 गेंद में 66 रन बनाए। पहले अभ्यास मैच में दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ़ शबनम इस्माइल की गेंद मंधाना के सिर में लग गई थी, जिसके बाद उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा था।

मिताली राज और यास्तिका भाटिया ने भी वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ 30 और 42 रन की अहम पारियां खेली। चेरी एन फ़ेज़र के मंधाना को आउट करने के बाद भारत एक समय मुश्किल में था, जब उन्होंने 53 रन के भीतर तीन विकेट गंवा दिए।

भारत का स्कोर 27 ओवर में 142 पर से सीधा 37 ओवर में 195 पर 5 हो गया। फ़्रेज़र ने दीप्ति को भी आउट किया और पांच ओवर में 24 रन देकर दो विकेट लिए।

करिश्मा रामहैरक और हेली मैथ्यूज़ ने भी दो-दो विकेट बांटे, लेकिन वेस्टइंडीज़ के बल्लेबाज़ों ने गेंदबाज़ों की मेहनत पर पानी फेर दिया। वेस्टइंडीज़ 53 रनों पर ही अपने चार शीर्ष बल्लेबाज़ों को गंवा चुका था।

यहां, पूजा वस्त्रकर ने दो जबकि दीप्ति और मेघना सिंह ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। मैथ्यूज़ और शमैन कैंपबेल ने टीम को थोड़ा संभाला और स्कोर को 122 रन तक ले गई, लेकिन 38वें ओवर में मेघना ने मैथ्यूज़ को 44 रन पर आउट कर दिया।

इसके बाद वेस्टइंडीज़ का ज़रूरी रन रेट लगातार बढ़ता चला गया, 73 गेंद में उन्हें 137 रन की दरकार थी और वस्त्रकर ने वेस्टइंडीज़ की आख़िरी उम्मीद कैंपबेल को 63 रन पर बोल्ड कर दिया। वेस्टइंडीज़ का निचला क्रम ज़्यादा कुछ नहीं कर सका। पूजा ने जहां तीन विकेट लिए, वहीं मेघना, दीप्ति और राजेश्वरी गायकवाड़ ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। संक्षिप्त स्कोर : भारत महिला 258 (स्मृति मंधाना 66, दीप्ति शर्मा 51, फ़्रेज़र 2-24) वेस्टइंडीज़ महिला 177 पर 9 (शेमैन कैंपबेल 63, पूजा वस्त्रकर 3-21, मेघना सिंह 2-30)

## महाराष्ट्र सरकार ने आईपीएल के लिए 25 फीसदी दर्शकों की दी अनुमति



एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) और महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमएचसीए) को आईपीएल 2022 के लिए स्टेडियम्स में 25 प्रतिशत दर्शकों को प्रवेश देने की अनुमति दी है।

क्रिकबज के मुताबिक महाराष्ट्र के मंत्री आदित्य ठाकरे ने 27 फरवरी को एमसीए के अधिकारियों से मुलाकात की और आईपीएल के लिए हर संभव मदद का वादा किया।

इस दौरान वह आईपीएल मैचों के लिए स्टेडियम्स में 25 प्रतिशत दर्शकों की अनुमति देने पर सहमत हुए। उल्लेखनीय है कि एमसीए और एमएचसीए आईपीएल के 15वें संस्करण की मेजबानी क्रमश- मुंबई और पुणे में करेंगे। मुंबई में जहां 55, वहीं पुणे में 15 मैच खेले जाएंगे।

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) ने 27 फरवरी को भारत और श्रीलंका के बीच तीसरे और आखिरी टी-20 मैच के लिए 10 हजार से अधिक दर्शकों को अनुमति दी थी, हालांकि मोहाली में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में चार से आठ मार्च तक भारत-श्रीलंका के बीच खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच में दर्शक नहीं दिखेंगे, जबकि बेंगलुरु का एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में दूसरे डे-नाइट टेस्ट मैच में दर्शकों का स्वागत करेगा। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने पुष्टि की है कि 12 से 16 मार्च तक भारत-श्रीलंका के बीच डे-नाइट टेस्ट मैच के लिए 50 प्रतिशत दर्शकों को (लगभग 15 हजार) अनुमति दी जाएगी।

## पेले को अस्पताल से छुट्टी मिली

रियो डी जेनेरो। ब्राजील के महान फुटबाल खिलाड़ी पेले को यूरिनरी ट्रेक्ट इंफेक्शन से उबरने के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। इस बात की जानकारी उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों ने दी। कैंसर का इलाज करवाने के लिए पेले 13 फरवरी को साओ पाउलो के अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल में भर्ती हुए थे, जहां 81 वर्षीय खिलाड़ी को संक्रमण का सामना करना पड़ा। अस्पताल ने कहा कि फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। वह यूरिनरी ट्रेक्ट इंफेक्शन से उबर चुके हैं। लेकिन कोलन ट्यूमर के लिए उनका इलाज अभी भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि पेले को शनिवार को छुट्टी दे दी गई थी।उल्लेखनीय है कि तीन बार के विश्वकप विजेता खिलाड़ी सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों के साथ अपने स्वास्थ्य की जानकारी साझा करते रहते हैं। महानतम खिलाड़ियों में से पेले ने 1363-मैचों में 1281 गोलों का विश्व रिकॉर्ड बनाया, जो 21 साल तक चला।

## पीसीबी और सुरक्षा एजेंसियों ने किया एश्टन एगर के ख़िलाफ़ मिली धमकी को ख़ारिज

**सिडनी।** सोशल मीडिया पर एश्टन एगर को पाकिस्तान की यात्रा के ख़िलाफ़ चेतावनी देने की धमकी की पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड और सरकारी सुरक्षा एजेंसियों ने जांच की और इसे खारिज कर दिया। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने सोमवार को बताया कि एगर के साथी को कथित तौर पर इंस्टाग्राम पर धमकी जारी की गई थी।




क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और पीसीबी दोनों ने इस मामले पर एक बयान जारी कर कहा, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को एक सोशल मीडिया पोस्ट की जानकारी है, जिसकी जांच पीसीबी, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त सरकारी सुरक्षा एजेंसियों द्वारा की गई है। इस तरह की सोशल मीडिया धमकी के लिए पूरी तरह से तैयारी की गई है, जहां तक लग रहा है चिंता वाली बात नहीं है। हम अभी इसके अलावा कुछ भी बयान नहीं दे सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया की टीम तीन टेस्ट, तीन वनडे और एक टी20 के पूरे दौरे के लिए रविवार को पाकिस्तान पहुंची है। 1998 के बाद यह ऑस्ट्रेलिया की पहली पाकिस्तान यात्रा है।

इस्लामाबाद में उतरने पर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा था, मैं अविश्वसनीय रूप से सुरक्षित महसूस करता हूं और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा वास्तव में हमारी अच्छी तरह से देखभाल की गई है। आगमन पर बहुत सुरक्षा थी। हम सीधे विमान से उतरे थे और सीधे होटल पहुंचे। हमारे पास एक बहुत अच्छा सेट-अप है और हम खेल और प्रशिक्षण को छोड़कर होटल तक ही सीमित रहेंगे। यह सुकून देने वाला है और हम वास्तव में भाग्यशाली हैं कि इतने सारे पेशेवरों से घिरे हुए हैं। पहला टेस्ट चार मार्च को रावलपिंडी में शुरू होना है। यह पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण सीरीज़ है, जिन्हें मार्च 2009 में लाहौर में श्रीलंका टीम की बस पर हुए आतंकी हमले के बाद कई वर्षों तक तटस्थ स्थानों पर अपनी घरेलू सीरीज़ की मेज़बानी करनी पड़ी थी। 2015 के बाद से यहां पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट धीरे-धीरे लेकिन लगातार शुरू हो गया है। देश में टेस्ट क्रिकेट की वापसी को देखते हुए यहां पर अभी तक केवल तीन टेस्ट दौरे हुए हैं और ऑस्ट्रेलिया का यह दौरा यहां के क्रिकेट को संवारने में अहम भूमिका निभा सकता है।

## अमेरिका के सैक्रामेंटो चर्च में हुई गोलीबारी में पांच की मौत

वाशिंगटन। उत्तरी अमेरिका में स्थित कैलिफोर्निया राज्य के सैक्रामेंटो में एक चर्च में हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय प्रशासन ने यह जानकारी दी है।

कैलिफोर्निया के गर्वनर गेविन न्यूसम ने कहा, अमेरिका में गोलीबारी हिंसक गोलीबारी की घटना सामने आयी है, जो दिल दहलाने वाली है। चर्च के अंदर बच्चे भी थे। हमारी संवेदना मृतकों, उनके परिवारों और समुदाय के साथ है। हम स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर इसकी गहनता से जांच कर रहे हैं।

सैक्रामेंटो मेट्रो फायर की पुष्टि सीबीएस13 से हुई। जहां चर्च में सोमवार दोपहर को गोलीबारी हुई।

सैक्रामेंटो में शहर प्रशासन कार्यालय के प्रमुख एरिक गुएरा ने सोमवार को ट्वीट कर कहा, कृपया जागरूक और सतर्क रहें।

स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसी काउंटी के 2041 वायडा वे में स्थित चर्च में बड़े पैमाने पर हुई गोलीबारी की घटना की जांच कर रहे हैं। इस दौरान इलाके में मौजूद रहने के दौरान चौकस रहें।



पुलिस जवाबी कार्रवाई में जुटी हुई है। सैक्रामेंटो काउंटी शेरिफ कार्यालय के सार्जेंट रॉड ग्रासमैन ने सीबीएस के हवाले से कहा कि चर्च में हुई गोलीबारी में कुल पांच लोगों की मौत हुई है।

एक शख्स ने अपने परिवार के 4 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी और खुद को भी गोली मार ली। इस दौरान एक पांचवा शख्स भी मारा गया है। यह अभी भी स्पष्ट नहीं हुआ है कि यह पांचवा शख्स उस परिवार का सदस्य था या नहीं।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, श्री ग्रासमैन ने कल शाम को पत्रकारों से कहा, अभी तक तो यही लगता है कि मामला घरेलू हिंसा से जुड़ा हुआ है।

## विश्वभर में 10.53 अरब से ज्यादा कोरोना टीके लगाए गए

**वाशिंगटन।** विश्व में कोरोना वायरस से बचने के लिए 10.50 अरब से ज्यादा कोरोना टीके लगाए चुके हैं। पिछले 28 दिनों में विश्व भर में 70.48 करोड़ डोज दी गयी है।

पिछले 28 दिन में दुनिया भर में जहां कोरोना (कोविड-19) संक्रमण के 58 करोड़ से अधिक मामले सामने आए हैं, वहीं इस दौरान 2.83 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है।

अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के कोरोना वायरस रिसोर्स सेंटर की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक दुनियाभर में अभी तक कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 43,69,89,913 तक पहुंच गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 59,56,429 पर पहुंच गया है।

कोरोना संक्रमण के शीर्ष दस देशों में अमेरिका पहले स्थान पर है, जहां इस महामारी से अभी तक 7,90,45,043 प्रभावित हुए है और अब तक 9,50,497 लोगों की मौत हो चुकी है।



जहां 55,11,39,583 वैक्सीन डोज दी जा चुकी हैं। भारत कोरोना संक्रमण के मामले में दूसरे स्थान पर है जहां अभी तक संक्रमितों की कुल संख्या 4,29,31,045 हो गई है और 5,14,023 लोगों की मौत हुई है। देश में अब तक कोरोना के 1,77,62,48,929 टीके लगाए जा चुके हैं।

ब्राजील में अभी तक 2,87,96,571 लोग महामारी की चपेट में आ चुके हैं जबकि इसके कारण 6,49,676 लोग काल के गाल में समा गए हैं। देश में अब तक 39,19,70,436 कोरोना वैक्सीन दी जा चुकी हैं। फ्रांस में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 2,28,77,926 तक पहुंच गयी है और इस महामारी से अभी तक 1,39,382 लोगों ने जान गंवाई है। देश में अब तक वैक्सीन की 15,30,13,512 डोज दी जा चुकी हैं।

ब्रिटेन में अभी तक 1,90,21,076 लोग इस महामारी से प्रभावित हुए हैं, जबकि 1,60,599 लोगों की इस जानलेवा वायरस से मौत हो चुकी है। ब्रिटेन में अब तक 14,11,43,255 वैक्सीन डोज दी जा चुकी हैं।

रूस में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1,61,61,596 हो गई है। यहां महामारी से अब तक 3,44,655 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। साथ ही देश में 16,08,16,996 वैक्सीन डोज दी जा चुकी हैं।

जर्मनी में वैश्विक महामारी से अभी तक 1,49,12,626 लोग प्रभावित हुए हैं। देश में मृतकों का आंकड़ा 1,22,949 तक पहुंच गया है। यहां कोरोना वैक्सीन की 16,98,38,397 डोज दी जा चुकी हैं। तुर्की में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 1,40,89,456 हो गई है। देश में कोरोना संक्रमण से अब तक 94,445 लोग जान गंवा चुके हैं और कोरोना वैक्सीन की 1,45,631,632 डोज लगायी जा चुकी हैं।

इटली में संक्रमितों की कुल संख्या 1,27,82,836 तक पहुंच गयी है, जबकि देश में मृतकों का आंकड़ा 1,54,767 हो गया है। यहां अब तक कोरोना के 13,40,97,974 टीके दिये जा चुके हैं।

स्पेन में कोरोना से अब 1,09,77,524 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 97,350 लोगों की मौत हो चुकी है। देश में कोरोना के 9,86,15,715 टीके दिये गए हैं।

भारत के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में अब तक 15,10,221 कोरोना मामले दर्ज किये गए हैं। यहां 30,196 लोगों की कोरोना से मौत हुई है और 21,03,66,776 कोरोना वैक्सीन दी जा चुकी हैं।

### दूतावास ने जारी की नई एडवाइजरी; कुछ भी होने के संकेत

## यूक्रेन : 'आज ही कीव छोड़ दें भारतीय, कैसे भी निकलें'

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के खराब हो रहे हालात को देखते हुए कीव स्थित भारतीय एंबेसी ने नई एडवाइजरी जारी है। ताजा एडवाइजरी में एंबेसी ने कहा है कि छात्रों सहित सभी भारतीय नागरिकों को आज तत्काल कीव छोड़ने की सलाह दी जाती है। एंबेसी ने कहा है कि उपलब्ध ट्रेनों द्वारा या उपलब्ध किसी अन्य माध्यम से कीव को तत्काल छोड़ दें। भारतीय दूतावास ने भी लोगों से कहा है कि जैसे भी हो, वे लोग कीव शहर से बाहर निकल जाएं।

बता दें कि भारत ने युद्धग्रस्त यूक्रेन से अपने नागरिकों जिनमें अधिकांश छात्र हैं, को निकालने के लिए ऑपरेशन गंगा अभियान चलाया हुआ है। केंद्र सरकार ने यूक्रेन में फंसे छात्रों समेत




भारतीयों को बाहर निकालने की प्रक्रिया में समन्वय के लिए चार मंत्रियों को युद्धग्रस्त देश के पड़ोसी देशों मे भेजने का सोमवार को फैसला लिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीयों को निकालने के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन गंगा' में वायुसेना को भी जुड़ने का आदेश दिया। वायु सेना के हवाई जहाज़ों के जुड़ने से भारतीयों के लौटने की प्रक्रिया गति पकड़ेगी और उनकी संख्या में भी वृद्धि होगी।

इसके साथ ही भारत से भेजी जा रही राहत सामग्री भी और तेजी से पहुंचेगी। भारतीय वायु सेना के कई सी-17 विमान आज ऑपरेशन गंगा के तहत उड़ान शुरू कर सकते हैं।

## पाकिस्तान में बढ़ रही है ऑनर किलिंग की घटनाएं

दिल्ली। पिछले दो हफ्तों में दक्षिण-पश्चिमी पाकिस्तान के एक छोटे से शहर में परिवार की इज्जत की रक्षा के बहाने कम से कम एक दर्जन लोगों की उनके ही रिश्तेदारों द्वारा हत्या कर दी गई है.पाकिस्तान में ऑनर किलिंग की ताजा घटनाएं बलूचिस्तान के डेरा मुराद जमाली इलाके में हुई हैं. स्थानीय पुलिस अधिकारी सोनहारा खान ने कहा कि सोमवार 28 फरवरी को एक 18 वर्षीय महिला की हत्या कर दी गई. खान के मुताबिक पीड़िता की उसके ससुर ने कथित तौर पर अफेयर के आरोप में हत्या कर दी. इस बीच पुलिस ने जांच के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और पुलिस को बताया कि उसने इज्जत के नाम पर एक महिला और एक पुरुष की हत्या की है. आरोपी ने कहा कि उसे शक था कि दोनों एक-दूसरे से प्यार करते हैं. पांच लाख की आबादी वाला डेरा मुराद जमाली बलूचिस्तान का एक ग्रामीण इलाका है, जहां कई सालों से



ऑनर किलिंग होती आ रही है। हालांकि, हाल ही में हत्याओं में वृद्धि भी पुलिस के लिए चिंता का कारण है. पाकिस्तान में महिलाओं के अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था वीमेंस फाउंडेशन के प्रतिनिधि अलादीन खिलजी के मुताबिक, पिछले साल पाकिस्तान में 49 में से 27 ऑनर किलिंग बलूचिस्तान में हुई थीं. खिलजी ने समाचार एजेंसी डीपीए के साथ बातचीत में बलूचिस्तान में तथाकथित ऑनर किलिंग के मुख्य कारणों के रूप में पिछड़ा समाज, घटती सजा और खराब न्याय प्रणाली का हवाला दिया

पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग के मुताबिक, पाकिस्तान में हर साल करीब एक हजार महिलाओं और लड़कियों की उनके रिश्तेदारों द्वारा हत्या कर दी जाती है. कंदील बलोच के हत्यारे भाई को मां ने किया माफ, कोर्ट ने रिहा किया पिछले दिनों 2016 में मॉडल कंदील बलोच की हत्या करने वाले उनके भाई मोहम्मद वसीम को एक स्थानीय अदालत ने रिहा कर दिया था. बलोच की 2016 में गला घोंट कर हत्या कर दी गई थी. हाल के दिनों में पाकिस्तान में ऑनर किलिंग यानी इज्जत के नाम पर हत्या का यह सबसे चर्चित मामला रहा है।



## गंदी बात फेम गहना वशिष्ठ ने लिखा
# चाहिए अमीर बॉयफ्रेंड



गहना वशिष्ठ अपने विवादित बयानों और बोल्ड फोटोशूट के चलते खूब सुर्खियां बटोरती हैं। गहना ने अब सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा पोस्ट कर दिया है जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन चुका है। दरअसल एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि उन्हें एक बॉयफ्रेंड की तलाश है। साथ ही उन्होंने रात 8 बजे तक बॉयफ्रेंड को फाइनल करने की बात भी कही है। गहना वशिष्ठ की इस पोस्ट पर लोगों के खूब रिएक्शन आ रहे हैं। कई लोग गहना वशिष्ठ को इस वजह से ट्रोल भी करने लगे हैं और उनकी इस पोस्ट को पब्लिसिटी स्टंट बता रहे हैं। गहना वशिष्ठ ने इस पोस्ट को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। एक्ट्रेस ने लिखा है, मैं जल्दी में हूं...मुझे जल्द से जल्द एक बॉयफेंड चाहिए और आज रात 8 बजे तक मुझे उसका नाम लॉक करना है। तो जो भी गुड लुकिंग सिंगल, जवान और अमीर है..मुझे तुरंत मैसेज करो। गहना वशिष्ठ की इस पोस्ट को देखने के बाद लोग उन्हें बुरी तरह से ट्रोल कर रहे हैं।

## 27 साल बड़े एक्टर नवाजुद्दीन के साथ रोमांस करेंगी अवनीत

एक्ट्रेस कंगना रनौत की फिल्म टीकू वेड्स शेरू लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म में कंगना के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर रोमांस करते नजर आएंगे। दोनों की उम्र में 27 साल का अंतर है। हाल ही में इस बात को लेकर अवनीत ने बात की है। अवनीत ने कहा- एक मेल और फीमेल एक्टर के बीच उम्र के फासले को मैं समस्या के तौर पर नहीं देखती हूं। ऐसा पहले भी हुआ है लेकिन एक्टर्स की परफॉर्मेंस को सराहना मिली। यहां तक कि ऐसी बहुत सी जोड़ियों को पॉजिटिव फीडबैक भी मिला है। कंगना मैम ने पहले ही कहा है कि यह फिल्म की जरूरत थी और मैं उनसे सहमत हूं। बता दें अवनीत ने 8 साल की उम्र में शो स इंडिया डांस लिटिल मास्टर से 2010 में शुरूआत की थी। इसके बाद अवनीत अलादीन और चंद्रनंदिनी में नजर आई। इसके बाद एक्ट्रेस ने करीब करीब सिंगल और मर्दानी 2 जैसी फिल्मों में भी काम किया। अब एक्ट्रेस टीकू वेड्स शेरू में नजर आने वाली है।



## अजय देवगन के साथ काम करने से पहले घबरा गई थी -राशि खन्ना

रुद्र- द एज ऑफ डार्कनेस में अपना डिजिटल डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार अभिनेत्री राशि खन्ना ने बॉलीवुड स्टार अजय देवगन के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया है। राशि ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, मैं उनके साथ काम करने के लिए पहले तो घबराई हुई थी। लेकिन जब मैं उनसे मिली, तो मुझे एहसास हुआ कि वह कितने डाउन टू अर्थ हैं। उनके साथ बातचीत करना बहुत आसान है। इस किरदार को निभाने के लिए उनका और मेरे निर्देशक का धन्यवाद। अजय सर बहुत सहायक थे और उन्होंने मुझे बहुत सहज महसूस कराया। उन्होंने कहा, मैं कुछ सीन्स को नहीं कर पाती अगर यह उनके समर्थन के लिए नहीं होता, विशेष रूप से मेरे परिचय के लिए। वह स्पष्ट रूप से बहुत अनुभवी हैं और मैंने उनसे कैमरा एंगल के मामले में बहुत कुछ सीखा है, कुछ भावनाओं को निभाना, खेलना यह स्वाभाविक है और सूची बहुत लंबी है! सफल ब्रिटिश श्रृंखला लूथर की रीमेक, रुद्र- द एज ऑफ डार्कनेस एक पुलिस वाले की सच्चाई को उजागर करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने की यात्रा पर एक आकर्षक और डार्क टेक है। रुद्र- द एज ऑफ डार्कनेस विशेष रूप से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 4 मार्च, 2022 से हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बंगाली में उपलब्ध होगी। जाने-माने निर्देशक राजेश मापुस्कर द्वारा अभिनीत, छह एपिसोड में फैली इस श्रृंखला को मुंबई के कई अनूठे स्थानों पर शूट किया गया है और यह शहर को देश के सबसे वांछित लोगों के लेंस से फिर से कल्पना करता है। बीबीसी स्टूडियोज इंडिया के सहयोग से अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, क्राइम ड्रामा में राशी खन्ना, ईशा देओल, अतुल कुलकर्णी, अश्विनी कालसेकर, तरुण गहलोत, आशीष विद्यार्थी और सत्यदीप मिश्रा सहित कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं।



## नानी बनकर बेहद खुश हैं प्रियंका की मां

बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा बीते दिनों सरोगेसी के जरिए मां बनी हैं। प्रियंका के फैंस उनके बेबी की एक झलक पाने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि प्रियंका और निक जोनस एक बेटी के माता-पिता बने हैं। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा ने नानी बनने पर खुशी जाहिर की है, साथ ही उन्होंने अपनी नातिन के नाम के बारे में भी बात की है। उन्होंने कहा, नानी बनने की तो बहुत बहुत खुशी है मुझे। मैं पूरे समय बस मुस्कुराती रहती हूं। मैं बहुत खुश हूं। जब मधु चोपड़ा से उनके नातिन का नाम पूछा गया तो, उन्होंने कहा, अभी नाम नहीं रखा गया है। जब पंडित जी नाम निकालेंगे, तब होगा। अभी नहीं। बता दें कि 22 जनवरी 2022 को प्रियंका चोपडा और निक जोनस अनाउंस किया था कि, वे सरोगेसी के जरिए माता-पिता बन गए हैं। कपल ने स्टेटमेंट में लिखा था, हमें यह बताते हुए बेहद खुशी है कि, हमने सरोगेसी के जरिए अपने बच्चे का स्वागत किया है। उन्होंने लिखा था, इस खास मौके पर हम सम्मान पूर्वक अपनी गोपनीयता की मांग करते हैं, क्योंकि इस समय हम अपना ध्यान अपने परिवार पर केंद्रित करना चाहते हैं। सभी का धन्यवाद। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कपल ने अपने घर में एक बेटी का स्वागत किया है।

## दम लगा के हईशा के 7 साल पूरे



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने फिल्म दम लगा के हईशा से फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में भूमि ने ओवर वेट, लेकिन आत्मविश्वास से भरपूर एक लड़की संध्या के किरदार निभाया था। भूमि की डेब्यू फिल्म को रिलीज हुए 7 साल पूरे हो गए हैं। इसी के साथ भूमि पेडनेकर ने भी बॉलीवुड में 7 साल पूरे कर लिए हैं। भूमि पेडनेकर ने कहा, दम लगा के हईशा मेरे करियर का एक महत्वपूर्ण क्षण था। यदि मैं पीछे मुड़कर देखूं, तो मुझे लगता है कि अपनी पहली फिल्म के रूप में इस फिल्म का मिलना मेरे लिए वास्तव में महत्वपूर्ण था। भूमि ने कहा, महिलाओं को सही तरीके से पेश करने वाली फिल्मों का मिलना काफी मुश्किल होता है और यह तो शरीर की सकारात्मकता के बारे में साहसिक बयान दे रही थी। इस तरह की फिल्में रोज-रोज नहीं बनती हैं और महिलाओं को सिनेमा में चित्रण के लिहाज से अब एक उदाहरण बन चुकी इस खूबसूरत भूमिका के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए मैं मनीष शर्मा, शरत कटारिया, आदित्य चोपड़ा के साथ ही पूरी टीम को धन्यवाद देना चाहती हूं। भूमि पेडनेकर ने कहा, दम लगा के हईशा से मुझे एक एक्टर और परफॉर्मर के साथ-साथ एक ऐसी महिला के रूप में पहचान मिली, जो अपने काम के जरिए फेमिनिज्म को नई परिभाषा देने की कोशिश कर रही थी। मैं हमेशा से अव्वल दर्जे के सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती थी, और समाज में लड़की को देखने के नजरिए में बदलाव लाने वाले किरदारों को पर्दे पर निभाना चाहती थी। यही तो मेरे एक्टर बनने का मकसद है।



## क्या प्रेग्नेंट हैं शिबानी दांडेकर!

एक्टर फरहान अख्तर और शिबानी दांडेकर शादी के बाद से लगातार चर्चा में बने हुए हैं। कपल की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई है। हाल ही में शिबानी ने फरहान के साथ प्री-वेडिंग फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर की है, जिसे देखने के बाद फैंस कयास लग रहे हैं कि शिबानी प्रेग्नेंट है। तस्वीरों में शिबानी गोल्डन शॉर्ट ड्रेस में नजर आ रही है। इसके साथ एक्ट्रेस ने हील पहनी हुई है। मिनिमल मेकअप और हाई बन से एक्ट्रेस ने अपने लुक को कम्पलीट किया हुआ है। वहीं फरहान ब्लैक टी-शर्ट और व्हाइट पैंट में नजर आ रहे है, जिसे एक्टर ने व्हाइट ब्लेजर के साथ टीम-अप किया हुआ है।दोनों कैमरे के सामने पोज दे रहे हैं। शिबानी इस अंदाज में में खड़ी हैं, जिससे उनका बेबी बंप नजर आ रहा है, जिसे देख कर फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि क्या शिबानी प्रेग्नेंट है। फैंस कमेंट कर इस बारे में सवाल कर रहे हैं। बता दें 4 साल एक-दूसरे को डेट करने के बाद फरहान और शिबानी 19 फरवरी शादी के बंधन में बंध गए हैं। कपल की शादी मुंबई के खंडाला वाले फार्महाउस में हुई। शादी में परिवार और करीबी दोस्त ही शामिल हुए।

## मुश्किल में फंसी कंगना की लॉक अप



रविवार से प्रसारित होने वाले कंगना रनौत द्वारा होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो लॉक अप को हैदराबाद के सिटी सिविल कोर्ट ने रोक दिया है। नतीजतन, शो किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक या सोशल मीडिया पर प्रसारित नहीं होगा। शो के ट्रेलर की एक वीडियो क्लिप पर ध्यान देने के बाद, अदालत ने आगामी शो को जारी करने पर एक विज्ञापन-अंतरिम निषेधाज्ञा जारी करते हुए कहा कि यह याचिकाकर्ता सनोबर बेग की कहानी और द जेल के कॉन्सेप्ट के समान है। कॉन्सेप्ट, (जिसका स्वामित्व प्राइड मीडिया के मालिक सनोबर बेग के माध्यम से है) शांतनु रे और शीर्षक आनंद द्वारा लिखा गया था और 7 मार्च, 2018 को कॉपीराइट अधिनियम के तहत पंजीकृत है और इसे फिल्म राइटर्स एसोसिएशन में भी पंजीकृत किया गया था। याचिका से पता चला है कि अवधारणा कैसे विकसित की गई और अवधारणा विकास के विभिन्न चरणों में उनके द्वारा निवेश किए गए धन के विवरण को भी सूचीबद्ध करता है। स्थिति पर टिप्पणी करते हुए सनोबर ने कहा, जब मैंने उक्त शो का प्रोमो देखा, तो मैं सदमे में था। मैं लंबे समय से एंडेमोल शाइन के अभिषेक रेगे के संपर्क में हूं और हैदराबाद में इस विषय पर कई बैठकें की हैं। उन्होंने वादा किया था कि एक बार मार्केट बेहतर हो जाएगा तो हम इस पर काम करेंगे। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि यह शो पूरी तरह से साहित्यिक चोरी है, और कहा ये शो हमारे कॉन्सेप्ट जैसा ही नहीं, बल्कि उसकी पूरी तरह से कॉपी है।



# पायल ने लॉकअप होस्ट पर लगाए आरोप

पायल रोहतगी ने कंगना रनौत पर आरोप लगाया है कि वह मशहूर होने के लिए अब आलिया भट्ट के नाम का सहारा ले रही हैं। कंगना रनौत ने हाल ही में आलिया भट्ट की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी की जमकर बुराई की थी। कंगना रनौत ने आलिया भट्ट के लिए बिंबो और पापा की परी जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। पायल रोहतगी से कंगना रनौत के शो लॉकअप का हिस्सा बनने को लेकर सवाल किए जा रहे थे जिसके जवाब में उन्होंने ये बात कही।

**-कंगना ने किया आलिया के नाम का इस्तेमाल**

पायल रोहतगी ने कहा, वो दूसरे लोगों के नामों का इस्तेमाल क्यों करती है? मैं कह सकती हूं कि उसने आलिया भट्ट और उसकी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के नाम का इस्तेमाल किया ताकि पब्लिसिटी पा सके।

**-आलिया के बारे में कंगना ने कही थी ये बात**

कंगना रनौत ने कहा था कि पापा चाहते हैं कि उनकी परी ये साबित करे कि उनकी रॉमकॉम बेटी एक्टिंग भी कर सकती है। कंगना रनौत ने तो संजय लीला भंसाली द्वारा आलिया भट्ट को इस फिल्म के लिए कास्ट करना तक गलत बता दिया। हालांकि जब आलिया भट्ट की फिल्म में बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई करना शुरू किया तो कंगना रनौत बैकफुट पर आती दिखाई पड़ीं।

**-कंगना रनौत के एकता कपूर संग मतभेद**

एक रिपोर्टर ने जब पायल रस्तोगी से पूछा कि वह क्यों काम कर रही हैं जबकि वह पहले इस प्लेटफॉर्म की बुराई कर चुकी हैं? तो जवाब में पायल रस्तोगी ने कहा कि पर्सनल ओपिनियन आपकी प्रोफेशनल एक्विजिशन से अलग हो सकता है। पायल ने कहा कि कंगना रनौत के भी प्रोड्यूसर एकता कपूर के साथ मतभेद हैं लेकिन कंगना अभी एकता के शो की वजह से ही सुर्खियां बटोर रही हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा